CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 26 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –148 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



लाड़ली बहना योजना सिर्फ छलावा : कमलनाथ — पृष्ठ 3

■ मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!
■ प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां — पृष्ठ 4

■ विश्व मंच पर अकेले पड़ गए ट्रूडो
■ बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 के पार — पृष्ठ 9

भारत ने हांग्झोऊ में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक — पृष्ठ 10

# जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे : राहुल

## छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना का किया शुभारंभ, 1 लाख 76 हजार हितग्राही होंगे लाभान्वित

- आवास बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार देगी राशि
- 5 हितग्राहियों के खाते में एक-एक लाख की राशि का हस्तांतरण
- सभी के मकान का सपना होगा पूरा : मुख्यमंत्री
- गरीबों को आवास देने योजना सबसे पहले राजीव गांधी लेकर आये, नाम रखा इंदिरा आवास





**बिलासपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का एक्सरे है। जिस तरह एक्सरे के उपयोग से हम शरीर के बारे में जान सकते हैं और खामियां जानकर उसे दुरूस्त कर सकते हैं उसी प्रकार से जातिगत जनगणना के आंकड़ों से हम सभी वर्गों के विकास के लिए बेहतर रणनीति बना सकते हैं। सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर के परसदा में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर 'छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना' का शुभारंभ किया।

गरीबों को आवास दिलाने की छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना से चरणबद्ध रूप में कुल 10 लाख 76 हजार आवासहीन परिवार लाभान्वित होंगे। सांसद राहुल गांधी ने रिमोट का बटन दबाकर सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों और पीएमएवाय की स्थाई प्रतीक्षा सूची के 6,99,439 परिवारों के खाते में प्रथम किश्त की राशि का हस्तांतरण किया। ''छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना'' के 47 हजार 90 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम में ''मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना'' के 500 हितग्राहियों के खाते में एक-एक लाख रूपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा बिलासपुर जिले को 669 करोड़ 69 लाख रुपए के 414 विभिन्न विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। साथ ही चयनित 2594 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। नगरीय क्षेत्रों में 1117 हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र भी वितरित किया गया। साथ ही स्वसहायता समूह द्वारा संचालित गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ भी किया गया।

सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में विकास करना है तो जातिगत जनगणना के माध्यम से देश की तस्वीर जाननी होगी। ओबीसी कितने हैं, आदिवासी कितने हैं, सामान्य वर्ग के लोग कितने हैं और इनकी स्थिति कैसी है। इसका निर्धारण कर हम सभी के विकास के लिए योजनाएं बनाएं। इस बात की माँग हम लंबे समय से करते आ रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि आज एक बटन दबाते ही आप सभी के खाते में आवास योजना की राशि हस्तांतरित हुई है। छत्तीसगढ़ की सभी न्याय योजना की किश्त हम इसी तरह आप सभी के सामने अंतरित करते हैं और एक दो सेकेंड के भीतर ही राशि आपके हाथों में चली जाती है। श्री गांधी ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ की जनता से जो वायदे किए थे। उन सभी को पूरा किया। बिजली बिल हाफ, धान का उचित दाम, कर्जमाफी सारे वायदे पूरे किये। किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपए इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन भूमिहीन श्रमिकों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें भी हम नहीं भूले, उन्हें 7 हजार रुपए हर साल दे रहे हैं। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। वनाधिकार दिये गये। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा दी गई, 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है।

**सबसे पहले राजीव जी ने आरंभ की थी आवास योजना : मुख्यमंत्री**

भूपेश बघेल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि गरीबों को आवास दिलाने सबसे पहले 1985 में प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने योजना शुरू की थी। उन्होंने इस योजना का नाम रखा इंदिरा आवास। जनगणना नहीं होने की वजह से कई पात्र हितग्राहियों को भी इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। अभी जितने आवास मिल रहे हैं 2011 की जनगणना के आधार पर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी राहुल जी ने बटन दबाया और हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। एक लाख हितग्राहियों के खाते में पैसा पहुँच गया है। राहुल जी हमेशा किसान, गरीब की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। उनके हक की बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली बार राहुल जी रायपुर युवा सम्मेलन में भाग लेने आये थे। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनका आत्मीय स्वागत किया। सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन में शामिल हुए।**

**एशियन गेम्स** — निशानेबाजी और क्रिकेट टीम ने दिलाया सोना

# दूसरे दिन भारत को दो स्वर्ण सहित छह पदक





**हांगझोऊ**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। 19वें एशियन गेम्स के दूसरे दिन सोमवार को भारतीय एथलीट्स ने दो स्वर्ण पदक समेत 6 पदक जीते। चीन के हांगझोउ में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्द्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश सिंह और रुद्रांक्ष पाटिल ने देश को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। तीनों ने 1893.7 स्कोर कर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 1893.3 स्कोर के साथ चीन के नाम था। वहीं भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर दूसरा गोल्ड दिलाया। भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया।

**उप्र के स्कूल में छात्र को पिटवाने पर बोला सुप्रीम कोर्ट**

# सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए

**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में एक विशेष समुदाय के स्कूली छात्र को उसके सहपाठी के एक शिक्षिका के आदेश पर थप्पड़ मारे जाने के मामले में टिप्पणी करते हुए सोमवार को कहा कि यह घटना जिस प्रकार से घाटी, उससे सरकार की अंतरात्मा झकझोर जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उत्तर प्रदेश के स्कूलों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल किया और उस शिक्षिका के छात्रों से एक मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के लिए कहने की कथित घटना की जांच निगरानी के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को तैनात करने का राज्य सरकार को आदेश दिया। पीठ ने कहा, यह मामला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित है, जिसमें संवेदनशील शिक्षा भी शामिल है। जिस तरह से यह हुआ है, उससे राज्य की अंतरात्मा झकझोर देनी चाहिए।

पीठ ने एक छात्र को दी गई यह



सजा 'सबसे खराब शारीरिक सजा' हो सकती है। अदालत ने प्रथम दृष्टया राज्य सरकार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम और उन नियमों के अनुपालन में विफल पाया, जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न और धर्म और जाति के आधार पर उनके भेदभाव को रोकते हैं। न्यायमूर्ति ओका ने कहा, 'हम हमेशा यह स्वत: संज्ञान ले सकते हैं, क्योंकि यह संविधान के अनुच्छेद 21ए (शिक्षा का अधिकार) का सीधा उल्लंघन है।' पीठ ने सरकार की इस दलील खारिज कर दी कि तुषार गांधी द्वारा दायर याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वह महात्मा गांधी के परपोते हैं। शीर्ष अदालत ने मुकदमा दर्ज करने में हुई लंबी देरी और तरीके पर भी गंभीर आपत्ति जताई।

**सरकार के वकील बोले, घटना बढ़ा-चढ़ाकर पेश की**–सरकार का पक्ष रख रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने जब कहा कि सांप्रदायिक पहलू को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। इस पर पीठ ने उनसे पूछा, यह बहुत गंभीर मामला है। शिक्षक ने बच्चे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सार संक्षेप**

### पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल पर केस दर्ज

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितता के आरोप में राज्य के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल और पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से आए मनप्रीत के अलावा, बठिंडा नगर निगम के पूर्व आयुक्त बिक्रमजीत शेरगिल, राजीव कुमार, अमनदीप सिंह, विकास अरोड़ा और पंकज पर रविवार रात केस दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले में राजीव कुमार और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

### भाजपा ने नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की

**नई दिल्ली।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नागालैंड, मेघालय और पुडुचेरी में पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी ने बेंजामिन येपथोमी को नागालैंड, रिकमैन मोमिन को मेघालय और एस. सेल्वगनबथी को पुडुचेरी का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा नागालैंड,मेघालय और पुडुचेरी के नए प्रदेश अध्यक्षों की नई संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर अलग-अलग पत्र जारी करते हुए बताया कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी।

### पीएम मोदी विदेश जाते हैं, लेकिन मणिपुर से बचते हैं : कांग्रेस

**इंफाल।** मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही (29-3 जून) मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला।

# पीएससी 2005 में गड़बड़ी की जांच, 12 साल बाद भी न्यायालय में चालान पेश नहीं

**रायपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पीएससी में हुए एक बड़ी गड़बड़ी की जांच 12 साल पहले हो चुकी है। जांच रिपोर्ट ईओडब्ल्यू के पास है, लेकिन 12 साल बाद भी इस मामले में कोर्ट में चालान पेश नहीं हो पाया है। पीएससी 2021 में बेटे-बेटियों और नाते-रिश्तेदारों को रेवड़ी की तरह नौकरियां देने वाला पीएससी



2003 की परीक्षा में भी बड़ा कांड कर चुका है। इस मामले में बिलासुपर हाई कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक गुप्ता ने 2016 में चयन सूची निरस्त कर फिर से स्केलिंग कर रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था। मगर इसके खिलाफ सलेक्टेड अफसर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए और वहां से उन्हें स्टे मिल गया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ ने इस मामले में पीएससी के चेयरमैन अशोक दरबारी को सस्पेंड कर दिया था। राज्य सरकार ने पीएससी स्कैम को ईओडब्लू से जांच कराई का आदेश दिया था। उस समय आईजी आनंद तिवारी ईओडब्लू और एसीबी के चीफ थे। 15 जनवरी 2006 को पीएससी का मामला दर्ज हुआ था। इंस्पेक्टर सुरेश सेन को जांच अधिकारी बनाया गया। सेन ने करीब पांच साल के गहन प्रयासों के बाद 31 दिसंबर 2011 को 59 पेज की जांच रिपोर्ट पेश की थी। इसमें उन्होंने लिखा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी 90 सीटों में मिलकर लड़ेगी चुनाव

**जल्द जारी होगी प्रत्याशियों की सूची**



**रायपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जल्द ही अचार संहिता भी लागू हो जाएगी अब धीरे-धीरे राजनितिक पार्टियां भी सक्रिय होने लगी हैं। आज बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के साथ मिलकर प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है।

राजधानी में आज बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में लड़ने का एलान किया है। बहुजन समाज पार्टी 53 और 37 सीटों पर गोंडवाना पार्टी के चुनाव लड़ने पर सहमती बन गई है। इस गठबंधन में ज्यादातर महिलाओं को टिकट दिया जाएगा। रायपुर के गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के केंद्रीय कोआर्डिनेटर और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम ने संयुक्त पत्रकार वार्ता लेकर पार्टी के गठबंधन की जानकारी दी।

**हमारी विचारधार मेल खाती है : बसपा**

बसपा नेता रामजी गौतम ने कहा कि हमारी पार्टी दलित,आदिवासी पिछड़े वर्ग के साथ जल जंगल के अधिकार ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'



**हैदराबाद**, 25 सितम्बर (एजेंसी)। हैदराबाद में आयोजित 37 वें वार्षिक चैप्टर कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्टस 2023 में राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी को बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी कोतेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया। एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और श्री व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया।

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा

## सर्वसम्मति से पार्टी ने प्रस्ताव किया पास, अपने नेताओं पर टिप्पणी से थी नाराजगी

**चेन्नई**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ अपना रिश्ता खत्म कर लिया है। पार्टी के उपसमन्वयक केपी मुनुसामी ने इसका आधिकारिक एलान किया। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए गठबंधन से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा का राज्य नेतृत्व लगातार पिछले एक साल से हमारे पूर्व नेताओं, हमारे



महासचिव ईपीएस और हमारे कैडर के बारे में अनावश्यक टिप्पणी कर रहा है। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने कहा था कि उनका भाजपा के साथ कोई गठबंधन नहीं है और गठबंधन को लेकर चुनाव के समय विचार किया जाएगा। एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेता डी जयकुमार ने यह बयान दिया था। उन्होंने साफ किया था कि यह उनका निजी बयान नहीं है, बल्कि उनकी पार्टी का स्टैंड है।

**अन्नादुरई, जयललिता की आलोचना की थी**–डी जयकुमार ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई पर निशाना साधा था। उन्होंने आरोप लगाया था कि अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के दिग्गज ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सी-295 मालवाहक विमान वायु सेना के बेड़े में शामिल

**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी को पहला नया मालवाहक विमान सी-295 सौंपा इसके साथ ही यह विमान विधिवत रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया। रक्षा मंत्री ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि हिन्डन वायु सेना स्टेशन में सी-295 मालवाहक विमान के अनावरण समारोह में शामिल हुआ।



यह विमान विधिवत हवाई पट्टी के बिना आधे अधूरे बने रनवे से उड़ान भरने तथा उतरने में भी सक्षम है। इसे एवरो मालवाहक विमानों के स्थान पर वायु सेना में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विमान से वायु सेना की क्षमता बढ़ेगी और बाद में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**चेतावनी** — कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने डिसीज एक्स दिया नाम

# 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है नई महामारी

**लंदन, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज एक्स नाम दिया है।**

*वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं। म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है। कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।*

***वैक्सीन बनाने पर काम शुरू***

*ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने डिसीज एक्स के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है।*

*इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।*

***जलवायु परिवर्तन बन रहा कारण***

*इंसानों ने विकास के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती जलवायु परिवर्तन के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।*

# देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक पुलिस के गिरफ्त में

## गांव में कट्टा दिखाकर ग्रामीणों को भयभीत करने कर रहा था





**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ युवक पुलिस के गिरफ्त में गांव में कट्टा दिखाकर ग्रामीणों को भयभीत करने कर रहा था ट्रक ड्राइवर युवक गांव में कट्टा लहरा कर लोगो को कर रहा था भयाक्रांत मरवाही के ग्राम देवगवा का है। आरोपी रमेश सिंह पोर्ते जो की ट्रक ड्राइवर है अपने घर के सामने बंदूक लहरा का आने जाने वाले लोगो को भयाक्रांत कर रहा था।

मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि मरवाही के देवगांव गांव में एक युवक देसी कट्टा लेकर राहगीरों एवं आसपास के लोगों को डरा धमका रहा है भयभीत करने की नीयत से देसी कट्टे को ग्रामीणों को दिखा कर धमकी दे रहा है, मामले की जानकारी मरवाही पुलिस को लगी पुलिस ने तत्काल टीम रवाना करके घटना स्थल में पहुंचकर स्थानीय लोगों से बातचीत की तो मालूम चला का पता किया गया आरोपी पुलिस के आने की जानकारी हो गई थी जो बाड़ी में छिपा था, काफी मशक्कत के बाद आरोपी को पुलिस हिरासत में लिया। जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो बताया कि यह कोयला लेकर हाईवा में सीधी सिंगरौली की ओर जाता था जो बिहार के एक ट्रक ड्राइवर से देशी कट्टा और कारतूस 2000 में लिया था। आरोपी के निशादेही पर एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस जप्त किया गया है। फिलहाल मरवाही पुलिस वरिष्ठ अधिकारियों की सूचना के बाद पूरे मामले की पड़ताल कर रही है कि उक्त व्यक्ति को देसी कट्टा किस उद्देश्य से कि नियत से दी गई थी और इसका यह अपने गांव में उपयोग क्यों कर रहा है फिलहाल आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक के के शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक नवीन मिश्रा, आरक्षक इंद्रपाल आर्मो, नारद जगत, संजय रात्रे, महिला आरक्षक कमलेश जगत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तखतपुर में परिवर्तन यात्रा 27 को

तखतपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा 27 सितम्बर को तखतपुर के सांस्कृतिक भवन पहुंचेगी। यह जानकारी हर्षिता पाण्डेय ने दी।

## रामझुल यादव का निधन



तखतपुर, 25 सितंबर (देशबन्धु)। अरईबंद निवासी रामझूल यादव का 24 सितम्बर को निधन हो गया। वे सरपंच सरजू यादव के दादा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अरईबंद में किया गया।

## 2 अक्टूबर शुष्क दिवस घोषित

रायगढ़, 25 सितम्बर 2023/ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2023 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार) दुकानों तथा भण्डारण भाण्डागार को पूर्ण रूप से बंद रखे जाने हेतु आदेश जारी किया है।

# बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं ने मेंहदी से परिवर्तन यात्रा एवं कमल फूल उकेरा



**तखतपुर,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने एक अनूठा प्रयोग करते हुए अपने हाथों में मेंहदी से परिवर्तन यात्रा एवं कमल फूल उकेरा है।

राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडेय ने बताया कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर जबरदस्त उत्साह का वातावरण है। इसी क्रम में भाजपा कार्यालय में आज महिला कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर अपने हाथों में मेंहदी से कमल निशान बनवाया और परिवर्तन यात्रा तख़तपुर लिखाया। श्रीमती हर्षिता पांडेय ने कहा कि तख़तपुर में कार्यकर्ताओं ने बदलाव की तैयारी कर ली है और शराब बंदी की वादा खिलाफी से महिलाओं में जबरदस्त नाराजगी है। महिलाओं ने प्रण किया है कि वो ऐसे लोगों को सबक सिखाते हुए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगी। इस अवसर पर ज़िला पंचायत सदस्य श्रीमती ममता क्षेत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2024 में भाजपा की सरकार बन रही एवं महिलाओं की भूमिका निर्णायक रहेगी द्य श्रीमती नूरीता कौशिक ने कहा महिलाओं ने वादाखिलाफ़ी वाली भूपेश सरकार को उखाड़ फेकने का संकल्प लिया है द्य इस अवसर पर हर्षिता पाण्डेय ,मालती यादव, प्रतिभा देवांगन, नूरीता कौशिक, रामा कश्यप, लता कश्यप, शिवरानी कश्यप, अनु पाटकर, रानी ठाकुर, अमेरिका साहू, कांति ठाकुर, ममता क्षत्रिय, आशा ठाकुर, रविंद्र रानी सिंगरौल, ललित ठाकुर, सोनम रामानंदी, प्रिया क्षत्रिय, रितिका पाण्डेय, पुष्पा रात्रि सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बालको मंडल ने याद किया पं. दीनदयाल को



**कोरबा,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर बालको भाजपा मंडल द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष आलोक सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर, पार्षद द्वय लोकेश्वर चौहान, गंगाराम भारद्वाज, घनश्याम पटेल, गंगा पांडे ,घनश्याम पांडे, शशिकांत चंद्रा,आलोक तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना रुनिझा, हेमलता, रेणु प्रसाद, माहेश्वरी गोस्वामी, शशि मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

### चिर्रा एवं कुदमुरा में खुलेंगे नवीन धान उपार्जन केंद्र

**कोरबा,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। शासन द्वारा ग्रामीणों-कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 एवं आगामी खरीफ विपणन वर्षों के लिए निम्नानुसार स्थान में नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने की अनुमति प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत कोरबा जिले के अनुसूचित क्षेत्र ग्राम चिर्रा में एवं ग्राम कुदमुरा में नवीन धान उपार्जन केंद्र संचालित किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोले जाने हेतु विभिन्न आवश्यक कार्यवाही किया जाना है। जिन स्थानों पर मंडल/उपमंडी प्रांगण उपलब्ध है उनका उपयोग धान खरीदी हेतु किया जाए। धान खरीदी हेतु ऐसे स्थान चयन किया जाए, जहां पर्याप्त समतल एवं ऊंची भूमि उपलब्ध हो। नीची अथवा गड्ढे वाले भूमि का चयन न किया जाए। उपार्जन केन्द्रों के लिए डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य स्टॉक की व्यवस्था समितियों द्वारा की जायेगी। नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने हेतु कम्प्युटर सेट्स दो प्रिंटर, यू.पी.एस. 2 केव्हीए जनरेटर की व्यवस्था विपण संघ द्वारा की जाए। इसके अतिरिक्त यदि नवीन उपार्जन केन्द्र खोलने में व्यय आता है तो विपणन संघ द्वारा राशि अग्रिम में प्रदाय की जाये, जिसे बाद में समिति को प्राप्त कमीशन की राशि से समायोजित की जाए। नमी मापने हेतु आर्द्रतामापी यंत्र, पॉलीथीन कव्हर, डनेज मटेरियल की व्यवस्था समिति के द्वारा की जायेगी। खरीदी केन्द्र में धान बिक्री हेतु निकटस्थ ग्रामों का निर्धारण कलेक्टर के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त नवीन उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर लिया जाए।

### स्कूलों में आत्मरक्षा का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**कोरबा,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में संचालित समस्त पूर्व माध्यमिक शाला तथा हाई हायर सेकंडरी विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं हेतु आत्मरक्षा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा ने बताया कि इच्छुक संस्थाओं से जूडो, कराटे, ताइक्कांडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट या अन्य विधाओं से संबंध संस्था एवं प्रशिक्षक, प्रशिक्षण हेतु जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कोरबा लाइवलीहुड कॉलेज क्रीड़ा परिसर में 3 अक्टूबर शाम 5 बजे तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में जानकारी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, नियत समय अवधि के उपरांत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कर्मियों के रिक्त पदों पर दावा-आपत्ति 10 तक

कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन मंगाए गए थे। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 20, सहायिका के 27 व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 03 पद शामिल हैं। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन के पश्चात् अनंतिम सूची जारी कर दी गई है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**वार्षिक रखरखाव हेतु निविदा सूचना**

(1) निविदा सूचना क्रमांकः- एसएनटी-आर-2023-05 दिनांक : 15.09.2023

**कार्य का नामः** रायपुर मंडल के रायपुर स्टेशन की एकीकृत सुरक्षा प्रणाली की 36 महीने (तीन वर्ष) की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध । **निविदा मूल्यः ₹ 3479997.60, ईएमडीः ₹ 69600.00, कार्य पूर्णता की अवधिः** 36 (छत्तीस) माह।

बिडर्स अपना मूल/संशोधित बिड्स केवल 13.10.2023 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। मैनुअल आफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता
पीआर/आर/एस&टी/एएन/135 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail


# जिला जेल बैरक में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



## जेल भ्रमण कर अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान बंदियों बंदियों की जमानत पर रिहाई के संदर्भ में की गई पहचान

**रायगढ़,** 25 सितम्बर। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविन्द कुमार सिन्हा तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ श्री दीपक कुमार कोशले के द्वारा 24 सितम्बर को जिला जेल का भ्रमण किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा जारी गाइडलाइन्स अनुसार 18 सितम्बर 2023 से चलाये जा रहे अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान 2023 अन्तर्गत बंदियों की जमानत पर रिहाई के संदर्भ में जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियों से पूछताछ की गई तथा तत्संबंध में कार्यवाही हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सहायक जेल अधीक्षक को निर्देश दिये गये। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उक्त अभियान अन्तर्गत रिहाई हेतु पात्र बंदियों को चिन्हांकित किये जाने तथा लीगल एड डिफेंस कौंसिल के सहयोग से विधिक सहायता प्रदान करने तथा उनके जमानत आवेदन दाखिल करने के संबंध में कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

जिला जेल बैरक में बंदियों के लिये विधिक साक्षरता शिविर में जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार सिन्हा के द्वारा बंदियों को यह जानकारी दी कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह जानने का प्रयास करना है कि बंदियों को उनके अधिकार एवं न्यायिक लाभ प्राप्त हो रहा है अथवा नहीं। बंदियों के लिये लीगल एड डिफेंस कौंसिल की नियुक्ति की गई है। जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं, उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौंसिल मामले में पैरवी करेगा तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेगा। छोटे अपराधों में निरुद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उन्हें जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई।

शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री दीपक कुमार कोशले के द्वारा बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से उनके मामले में पैरवी हेतु निःशुल्क विधिक सेवा पैनल अधिवक्ता नियुक्त करा पाने के अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता जिला स्तर पर, उच्च न्यायालय स्तर पर तथा सर्वोच्च न्यायालय स्तर पर प्राप्त करने के बारे में बताया गया। सहायक जेल अधीक्षक श्री एस.पी.कुर्रे के द्वारा जिला न्यायाधीश को यह जानकारी दी गई कि जेल निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर से बंदी लाभान्वित हो रहे हैं। विगत तीन माह में जिला जेल से 75 बंदियों की रिहाई हुई है।

सहायक जेल अधीक्षक द्वारा बंदियों से उनकी रिहाई उपरान्त पुनः अपराध न करने की अपील की गई। जेल भ्रमण एवं विधिक साक्षरता शिविर में जेल कर्मचारीगण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**जातिगत जनगणना हिंदुस्तान का...**

आज आवास न्याय सम्मेलन में भाग लेने बिलासपुर आए हैं। आज हमने पहली किश्त जारी की है शेष किश्त भी समय-समय पर जारी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी अन्याय होता है वहां राहुल जी खड़े होते हैं। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक उन्होंने पदयात्रा की। आज राहुल जी ने गरीब लोगों के खाते में पैसा डाला है। इसके बाद खड़गे जी 28 तारीख को आयेंगे और किसानों के खाते में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किश्त जारी करेंगे। बेरोजगारी भत्ता भी 28 तारीख को हम देंगे। भूमिहीन न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों की किश्त भी हम इसी 28 तारीख को देंगे। हम हर महीने बटन दबा रहे हैं और आप के खाते में पैसे डाल रहे हैं।सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री रवींद्र चौबे, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, सांसद दीपक बैज ने भी संबोधित किया। आवास न्याय सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, सांसद बिलासपुर अरूण साव, सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, विधायक शैलेष पाण्डेय उपस्थित रहे।

**सरकार की अंतरात्मा...**

को उसके धर्म के कारण पीटने का आदेश दिया यह कैसी शिक्षा दी जा रही है? पीठ ने नटराज से कई सवाल करते हुए कहा, जांच की निगरानी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को करने दें। आरोपपत्र कब दाखिल किया जाएगा? गवाहों और बच्चे को क्या सुरक्षा दी जाएगी? हम जानना चाहते हैं। काउंसलिंग पेशेवर होनी चाहिए। पीठ ने पूछा, पिता (पीड़िता छात्र के) ने एक बयान दिया था, जिसमें आरोप लगाए गए थे कि उन्हें धर्म के कारण पीटा गया था। इस आरोप का मुकदमा में उल्लेख नहीं है। शीर्ष अदालत ने यह भी नोट किया गया कि काफी समय बीतने बाद 6 सितंबर 2023 को किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 और आईपीसी की धारा 323 और 503 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य को इस महत्वपूर्ण प्रश्न का उत्तर देना होगा कि वह (आरटीई अधिनियम के तहत) अपराध के पीड़ित को उसकी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए क्या सुविधाएं प्रदान करेगी। इस अधिनियम में कहा गया है कि राज्य बच्चे से उसी स्कूल में पढ़ाई जारी रखने की उम्मीद नहीं कर सकता। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अक्टूबर की तारीख मुकर्रर की है।

**पीएससी 2005 में गड़बड़ी की जांच...**

चेयरमैन अशोक दरबारी, परीक्षा नियंत्रक प्रो0 बीपी कश्यप और अनुविभाग अधिकारी लोमेश मढ़रिया के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, भादवि एवं 13 1 डी 13 2 पीसी एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए गए हैं।

सुरेश सेन मई 2018 में रिटायर हो गए। इस समय वे भिलाई में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे रिटायरमेंट तक इसका चालान पेश नहीं हुआ था। जांच रिपोर्ट रखी रही। अभी क्या स्थिति है, वे नहीं बता सकते। उन्होंने ये जरूर बताया कि जांच में चयनित सभी 240 लोगों को भी आरोपी बनाया गया था।

**बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ...**

को लेकर काम करने वाली पार्टी है। इसी तरह गोंगपा भी आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। दोनों पार्टियों की विचार धारा मेल खाती है। इसलिए इस बार छत्तीसगढ़ में अपनी सरकार बनाएंगे जो जनता के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, प्रदेश की जनता ने भाजपा और कांग्रेस का राज देखा है। आज यहां की जनता परेशान है युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। ना ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए दोनों पार्टी ने आपस में गठबंधन किया है।

**छत्तीसगढ़ में बनेगा आदिवासी मुख्यमंत्री**

गोंगपा के राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह ने कहा दोनों ही पार्टी संविधान में विश्वास करती है। लेकिन संविधान ने जो हक और अधिकार दिए हैं, आजादी के 76 साल बाद भी उसका सही तरह के परिपालन नहीं हो रहा है। इसलिए हम दिनों पार्टी मिलकर इस बार चुनाव लड़ रहे है। आने वाले समय में हम छत्तीसगढ़ में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाएंगे।

**बसपा 9 सीटों पर पहले ही कर चुकी प्रत्याशी घोषित**

बहुजन समाज पार्टी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से गठबंधन से पहले अगस्त महीने में 9 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। इसमें मस्तूरी, नवागढ़, जांजगीर चांपा, जैजैपूर ,पामगढ़, अकलतरा, बिलाईगढ़, बेलतरा और समारी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी उतारा है।

**जल्द जारी होगी प्रत्याशियों की सूची**

बहुजन समाज पार्टी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के गठबंधन के बाद दोनों ही पार्टियों बैठकर कर प्रत्याशियों का चयन करेगी। पार्टी से जुड़े लोगों ने बताया कि आने वाले 3 दिनों में बाकी 81 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया जाएगा ।

**गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में ...**

इस कार्यक्रम में क्वालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा,क्वालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

**अन्नाद्रमुक ने भाजपा से ...**

नेता सीएन अन्नादुरई की आलोचना की और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। अन्नामलाई ने एआईएडीएमके नेताओं के खिलाफ भी बयानबाजी की और दिवंगत पूर्व सीएम जे जयललिता की भी आलोचना की थी। एआईएडीएमके ने इस पर भी आपत्ति जताई थी। डी जयकुमार ने ये भी कहा था कि अन्नामलाई भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के लायक नहीं हैं।

**सी-295 मालवाहक विमान...**

इसके देश में ही विनिर्माण से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। स्पेन से भारत पहुंचा था-वायु सेना का नया मालवाहक विमान सी-295 स्पेन से गत बुधवार को गुजरात के वड़ोदरा वायु सेना स्टेशन पर पहुंचा था। भारत ने इस विमान के देश में विनिर्माण के लिए स्पेन स्थित एयर बस डिफेंस एंड स्पेस के साथ समझौता किया है। इसके तहत पहले वायु सेना को 16 विमान पूरी तरह तैयार हालत में मिलेंगे और बाद में इनका विनिर्माण देश में ही किया जाएगा। इस तरह यह पहला स्वदेशी मालवाहक विमान होगा।

### कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ 30 सितम्बर तक हो सकते है उपस्थित

रायगढ़, 25 सितम्बर 2023/ रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार 1 से 11 सितम्बर तक प्रवेश हेतु काऊंसिलिंग किया गया।


**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल**
संभाग-03 मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) मो.नं. 9827175003
अल्प अवधि द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना विज्ञापन क्र.-303

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-03 रायपुर अंतर्गत सामान्य आवास कॉलोनी, सेजबहार, फेस-02 रायपुर में 12 नग सीनि.एम.आई.जी.(प्लेटिनम) भवन, 05 नग एम.आई.जी. (गोल्ड) भवन, 09 नग जूनि. एम.आई.जी.-II भवन, 10 नग एल.आई.जी. (ब्रांज) भवन एवं 24 नग ई.डब्ल्यू.एस. स्वतंत्र भवन का निर्माण मय आंतरिक जलप्रदाय, स्वास्थ्य रक्षण, विद्युतीकरण एवं बाउण्ड्रीवाल सहित कार्य हेतु द्वितीय बार प्री-क्वालिफिकेशन के आधार पर 01 नग अल्प अवधि ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की गयी है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालय संभाग-03 मौलश्री विहार, रायपुर में संपर्क करें।
संवाद- 38656/2 कार्यपालन अभियंता



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र. 201/ब-121/ 2022-2023
ग्राम कोड़ाभाट तहसील पामगढ़
**ईश्तहार**

आवेदक मुकेश कुर्रे उम्र 30 वर्ष पिता श्री बाल्मिकी कुर्रे जाति सतनामी निवासी कोड़ाभाट तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. शुकन्या उम्र 21 वर्ष पिता श्री राजेन्द्र सिंह राजपुत जाति चौहान निवासी ग्राम कचन्दा तहसील नवागढ़ थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
बनाम
छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम कोड़ाभाट तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुर्रे उम्र 30 वर्ष पिता श्री बाल्मिकी कुर्रे जाति सतनामी निवासी कोड़ाभाट तहसील व थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. शुकन्या उम्र 21 वर्ष पिता श्री राजेन्द्र सिंह राजपुत जाति चौहान निवासी ग्राम कचन्दा तहसील नवागढ़ थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 11.10.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विवाह अधिकारी
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-990, द्वितीय क्रेता श्रीमती गीता पाण्डेय पति श्री गिरधर पाण्डेय के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 18.07.2012 को पंजीकृत किया गया है। उक्त भवन को द्वितीय क्रेता द्वारा अपनी बड़ी पुत्री श्रीमती बरखा रानी पाण्डेय पिता श्री गिरधर पाण्डेय को दान करना चाहती है। दान अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर



**न्यायालय अति.तहसीलदार बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ :- जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं. 30 बिजौर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CG4808121082023042
**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 30 के अंतर्गत ग्राम बजौर के वर्तमान भूमिस्वामी कमल कुमार मंडल पिता शंकर मंडल पता-रायल टाउन रोड मोपका जिला बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 390/20(0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मंजुलता गुप्ता पिता/ पति-त्रिलोकी नाथ गुप्ता पता-रविशंकर शुक्ला नगर कोरबा जिला कोरबा के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/09/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अति.तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/08/2023 को जारी किया जाता है।

सील
SHRI MUKESH KUMAR DEVWANGAN
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E&M) DIVISION, PUBLIC HEALTH ENGG. DEPTT.,BILASPUR (C.G.)**
**N.I.T.No./ 02 / 2023-2024/TS/E.E./E&M/DN./P.H.E.D./**
**Bilaspur, Dt. 21.09.2023**
**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

| Sl. No | Brief description of materials | Qty. | Estimated Cost (In Rs lakh) | Earnest Money (In Rs) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply of 6" dia(OD142m.m.) valveless/ Digger type or equivalent Hammer suitable for 150 m.m.dia tube well Drilling by, up to 300 PSI capacity Rigs. | 06 Nos | 2.867 | 8600/- |

2. last date of Receipt of application for Issue of tender documents.: 12.10.2023 Up to 5.00 pm.
3. Last date of sale of tender documents. 13.10.2023 Up to5.30 pm.
4. Last date of receipt of tender document : 16.10.2023 Up to3.00 pm.
5. Date of Opening of Financial Bid 16.10.2023 at 4.00 pm.
6. Cost of Tender Document for each group : Rs. 750/-
7. Period of supply : 30 days from date of supply order

"TERMS AND CONDITIONS"
1. Detailed specials terms and conditions can be seen at this office, during office hours. Tender forms will be provided only with the written consent of Acceptance of departmental terms conditions.
2. This short NIT will be a part of the agreement.

G- 05638/1

Executive Engineer
(E&M) Division
Public Health Engg.Deptt.
Bilaspur (C.G.)

**उवाच** "हम हमेशा भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत करते हैं। लेकिन क्या हमने कभी सोचा है कि इसकी शुरुआत कहां से होती है,इसकी शुरुआत तब होती है जब कोई मतदाता पैसे के बदले अपना बहुमूल्य वोट देता है।

-पेमा खांडू,अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35 | 27 |
| मुंबई | 27 | 27 |
| कोलकाता | 27 | 27 |
| चेन्नई | 34 | 28 |

# मोदी विदेश जाते हैं लेकिन मणिपुर का दौरा करने से बचते हैं : कांग्रेस

## मणिपुर में की जल्द से जल्द शांति व सामान्य स्थिति बहाल करने की मांग



**इंफाल, 25 सितम्बर (एजेंसियां)।** मणिपुर कांग्रेस ने सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राज्य का दौरा करना चाहिए और जल्द से जल्द शांति और सामान्य स्थिति बहाल करनी चाहिए। मणिपुर कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले ही 29-30 जून मणिपुर का दौरा कर चुके हैं और राहत शिविरों में लोगों से बात कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को राज्य का दौरा करने का समय नहीं मिला। एआईसीसी के सदस्य मैतेई ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों का लगातार दौरा किया, लेकिन लगभग पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद उन्होंने मणिपुर का दौरा करने से परहेज किया।

**पांच महीने से चल रही जातीय हिंसा के बावजूद मणिपुर से बचते हैं मोदी : निंगोम्बम बुपेंडा**

उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह, कई मंत्री, कई विधायक और यूथ ऑफ मणिपुर के नेता राज्य की स्थिति से अवगत कराने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा कर चुके हैं या राष्ट्रीय राजधानी में अभियान चला चुके हैं, लेकिन मोदी ने उनसे मिलने से इनकार कर दिया। कांग्रेस नेता ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रधानमंत्री के साथ बैठक करने को कहा ताकि राज्य का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिल सके। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल भी जाने के लिए तैयार है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा मणिपुर की क्षेत्रीय, राजनीतिक और वित्तीय अखंडता चाहती है। 3 मई को जातीय दंगा शुरू होने के बाद से कांग्रेस मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रही है। यूथ्स ऑफ मणिपुर के बैनर तले हजारों युवाओं ने हाल ही में इंफाल में प्रदर्शन किया और उनके प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनसे उन 10 आदिवासी विधायकों (जिनमें से सात भाजपा हैं) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया, जो एक अलग राज्य की मांग कर रहे हैं।

## केंद्र सरकार के विश्वासघात को उजागर करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र में पिछले सप्ताह पारित महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग करते हुए कांग्रेस आज 21 शहरों में प्रेस कांफ्रेंस करेगी जिसमें केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के विश्वासघात को उजागर किया जाएगा। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य पवन खेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कि 21 शहर, 21 महिला नेता, एक एजेंडा-महिला आरक्षण के नाम पर मोदी सरकार द्वारा किए गए विश्वासघात को उजागर करना। कांग्रेस महिला आरक्षण विधेयक को अविलंब लागू करने की मांग कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को फिर कहा कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा की 33 प्रतिशत सीटें आवंटित करके महिला आरक्षण विधेयक कल लागू किया जा सकता है। हम दृढ़ता से महसूस करते हैं कि भारतीय महिलाएं राजनीतिक व्यवस्था में उस तरह से भाग नहीं ले रही हैं जिस तरह से उन्हें लेना चाहिए। उन्हें राजनीति में भाग लेने में मदद करने का सबसे बड़ा कार्य कांग्रेस पार्टी द्वारा किया गया था, यानी, पंचायती राज में 33 प्रतिशत आरक्षण जो एक था बदलावकारी कदम था।

## गुजरात में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे मोदी

**गांधीनगर, 25 सितम्बर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितम्बर को गुजरात के छोटा उदेपुर जिले में 5206 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।



सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में एक ओर गुजरात सरकार शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, वहीं दूसरी ओर मोदी 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विभिन्न शैक्षणिक विकास कार्यों की सौगात देने जा रहे हैं।

इसके अलावा प्रधानमंत्री सड़क एवं भवन, शहरी विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं जलापूर्ति विभाग के विकास कार्यों का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विकास कार्य मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस परियोजना के अंतर्गत 4505 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। योजना के तहत 1426 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और 3079 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। जिनमें 9088 नए क्लास रूम, 12,622 क्लासरूम का उन्नयन तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाएं शामिल हैं। वह 7500 गांवों में 20 लाख लाभार्थियों के लिए विलेज वाई-फाई 223 जिलों के 7500 गांवों में 20 लाख लाभार्थियों के लिए विलेज वाई-फाई सुविधा का लोकार्पण करेंगे।

# प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को किया संबोधित



**नई दिल्ली, 25 सितम्बर (एजेंसियां)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा नौकरी नहीं बल्कि एक मिशन है जिसका सामूहिक लक्ष्य भारत को समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना है। मुर्मु ने सोमवार को यहां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात वर्ष 2021 बैच के 182 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका सेवा अधिकार, भूमिका और दायित्व किसी भी अन्य सेवा से भिन्न है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा एक मिशन है सिर्फ एक नौकरी नहीं। यह भारत और भारतीयों को सुशासन के ढांचे के तहत अग्रणी बनाने का मिशन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि निर्धनों और वंचितों की भावनाओं को समझने वाला सिविल सेवक ही वास्तव में सच्चा सिविल सेवक होता है, जो केवल नौकरशाही से अलग होता है। समाज के वंचित वर्गों का उत्थान करना सिविल सेवकों के लिए विश्वास का विषय होना चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि सिविल सेवकों को फाइल से फील्ड और फील्ड से फाइल के बीच के अन्तर को समझने का प्रयास करना चाहिए यानि उन्हें केवल कार्यालय और फाइलों से परे जाकर व्यक्तियों के कष्टों और भावनाओं को समझना होगा।

### 2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर

राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों के पास वर्ष 2047 के विकसित राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का अवसर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि अधिकारी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता के माध्यम से देश को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और प्रभावी परिवर्तन-एजेंट बन सकते हैं। मुर्मु ने आगे कहा कि देश और उसके लोगों की सेवा करना उनकी नियति है। भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना उनका सामूहिक लक्ष्य है। अधिकारी युवा नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाकर एक बड़ा योगदान दे सकते हैं।

## सार संक्षेप

### कश्मीर पुलिस ने सुलझाया हिट एंड रन मामला

**श्रीनगर।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हिट एंड रन का मामला सुलझाकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चार व्यक्तियों की जान चली गई थी। यह हादसा 22 सितम्बर को उस वक्त हुआ, जब उजरू से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने अखरोट फैक्ट्री के पास काजीगुंड में एक मारुति वैन को टक्कर मार दी। वैन बनिहाल की ओर जा रही थी। वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया था।

### मप्र के उमरिया में कार पेड़ से टकराई, पांच की मौत

**उमरिया/शहडोल।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हुई है जिनमें दो सरकारी अधिकारी बताए जा रहे हैं। पाली रोड क्षेत्र में एक आयोजन स्थल से लौट रहे लोगों की कार अनियंत्रित हो गई और वह एक पेड़ से टकरा गई। यह हादसा पाली थाने के घुनघुटी चौकी के मजगांव क्षेत्र में हुआ।

### उत्तरकाशी में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सोमवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डीएस पटवाल ने बताया कि सुबह करीब `8:35 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3. मापी गई है। भूकं प का केंद्र बिंदु जनपद के तहसील मोरी के कोठीगाड रेंज हिमाचल सीमा क्षेत्र में 31.7 उत्तरी अक्षांश व 77.98 पूर्वी देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप से किसी प्रकार की जानमाल के नुकसान की रिपोर्ट नहीं है।

### ममता ने भारतीय एथलिटों को दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चीन में आयोजित हो रहे एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलिटों को बधाई दी और कहा कि हांग्जो में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के दूसरे दिन भी भारत की जीत का सिलसिला जारी है और हम अब हम 1 पदक जीत चुके हैं। बनर्जी ने रुद्रांक बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और दिव्यांश सिंह पंवार को 1 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में सोमवार एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने और पहला स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आदर्श सिंह, अनीश भानवाला व विजयवीर सिद्धू को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में देश के लिए एक और कांस्य पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में मंत्रियों की जरूरत नहीं : पटनायक

**भुवनेश्वर, 25 सितम्बर (एजेंसियां)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) नियंत्रित करता है और मंत्रियों को इसमें भाग लेने की आवश्यकता नहीं है। राज्य विधानसभा में विपक्ष की आलोचना पर एक बयान देते हुए पटनायक ने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को सीएमओ नियंत्रित करता है और उनके निर्देशों के अनुसार सीएमओ के अधिकारी राज्य के सभी जिलों में विकेन्द्रीकृत शिकायत प्रकोष्ठ का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि एक बार याचिकाएं प्राप्त होने के बाद उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाता है और सवाल किया जाता है। इसमें मंत्री बनाम अधिकारी का मुद्दा कहां है। मंत्रियों ने याचिकाओं को हल करने में विभागों के प्रमुख के रूप में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। मेरी सरकार ने हमेशा लोगों की शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि कोविड होने से पहले सीएमओ भुवनेश्वर में शिकायतों की सुनवाई करता था और राज्य भर से लोग आते थे और अपनी शिकायतें दर्ज कराते थे। उन्हें हल करने के लिए एक मजबूत प्रणाली थी। जब कोविड हुआ तो करीब दो साल तक प्रतिबंधों के कारण सीएम शिकायत कक्ष बंद रहा। मुख्यमंत्री ने हालांकि कहा कि कोविड के बाद शिकायत कक्ष में आने वाली शिकायतों और लोगों की औसत संख्या में कमी आई है। पटनायक ने कहा कि दो साल के कोविड व्यवधान के कारण शिकायत निवारण में अव्यवस्था हुई है और उन्होंने कम से कम समय में राज्य के सभी ब्लॉकों और शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने के लिए सीएम शिकायत सेल को लोगों के दरवाजे तक ले जाने बारे में सोचा।



# लाड़ली बहना योजना सिर्फ छलावा : कमलनाथ

## पिछले चार माह से जनता की कमाई के करोड़ों रुपए फूंकने का लगाया आरोप

**भोपाल,25 सितम्बर (एजेंसियां)।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने यह दावा किया है कि इस बार लाडली बहना योजना की 10 तारीख नहीं आएगी, क्योंकि सरकार की यह योजना सिर्फ एक छलावा थी बहनों को छलने का एक तरीका था। कमलनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बहनों, सुना है इस बार 10 तारीख नहीं आ रही है। 10 तारीख आने वाली है के नाम पर पिछले चार महीनों से जनता की कमाई के करोड़ों रुपए फूंकने के बाद, इस बार शिवराज सरकार पलटी मार रही हैं। इस बार भाजपाई सरकार के कलेंडर में 10 तारीख नहीं आ रही है।

जैसे इस सरकार की ये योजना इनके लिए वोट ठगने का जरिया मात्र है, वैसे ही इनकी 10 तारीख भी छल निकली। कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि सवाल है कि फिर क्यों चार महीना तारीख याद कराने भर के लिए जनता की मेहनत और पसीने के करोड़ों रुपए



**इस बार लाड़ली बहना की दस तारीख अब नहीं आएगी, सिर्फ चार महीने के लिए थी योजना : कमलनाथ**

विज्ञापन में फूंक डाले शिवराज जी। सरकार के धन को तबाह कर उसका दुरुपयोग करते हुए भाजपा के प्रचार पर खर्च करने वाले नौटंकी मुख्यमंत्री और दोगली भाजपा के चाल, चरित्र और चेहरा का कुरूप चेहरा आम आदमी अच्छे से देख रहा है। जनता है तैयार, अब भाजपा पर होगा पलटवार। गौरतलब है कि सीएम लाड़ली बहना योजना के तहत शुरुआत में महिलाओं को महीने के 1000 हजार रुपए दिए गए। इसके बाद 25 प्रतिशत राशि बढ़ा दी गई। यानी जो महिलाएं पहले 1000 रुपए मासिक लाभ ले रही थी। 1250 रुपये मासिक किश्त सरकार की ओर से दी गई। यह किश्त महीने की 10 तारीख को डाली जाती है। बताया जा रहा है कि सीएम इस राशि को 1500 तक कर सकते हैं। प्रदेश की करीब सवा करोड़ महिलाएं इस योजना का लाभ ले रहीं हैं।

### प्रधानमंत्री को भी अपने झूठ में शामिल कर लेते हैं शिवराज : कमलनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के प्रवास से पहले कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने सोमवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की झूठ के प्रति निष्ठा जग जाहिर है। वे अपने झूठ में प्रधानमंत्री को भी शामिल कर लेते हैं। यही कारण है कि प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री मोदी भी उनसे त्रस्त हैं। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने एक्स पर लिखा कि शिवराज जी, आज आप जरा धीरज से काम लीजिएगा। प्रधानमंत्री जब भी मध्य प्रदेश आते हैं तो आप उन्हें अपने किसी न किसी झूठ में शामिल करा लेते हैं। आपकी झूठ मशीन की डबल स्पीड से मध्य प्रदेश की जनता के साथ प्रधानमंत्री भी त्रस्त हैं। इसीलिए उन्होंने पूरे चुनाव अभियान से आपको बाहर कर दिया है। आप देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं जो मुख्यमंत्री तो हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं।

# अविवाहित बहनें भी लाड़ली बहना योजना परिवार में शामिल

**भोपाल,25 सितम्बर (देशबन्धु)।** मध्य प्रदेश सरकार ने लाड़ली बहना योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब अविवाहित बेटियों को भी योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपए की धनराशि दी जाएगी। लाड़ली योजना का दायरा बढ़ने के बाद लगभग हर उम्र और समुदाय की महिला को इसका लाभ मिलेगा। पहले 23 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की विवाहित तलाकशुदा और परित्यक्ता बहनों को इसका लाभ मिलता था। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में महिलओं के लिए तरक्की के रास्ते बेहतर किए जा रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना ने बहनों के दिलों में जगह बना ली है। वहीं एक अक्टूबर से सरकार ने इस धनराशि को बढ़ा 1250 रुपए करने का निर्णय लिया है जबकि आगामी कुछ महीने में इसे दोगुना यानि 3000 रुपए प्रतिमाह किया जाना भी प्रस्तावित है। सरकार की इस पहल से समाज की महिलाओं की आर्थिक उन्नति हो रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह मिल रहे हैं, पिछले तीन माह में 3600 करोड़ रुपए की राशि बहनों के खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। जिसका सीधा फायदा महिलाओं को मिल रहा है, अब घर की जरूरतें बहनें खुद ही पूरी कर रही हैं।

**पहले 23 से 60 वर्ष की आयुवर्ग की विवाहित, तलाकशुदा व परित्यक्ता बहनों को मिलता था लाभ**

### पात्र महिलाओं को प्रतिमाह दी जा रही हजार रुपए की सहायता राशि

28 जनवरी 223 को राज्य में शुरु हुई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। अभी तक योजना के लिए 23 से 6 साल की ऐसी बहनों को शामिल किया गया जो विवाहित, तलाकशुदा या फिर परित्यक्ता हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत 21 साल की अविवाहित बहनें भी अब आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगी।

## पश्चिम बंगाल में डेंगू के मामले 38 हजार के पार

**कोलकाता, 25 सितम्बर (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि राज्य में डेंगू के मामलों की संख्या रिकॉर्ड 38,000 के आंकड़े को पार कर गई है। सोमवार तक, कुल आंकड़ा 38,181 था। लगभग हर दिन अलग-अलग जिलों से डेंगू से होने वाली मौतों की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन विभाग ने वास्तविक संख्या नहीं बताई है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चिंताजनक बात यह है कि अब उत्तर बंगाल, खासकर मालदा के कई इलाके तेजी से डेंगू की चपेट में आ रहे हैं।



उत्तर और दक्षिण बंगाल में कई डेंगू हॉटस्पॉट क्षेत्र नामित किए गए हैं, जहां नियमित आधार पर विशेष निगरानी की जा रही है। राज्य की राजधानी में मामलों में अचानक वृद्धि के बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) ने स्थिति नियंत्रण में आने तक अपने स्वास्थ्य केंद्रों को सप्ताह में सात दिन के आधार पर संचालित करने का निर्णय लिया है। केएमसी ने अगले दो महीनों के लिए अपने पूरे स्टाफ की छुट्टियां भी रद्द कर दी हैं।

## बिहार में शराबबंदी के नाम पर गरीबों की हो रही हत्या : मांझी

### शराबबंदी को लेकर नीतीश पर बोला हमला

**गया, 25 सितम्बर (एजेंसियां)।** बिहार के मुजफ्फरपुर में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत और दो लोगों के आंख की रोशनी जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एक बार फिर शराबबंदी को लेकर नीतीश कुमार को निशाने पर लिया है। गया में पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुजफ्फरपुर की घटना के विषय में पूछे गए सवाल पर मांझी ने कहा कि ऐसे तो बिहार में शराबबंदी है नहीं। इसके नाम पर गरीबों की हत्या हो रही है, गरीबों को जेल भेजा जा रहा है।



उन्होंने आगे कहा कि नीतीश कुमार अपने अहंकार में हैं। इन्हें समझ ही नहीं आता है कि क्या करें। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख मांझी ने कहा कि जब हम लोग इनके साथ थे तब भी मैंने खुद इन्हें कहा था कि आपकी शराब नीति गलत है। उन्होंने कहा कि मैंने गुजरात की तरह शराब नीति बनाने की वकालत की थी। इससे राज्य को आर्थिक लाभ भी होता और गरीब जो जहरीली शराब पीने से मर जा रहे हैं, वे भी नहीं मरेंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोग चोरी छिपे जल्दबाजी में शराब बनाते हैं और नशा के लिए कई तरह की चीजें अधिक मात्रा में डाल देते है, जिससे शराब जहरीली हो जाती है और यही गरीब पीकर मरते हैं। बड़े लोग तो महंगी शराब पीते हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार में शराबबंदी लागू है और लोगों की शराब पीने से मौत भी होती रहती है।

**योजना** *तेलंगाना में सरकारी स्कूल के छात्रों को परोसा जाएगा नाश्ता*

# स्कूल शिक्षा विभाग ने किया सप्ताहभर का शानदार मेन्यू तैयार

**हैदराबाद,25 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रथम कक्षा से दसवीं कक्षा तक के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए मुख्यमंत्री अल्पाहार योजना के तहत मुफ्त नाश्ता परोसने की योजना तैयार कर ली है। बताते चले कि स्कूल शिक्षा विभाग ने सप्ताह के प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग शानदार मेन्यू तैयार किया है।**

मुफ्त नाश्ते का दिन-वार मेनू का प्रस्ताव अब तैयार है। पौष्टिक बाजरा रवा खिचड़ी के साथ गरमागरम सांबर, स्वादिष्ट रवा पोंगल और सांबर से लेकर गेहूं की रवा खिचड़ी और चटनी तक, स्कूल शिक्षा विभाग ने मेनू का प्रस्ताव दिया है।

राज्य सरकार की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री नाश्ता (मुख्यमंत्री अल्पाहार) के तहत सरकारी स्कूल के छात्रों को नाश्ता परोसा जाएगा। यह नाश्ता स्कूल में तैयार किया जाएगा और सुबह की प्रार्थना यानी 9.30 बजे से पहले छात्रों को गर्मागर्म परोसा जाएगा। 24 अक्टूबर को छात्रों के लिए दशहरा उपहार के रूप में शुरू की जाने वाली नाश्ता योजना से विभाग के तहत संचालित 28,807 स्कूलों-सरकारी और स्थानीय निकाय, सहायता प्राप्त, मॉडल स्कूल और मदरसों में 23,05,801 छात्रों को लाभ होगा। कामकाजी माताओं के बोझ को कम करने के अलावा स्कूल जाने वाले बच्चों की पोषण को बेहतर बनाने के लिए, राज्य सरकार ने कक्षा एक से दसवीं तक के छात्रों को मुफ्त नाश्ता देने की घोषणा की है। इस योजना से उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में बेहतर प्रभाव पड़ेगा। इससे पहले, सरकार ने सरकारी और स्थानीय निकाय स्कूलों के छात्रों के लिए रागी जावा लॉन्च किया था। गुड़ के साथ मिश्रित बाजरा आधारित पूरक प्राथमिक और उच्च प्राथमिक छात्रों को हर दूसरे दिन परोसा जा रहा है। सरकार पहले से ही सरकारी और स्थानीय निकाय के स्कूली बच्चों को मुफ्त मध्याह्न भोजन उपलब्ध करा रही है।

बढ़िया चावल, दाल, सांबर, सब्जी करी, फलियां सब्जी करी और विशेष चावल जैसे सब्जी बिरयानी, बगरा चावल और पुलिहोरा भोजन की किस्में हैं जो छात्रों को भोजन के हिस्से के रूप में परोसी जाती हैं। भोजन को अधिक प्रोटीन युक्त बनाने के लिए अंडे को शामिल किया है, जो छात्रों को सप्ताह में तीन बार मध्याह्न भोजन में प्रदान किया जाता है। केंद्र और राज्य सरकारें पहली से आठवीं कक्षा के छात्रों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन पर होने वाले खर्च को 60:40 के अनुपात में साझा करती हैं। हालांकि, राज्य सरकार अकेले कक्षा नवीं और दसवीं के छात्रों के लिए भोजन की लागत के साथ-साथ अंडे की लागत वहन करती है।



- छात्रों के लिए स्कूल में ही तैयार किया जाएगा पौष्टिक नाश्ता
- 24 अक्टूबर को दशहरा उपहार के रूप में शुरू होगी नाश्ता योजना

देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार 26 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# रोजगार घटने के चिंताजनक आंकड़े

2018-19 से 2022-23 के दौरान देश में सभी तरह के रोजगार में बड़ी कमी होने के आंकड़े सामने आए हैं। नौकरियां हों या दैनिक वेतनभोगी मजदूर, बड़ी संख्या में उन्होंने आजीविका खोई है। अधिक चिंताजनक यह है कि इनमें महिलाएं अधिक हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने नौकरियां खोई हैं जिनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। ये आंकड़े ऐसे वक्त में सामने आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को खुशहाल देश बतला कर दावा कर रहे हैं कि जल्दी ही वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा जिसकी अर्थव्यवस्था का आकार 5 ट्रिलियन होगा। यह तथ्य ऐसे भी वक्त सबके समक्ष आया है जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में पारित होकर एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। विकसित व आर्थिक रूप से सशक्त समाज बनाने में कामकाजी महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है, लेकिन जिस प्रकार से इन आंकड़ों के मुताबिक औरतों के जीविकोपार्जन के साधन छीने गये हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था का क्रूर चेहरा भी उजागर करते हैं। समाज के तौर पर देश महिलाओं को लेकर पूर्वाग्रह से ग्रस्त तो पहले से ही है।

जिन लोगों ने नौकरियां खोई हैं, वे संगठित क्षेत्रों के थे और उनके वेतन बढ़िया थे। नौकरियां जाने से उनके जीवन पर क्या असर हुआ होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। असंगठित क्षेत्रों में रोजाना वेतन पर काम करने वाले मजदूरों, जिन्हें दिहाड़ी मजदूर भी कहा जाता है, उनकी संख्या 2018-19 में 14.05 करोड़ थी, जो 2022-23 में घटकर 12.7 करोड़ रह गई। सीएमआईई के अनुसार देश में कामकाजी लोगों की संख्या 40.58 करोड़ है जिनमें से पुरुष 36.77 करोड़ तथा महिलाएं 3.82 करोड़ हैं- केवल 10 प्रतिशत के आसपास। व्यवसाय हो या कृषि, वेतनभोगी हों या दिहाड़ी मजदूर, सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी काफी कम है। वैसे छोटे व्यवसाय एवं खेती-किसानी में महिलाओं के रोजगार कुछ बढ़े हैं परन्तु अभी भी सभी सेक्टरों में व्यापक बेरोजगारी का आलम है। खासकर, महिलाओं की स्थिति दयनीय है।

यह तस्वीर मोदी सरकार के बेहद खराब प्रबन्धन का नतीजा है। 2016 में लाई गई नोटबन्दी और बाद में जीएसटी कानून ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। इसके दुष्परिणाम अब तक देश भुगत रहा है। नोटबन्दी ने रातों-रात लाखों कारोबार और छोटे-मोटे कामों को बन्द कर दिया। रही-सही कसर जीएसटी ने पूरी कर दी। कई छोटे व लघु आकार की इकाइयों ने भी दम तोड़ दिया था। अनेक कारोबार व उद्योग उस वक्त जो बन्द हुए, आज तक या तो खुल नहीं पाये अथवा उनमें से बड़ी संख्या में लोगों को काम से हटाया गया। इसके बाद कोविड-19 भी कहर बनकर लोगों पर टूटा है। बड़ी तादाद में व्यवसाय और निर्माण इकाइयों को भी लॉकडाउन में बन्द करना पड़ा था। उनमें से कई उद्योगों व कारोबार के ताले आज तक नहीं खुले। सीएमआईई की ही पूर्ववर्ती रिपोर्ट में बताया गया था कि इसी साल (2023) जनवरी (7.14 प्रश) से अप्रैल (8.11) के दौरान ये आंकड़े भी सामने आये थे कि भारत में बेरोजगारी की दर हर माह बढ़ती जा रही है। अभी मई में इसका प्रतिशत 7.68 था जो जून में बढ़कर 8.45 हो गया है। हालांकि भारत सरकार इन आंकड़ों को गलत बताती है क्योंकि उसके राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के अनुसार देश में रोजगार की स्थिति सुधर रही है। वैसे लगभग सारे अर्थशास्त्री सीएमआईई के आंकड़ों को ही सही मानते हैं। आंकड़ों को एक ओर रख दिया जाये तो भी देश में बढ़ती बेरोजगारी नंगी आंखों से भी दिखती है।

वैसे भी केन्द्र सरकार रोजगार बढ़ाने के मामले में कभी भी गम्भीर नहीं रही है। उसके सारे आश्वासन कहीं दूर भविष्य में फलीभूत होने की बात करते हैं। तत्काल प्रभाव से मिलने वाले रोजगार कम ही हैं। 2014 में जब यह सरकार केन्द्र की सत्ता में आई थी, उसने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने की बात कही थी। उलटे, बेरोजगारी इतनी बढ़ी है कि अब केन्द्र सरकार ने उससे सम्बन्धित आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। इसका ऐलान भी वह कर चुकी है। अब सरकार या आर्थिक नीति पर काम करने वालों के पास ऐसी कोई व्यवस्था ही नहीं रह गई है जिसके आधार पर वे रोजगार बढ़ाने सम्बन्धी योजना बना सकें। सरकार की रोजगार बढ़ाने में कोई रुचि ही नहीं रह गई है। जो थोड़ी बहुत शासकीय नौकरियां निकलती हैं उनके नियुक्ति पत्र मोदी समारोहों के जरिये बांटते हैं और उसका उपयोग अपनी छवि सुधारने या फिर चुनावी लाभ लेने में करते हैं। गम्भीर प्रयासों का अभाव स्पष्ट दिखलाई देता है। ऐसे में बेरोजगारी और बढ़े तो आश्चर्य नहीं।

बेरोजगारों की बढ़ती संख्या का समाज पर क्या असर होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। जब देश के युवाओं के हाथों में रोजगार नहीं होंगे व जिनके पास काम हैं भी तो उन्हें जिस प्रकार से खत्म किया जा रहा है उससे एक निष्क्रिय समाज ही बनेगा जो गैर रचनात्मक होगा। वैसे भी जिस प्रकार से निजीकरण को बढ़ावा देकर लोगों की जीविका के सभी तरह के साधन छिने जा रहे हैं उसके दो कारण हैं। पहला तो यही कि कारोबार व उद्योग बंद होने से वे मोदी के मित्र उद्योगपतियों व व्यवसायियों के हाथों में चले जाएंगे। दूसरे, उन्हें सस्ता मानव संसाधन मिलेगा। महिलाओं की आय के साधन छीनना तो गरीबी को और तेजी से बढ़ायेगा।

# मोदी की चुप्पी, मोदी के बोल!


है रानी की बात नहीं है कि संसद के पांच दिन के लिए प्रस्तावित किंतु चार दिन ही चले विशेष सत्र के आखिरी दिन, सत्ताधारी पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने मुस्लिमविरोधी सांप्रदायिक गाली-गलौच का जो इतिहास कायम किया, उस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से, अपने ट्विटर एकाउंट तक से दो शब्द तक नहीं कहलवाए गए हैं। मणिपुर को जलता देखते रहने के बाद भी पूरे अस्सी दिन तक, उस पर दु:ख या पछतावे या चिंता का एक शब्द तक नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री की, अपनी पार्टी के एक सांसद के लोकसभा में खुलेआम नफरती सांप्रदायिक बोल बोलने पर चुप्पी, शायद ही किसी को हैरान करेगी। उल्टे सचाई यह है कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी, इस पूरे प्रसंग को सांप्रदायिक कंसोलिडेशन का ही हथियार बनाने की कोशिश में, उक्त संसदीय कदाचार के बाद से ही सत्ता पक्ष के अन्य मुंहों से निकले बोलों को ही, आगे बढ़ाती है।

बेशक, सत्ताधारी पार्टी के भी विशेष रूप से बदजुबान सांसदों में गिने जाने वाले, इस दक्षिण दिल्ली के सांसद ने जिस तरह भरी संसद में अपनी सांप्रदायिक नफरत की उल्टी ही कर दी और उसे संसद टीवी के जरिए तथा उससे बढ़कर सोशल मीडिया में वाइरल हुई वीडियो क्लिपों के जरिए दुनिया भर ने देख लिया, उसके बाद मोदी-शाह की भाजपा ने प्रकटत: नुकसान कम करने की भी कुछ कोशिशें की हैं। इन कोशिशों में अपनी पार्टी के दोषी सांसद को कारण बताओ नोटिस दिया जाना भी शामिल है। यह दूसरी बात है कि सभी जानते हैं कि वर्तमान सत्ताधारी पार्टी में ऐसे कारण बताओ नोटिस, तब तो झूठ-मूठ की रस्मअदायगी से रत्तीभर ज्यादा नहीं होते हैं, जब शिकायत सांप्रदायिकता की अति की हो। वास्तव में यह स्वांग भी इसलिए जरूरी हो गया था कि भाजपा सांसद ने घोर और आक्रामक सांप्रदायिक नफरत की उस सचाई को सारी दुनिया के सामने दिखा दिया, जो बार-बार तथा विभिन्न तरीकों से संघ के ईको-सिस्टम में अपना काम तो लगातार करती आ रही थी, लेकिन तिनके को ओट बनाकर। संसद के मंच पर पहली बार उसका खुलकर प्रदर्शन किया गया है। इसलिए, सत्ताधारी पार्टी के लिए, कारण बताओ नोटिस की तिनके की ओट फिर खड़ी करना जरूरी हो गया।

भारतीय जनतंत्र के दुर्भाग्य से कुछ ऐसी ही तिनके की ओट स्पीकर के पद की ओर से जुटाने की भी कोशिश की गयी। वाइरल वीडियो में सब कुछ साफ-साफ सारी दुनिया के देख लेने के बाद, लोकसभा के स्पीकर की ओर से, आपत्तिजनक शब्दों को कार्रवाई के रिकार्ड से हटा देने भर की कार्रवाई को, तिनके की ओट लेकर खुद को अलग करने की कोशिश ही कहा जाएगा। इसके अलावा, भाजपा के गालीबाज सांसद को स्पीकर ने इसकी चेतावनी भर देकर जाने दिया कि 'दोबारा ऐसा नहीं हो'! इस मामले में स्पीकर के निष्पक्षता का दिखावा तक छोड़ देने का अंदाजा सिर्फ इस एक तथ्य से लगाया जा सकता है कि इससे पहले के मानसून सत्र के आखिर में, लोकसभा में कांग्रेस ग्रुप के नेता, अधीर रंजन चौधुरी को, जो वास्तव में व्यावहारिक मानों में सदन में नेता विपक्ष हैं, सत्ताधारी पार्टी के मंत्री/ मंत्रियों के लिए ''धृतराष्ट्र'' की पौराणिक संज्ञा का प्रयोग करने के लिए ही, सदन से निलंबित कर दिया गया था। जाहिर है कि सत्ता पक्ष के सदस्यों के लिए लोकसभा अध्यक्ष का एक पैमाना है और विपक्षी सदस्यों के लिए एक अलग ही पैमाना है।

बहरहाल, तिनके की ओट में छुपने की इस मजबूरी का दायरा भी बस इतना ही था। इस पूरे प्रसंग में, संबंधित भाजपा सांसद के अलावा उस समय सदन में उसके ठीक पीछे बैठे दो पूर्व-मंत्रियों, हर्षवर्द्धन और रविशंकर प्रसाद की भी भूमिका तीखी आलोचना के दायरे में आ गयी। दोनों माननीय पूर्व-मंत्री, पूरे प्रकरण के दौरान हंस-हंसकर, अपने अनुमोदन से, अपने सांप्रदायिक गालीबाज संगी को बढ़ावा ही दे रहे थे, जो वीडिया में दर्ज भी हुआ था। इस मामले में काफी आलोचनाएं आने के बाद, रविशंकर प्रसाद ने तो एक संक्षिप्त आम खंडनात्मक बयान जारी कर, यह दावा कर के अपना दामन साफ हो गया मान लिया कि वह तो हमेशा मर्यादाओं का पालन करने में विश्वास रखते हैं, आदि। लेकिन, दिल्ली के सांसद हर्षवर्द्धन ने सोशल मीडिया में एक लंबी सफाई लिखकर अपना बचाव किया, जिसमें अपने मुस्लिम विरोधी नहीं होने का दावा किया गया था। इससे भी बेढ़ब यह कि उन्होंने यह बहाना बनाने की भी कोशिश की कि कहा-सुनी के बीच वह ठीक-ठीक सुन ही नहीं पाए थे कि उनके बगल में खड़ा उनका संगी सांसद क्या-क्या कह रहा था? लेकिन, इससे भी भयानक यह कि गंभीरता के इस सारे पाखंड के बीच, पूर्व-मंत्री ने अपने बयान में इसे बसपा सदस्य दानिश अली और भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी के बीच बहस और उत्तर-प्रत्युत्तर का मामला बनाकर, मामूली बना देने की बेशर्म कोशिश की थी।

यही सूत्र है जिसे बाद में आगे बढ़ाते हुए, भाजपा के एक और बदजुबानी के लिए कुख्यात सांसद, निशिकांत दुबे ने, यह कहने की रस्म अदायगी करने के बाद कि जो बिधूड़ी द्वारा कहा गया उचित नहीं था, स्पीकर को लिखी चिट्ठी में उल्टे बसपा सदस्य दानिश अली पर ही इसका इल्जाम लगा दिया कि वही, रमेश बिधूड़ी के भाषण के बीच में बार-बार टोक कर और प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कहकर, उन्हें भड़का रहे थे। और जैसा कि संघ-भाजपा के झूठ के प्रचार का एक जाना-पहचाना हथियार ही हो गया है, उन्होंने पीड़ित सांसद पर बाकायदा षडयंत्र का आरोप लगा दिया कि उन्होंने षडयंत्रपूर्वक भाजपा सांसद को गुस्सा दिलाया और वह ''बेचारे'' इस षडयंत्र के जाल में फंसकर, आपत्तिजनक बोल बोल बैठे! दुबे ने अपने इस पत्र के माध्यम से स्पीकर से सदन की अनुशासन समिति से पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। कहने की जरूरत नहीं है कि पीड़ित पर ही आरोप लगाने का यह पूरा खेल,



राजेंद्र शर्मा

> **याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं।**

संघ-भाजपा के अनुमोदन से ही खेला जा रहा है। इसमें अगर किसी को संदेह हो तो सोशल मीडिया में संघ की ट्रोल सेना द्वारा इस संबंध में जो कुछ कहा गया है और जिस तरह इस हास्यास्पद ''षडयंत्र सिद्धांत'' को प्रचारित किया गया है, उससे यह साफ हो जाता है कि हर्षवर्द्धन तथा निशिकांत दुबे के रास्ते, पूरा संघ परिवार सांप्रदायिक गालीबाज भाजपा सांसद के पीछे खड़ा है। हैरानी की बात नहीं है कि यह सिलसिला जल्द ही, पीड़ित सांसद को तरह-तरह की धमकियां दिए जाने तक पहुंच चुका है।

याद रहे कि यहां पहुंचकर यह सब, रमेश बिधूड़ी की शर्मनाक करतूत और सांप्रदायिक नफरती बोली से, संघ-भाजपा के बचाव से आगे बढ़कर, इस प्रकरण को ही सांप्रदायिक नफरत फैलाने का औजार बनाने तक पहुंच जाता है। यह वह जगह है जहां रमेश बिधूड़ी की सांप्रदायिक गालियां, ''गोली मारो सालों को...'' के मोदी सरकार के मंत्रियों के नारों और ''वोटिंग मशीन का बटन दबाकर...शाहीन बाग में झटका लगाने'' के देश के गृहमंत्री के नुस्खों की बगल की खड़ी नजर आती हैं। और ठीक यहीं उनकी ही बगल में प्रधानमंत्री की चुप्पी को खड़े देखा जा सकता है, इस सब का अनुमोदन करते हुए और अपने अभयदान से सब को बढ़ावा देते हुए!

दिलचस्प बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी और उनके बोल, दोनों एक ही काम करते हैं, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की धार को सान पर चढ़ाने का काम। यह संयोग ही नहीं है कि जो प्रधानमंत्री, रमेश बिधूड़ी के कारनामे पर एकदम चुप्पी साधे रहे हैं, वही प्रधानमंत्री पिछले दिनों में अपनी आत्मप्रशंसा के अलावा, एक ही मुद्दे पर विशेष रूप से मुखर रहे हैं—कथित सनातन धर्म पर उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी। यहां इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने की गुंजाइश तो नहीं है, पर इतना तो याद दिलाया ही जा सकता है कि जिस समय जी-20 के सिलसिले में विदेशी मेहमानों का भारत आना शुरू हो रहा था, उस समय भी प्रधानमंत्री मोदी को इसी सिलसिले में बुलायी गयी मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में भी, अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को इसके लिए तिकतिकाना बखूबी याद रहा था कि सनातन के मुद्दे पर ''उपयुक्त जवाब'' देना चाहिए!

उसके बाद, चुनाव की ओर बढ़ रहे राज्यों, मध्य प्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में और राजस्थान में भी, पहली ही फुर्सत में मोदी ने खुद ''उपयुक्त जवाब'' देने की कमान संभाल ली और इस प्रकरण के रास्ते विपक्षी इंडिया गठबंधन को हिंदू-विरोधी, धर्मविरोधी, भारतीय संस्कृति विरोधी और अंतत: भारत विरोधी भी घोषित कर दिया। यह इसके बावजूद था कि यह मानना संभव ही नहीं है कि मोदी इससे कतई बेखबर हो सकते हैं कि उन्नीसवीं सदी के आखिर में गुजरात से ही, हिंदी-गुजराती प्रदेश के, तथाकथित सनातन धर्म के सबसे उग्र खंडनकर्ता, स्वामी दयानंद निकले थे, जिन्होंने खुद को सनातनी कहने वाले धार्मिक-सामाजिक सुधार-विरोधी मनुवादियों के खिलाफ ही, हिंदी-पंजाबभाषी क्षेत्र में अपनी पाखंड-खंडिनी पताका गाढ़ी थी और एक के बाद एक शास्त्रार्थों के जरिए खुद को सनातनी कहने वालों को चुनौती दी थी। हैरानी की बात नहीं है मोदी की इस मुखरता में, कथित सनातनियों के मनुवाद के खिलाफ, खुद हिंदू धार्मिक तथा सामाजिक सुधारकों के उन्नीसवीं व बीसवीं सदी के वास्तविक और विराट संघर्षों पर चुप्पी भी शामिल है। याद रहे कि इससे कुछ ही पहले, कर्नाटक चुनाव की हार के फौरन बाद, मोदी की ऐसी ही मुखरता समान नागरिक संहिता पर भी सुनाई दी थी। उससे पहले कश्मीर के विनाश से लेकर, नागरिकता कानून, विदेशी घुसपैठिए आदि, यहां तक कि कब्रिस्तान-श्मशान तक, ऐसे हरेक मुद्दे पर, जिसका सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था, मोदी की बोली सुनाई दी थी और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खिलाफ जाने वाले हर मुद्दे पर, मोदी की वैसी ही मुखर चुप्पी।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# प्रस्तावित भारत मध्य-पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की चुनौतियां

■ गिरीश लिंगन्ना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में भारत मध्य-पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को लेकर आशान्वित हैं, जिसे उन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन में पेश किया था। हालांकि, कुछ लोगों का मानना है कि इस परियोजना में शामिल सभी देश इसे चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के खिलाफ़ नहीं मानते हैं।

संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जॉर्डन और इज़राइल के माध्यम से भारत को दक्षिणी यूरोप से जोड़ने वाले एक सुगम परिवहन मार्ग का निर्माण भारत के प्रभाव को बढ़ायेगा और चुनौतीपूर्ण 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे' के लिए एक और विकल्प प्रदान करेगा जो ईरान और रूस से होकर गुजरता है लेकिन इसके विकास में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

पिछले प्रयास के विपरीत, आईएमईसी एक नया रास्ता बनाना चाहता है जो इज़राइल और पूर्वी भूमध्य सागर को भारत के करीब जोड़ता है। चीन का अध्ययन करने वाले इजरायली थिंक टैंक सिग्नल ग्रुप का नेतृत्व करने वाले कैरिस विट्टे ने बताया कि सिर्फ दो दशक पहले, इस क्षेत्र को अदन की खाड़ी में समाप्त माना जाता था, जहां हिंद महासागर लाल सागर से मिलता है। सऊदी अरब और यूएईआईएमईसी को बढ़ते और लाभदायक भारतीय बाजार तक पहुंचने के एक रास्ते के रूप में देखते हैं। वे तेल पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और पैसा कमाने के नये तरीके ढूंढना चाहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अध्ययन करने वाले और चीन तथा मध्य पूर्व में संघर्षों के बारे में लिखने वाले प्रोफेसर गाइबर्टन इसी बारे में बात कर रहे हैं- मैं नहीं मानता कि यह धारणा कि यह चीन के खिलाफ़ होगी, खाड़ी में व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हाल ही में जी 20 शिखर सम्मेलन में आईएमईसी के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया, लेकिन वास्तव में यह भारत, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात थे जो समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सबसे अधिक दृढ़ थे, वाशिंगटन नहीं।

रियाद, विशेष रूप से, इस नये गलियारे को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को बदलने के साधन के रूप में देखता है। मुख्य रूप से तेल निर्यात करने के बजाय, सऊदी अरब का लक्ष्य पर्यटन, निवेश और रसद का एक प्रमुख केंद्र बनना है। यह परिप्रेक्ष्य अज़ीज़ अल-ग़शियान से आया है, जो एक सऊदी राजनीतिक विश्लेषक और विदेश नीति विशेषज्ञ हैं। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात, जो देश मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन बेचते हैं, नये गलियारे को लेकर विशेष रूप से उत्साहित हैं क्योंकि यह उनकी अर्थव्यवस्थाओं को और अधिक विविध बनाने की उनकी योजनाओं के अनुरूप है।

आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है। ये सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात से भारत और यूरोपीय संघ तक नवीकरणीय बिजली और हरित हाइड्रोजन ले जायेंगे। हरित हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस का अधिक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प माना जाता है, और यह इन धूप वाले देशों में बड़ी सौर परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होता है।

उन्होंने वास्तव में एक लंबा फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क बनाने का भी सुझाव दिया है जो इस परियोजना के क्षेत्रों के बीच इंटरनेट कनेक्शन को बेहतर बनायेगा।

इस महीने जी 20 शिखर सम्मेलन में एक कार्यक्रम के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने नये समझौते की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी बड़े सपने देखने की नींव रखता है। उसके तुरंत बाद, उन्होंने सऊदी अरब के वास्तविक नेता, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ दिल्ली में एक निजी बैठक की। अपनी चर्चा के दौरान, उन्होंने भारत में सऊदी निवेश में 100 अरब डॉलर लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया। यह निवेश योजना पहली बार 2019 में बनाई गई थी लेकिन महामारी के कारण इसमें देरी हुई।

इस धनराशि में से लगभग 55अरब का उपयोग भारत के पश्चिमी तट पर एक विशाल यीरिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए किये जाने की योजना है। वे सऊदी अरब और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक रणनीतिक तेल रिजर्व बनाने का भी इरादा रखते हैं। यूएई की कंपनियों का एक समूह, जिसमें बंदरगाहों और मुक्त क्षेत्रों का प्रबंधन करने वाली कंपनी डीपी वर्ल्ड शामिल है, ने पहले ही लॉजिस्टिक्स और भारत और मध्य पूर्व के बीच एक नियोजित खाद्य गलियारे के लिए 7अरब के वितरण नेटवर्क के निर्माण पर काम करना शुरू कर दिया है।

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन जैसे देश शामिल हैं, के बीच व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 154.7अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 77प्रतिशत अधिक है। इसी अवधि के दौरान, चीन ने इस क्षेत्र के साथ दोनों दिशाओं में लगभग 180अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार किया।

> **आईएमईसी केवल व्यापारिक वस्तुओं के बारे में नहीं है। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को एक साथ बेहतर ढंग से काम करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है। लक्ष्य एक साथ चीज़ें बनाने के लिए रास्ते में आने वाले देशों में सरकारी और व्यावसायिक सहयोग दोनों को प्रोत्साहित करना है। उनकी प्रस्तावित बंदरगाहों, रेलवे और सड़कों के बगल में बिजली केबल और पाइप लगाने की भी योजना है।**

आईएमईसी के कार्यान्वयन में एक स्पष्ट भू राजनीतिक बाधा सऊदी अरब और इज़राइल के बीच औपचारिक राजनयिक संबंधों की अनुपस्थिति है। हालांकि दोनों देशों के बीच कोई ज़मीनी सीमा नहीं है, लेकिन उन्हें सऊदी अरब द्वारा वित्तपोषित एक प्रस्तावित रेलवे के माध्यम से जोड़ा जाना तय है, जो जॉर्डन तक फैली हुई है। जॉर्डन, जिसने 1994 में इज़राइल के साथ संधि कर शांति स्थापित की और रियाद के साथ एक मजबूत गठबंधन बनाये रखा, इस संबंध में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आईएमईसी के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया, और इसे एक महत्वपूर्ण सहयोग पहल बताया जो क्षेत्रीय और वैश्विक एकीकरण और सहयोग के आकार और महत्व के संदर्भ में पहले देखी गई किसी भी चीज़ के विपरीत एक नये युग का प्रतीक है।

आधिकारिक संबंध नहीं होने के बावजूद, योजना अभी भी आगे बढ़ सकती है क्योंकि, जैसा कि इजरायली विश्लेषक विट्टे ने बताया, इजरायल और सऊदी अरब औपचारिक सामान्यीकरण के बिना वर्षों से चुपचाप व्यापार कर रहे हैं। आईएमईसी को वर्तमान स्थिति में भी पूरा किया जा सकता है, और यह सामान्यीकरण पर जोर नहीं देता है या इसकी मांग नहीं करता है। सऊदी विश्लेषक अल-गशियान के अनुसार, आर्थिक गलियारे का मतलब यरूशलेम और रियाद के बीच संबंधों का तत्काल सामान्यीकरण नहीं है, जिस पर वर्तमान में अमेरिका के साथ तीन-तरफा वार्ता में चर्चा चल रही है। इसके बजाय, यह भविष्य में अंतत: घटित होने पर सामान्यीकरण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है। आईएमईसी के संबंध में, वर्तमान में अनिश्चितता है कि कौन सी निजी कंपनियां भाग लेंगी, और जिन परियोजनाओं का काम उन्हें सौंपा जायेगा उनकी प्रकृति क्या होगी। परियोजना के विशाल पैमाने, व्यापक दायरे और जटिल प्रकृति को देखते हुए, एक सतत और मजबूत राजनीतिक दृढ़ संकल्प आवश्यक है।

## पावन प्रसंग

# मन की शुद्धि के लिए अन्न की शुद्धि

जैसा खाए अन्न वैसा बने मन- वाली उक्ति अक्षरश: सत्य है। तामसिक और राजसिक भोजन करने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य की जड़ें खोखली होती हैं वरन उनका प्रभाव मानसिक स्तर पर भी पड़ता है। आहार के अनुरूप ही मानसिक स्थिति में तमोगुण रहता है, कुविचार आते हैं। उत्तेजनाएं छाई रहती हैं। चिंता, उद्विग्नता और आवेश का दौर चढ़ा रहता है। ऐसी स्थिति में न तो एकाग्रता सधती है और न ध्यान धारणा बन पड़ती है। मन की चंचलता ही इंद्रियों को चंचल बनाए रखती है। शरीर भी उसी के इशारे पर चलता है। इस विघ्न को जड़ से काटने के लिए अध्यात्म पथ के पथिक सर्वप्रथम आहार की सात्विकता पर ध्यान देते हैं।

मन की 11वीं इंद्रिय कहा गया है। यह भी शरीर का ही एक भाग है। अन्न से रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से अस्थि और मज्जा, मेद, वीर्य आदि बनते-बनते अंत में मन बनता है। इसमें चेतना का समावेश तो है, मस्तिष्क संस्थान, वस्तुत: अन्न शरीर का ही एक भाग है। इसलिए स्वाभाविक है कि मन बनेगा। शरीरशास्त्री और मनोवैज्ञानिक भी इस संबंध में प्राय: एक मत है कि आहार से मन का स्तर बनता है। प्रकृति की कैसी विचित्रता है कि जहां मन की प्रेरणा से शरीर को चित्र-विचित्र काम करने पड़ते हैं, वहां यह भी एक रहस्य है कि मन स्तर शरीर द्वारा बनता है। यह शरीर जो आहार का, अन्न का उपादान है, जिसके आधार पर वह बनता, बढ़ता, परिपुष्ट होता है और उसी का पाचन समाप्त हो जाने पर अथवा उससे विषाक्तता रहने पर वह मर भी जाता है। शरीर जहां मन का अनुचर है, वहां उसकी स्थिति को बनाने में प्रमुख भूमिका भी निर्माता है। उस उलझन को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि शरीर प्रधान है या मन। गुत्थी इस तरह सुलझती है कि दोनों का सृजेता अन्न है। इसलिए शरीर और मन, दोनों का सूत्र संचालन मन को कहा जाए तो अतियुक्ति नहीं होगी।

प्रत्यक्ष जीवन का आधार आहार को ही माना गया है। इसके आधार पर ही शरीर बनता और बढ़ता है। इसकी शुद्धता क्यों आवश्यक है; इस संबंध में शास्त्रकार कहते है- 'अनन्मयं हि सौम्य मन:' अर्थात हे सौम्य, यह मन अन्नमय है। इसे अधिक स्पष्ट करते हुए छांदोग्योपनिषद् के छठे अध्याय के पांचवें खंड में उद्दालक ऋषि ने कहा है- जो अन्न खाया जाता है वह तीन भागों में विभक्त हो जाता है। स्थूल अंश मल, मध्यम अंश रस, रक्त, मांस का सूक्ष्म अंश मन बन जाता है। अगले खंड में कहा है- हे सौम्य, मंथन करने से जिस प्रकार निश्चित रूप से ग्रहण किए अन्न का जो सूक्ष्म भाग है, वह ऊपर जाकर मन बनता है इसी तरह पिए हुए जल का सूक्ष्म भाग ऊपर जाकर प्राण और घी, तेल आदि का सूक्ष्मभाग ऊपर जाकर वाणी बनता है। इससे सिद्ध है अन्न का कार्य ही मन है।'

अत: जीवन का व्यक्तित्व का स्तर निर्धारित करने के लिए सर्वप्रथम अन्न के स्वरूप को संबालन करना पड़ता है। क्योंकि वही शरीर को विनिर्मित करता है और उसी के अनुरूप मन की प्रवृत्ति बनती है। इस प्रधान आधार की शुद्धता पर ध्यान न दिया जाए तो न शरीर की स्थिति ठीक रहेगी और न मन की दिशाधारा में औचित्य बना रह सकेगा। अध्यात्म विद्या के वैज्ञानिक ऋषियों ने आहार के सूक्ष्म गुणों का, उसके समस्त आयामों का अध्यन्त गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया था और यह पाया था कि प्रत्येक खाद्य पदार्थ अपने में सात्विक, राजसिक और तामसिक गुण धारण किए हुए है और उनके खाने से मनोभूमि का निर्माण भी वैसा ही होता है। साथ ही यह भी शोध किया गया था कि आहार में निकटवर्ती स्थिति का प्रभाव ग्रहण करने का एक विशेष गुण है। दुष्ट, दुराचारी, दुर्भावनायुक्त या हीन मनोवृत्ति के लोग यदि भोजन पकाएं या परोसें तो उनके वे दुर्गुण आहार के साथ सम्मिश्रित होकर खाने वाले पर अपना प्रभाव अवश्य डालेंगे।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कोचिंग सेंटरों को प्रतिबन्धित करने की जरूरत

देश भर में नियम विरुद्ध कोचिंग सेंटरों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। सरकार ने कोचिंग संस्थान चलाने के लिए कोई ठोस बिल या नियम तक नहीं बना रखे हैं, बिना कानून के संचालित अधिकतर कोचिंग क्लासेस मामूली नियमों को ताक में रखकर मनमर्जी से मोटी फीस वसूल कर सेंटरों का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं इन कोचिंग सेंटरों का जाल अब ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुका है। ये छात्रों को बिना पूरी सुविधा दिए मोटी फीस वसूल रहे हैं। छात्रों के जीवन से खिलवाड़ को देखते हुए भी देश भर में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे हैं। यह उनकी कार्यप्रणाली को संदेह के घेरे में डाल देता है। लाभकारी शिक्षा उद्योग के उदय के साथ, कुछ संस्थानों ने अपनी कोचिंग सेवाओं के लिए अत्यधिक दरों की मांग करना शुरू कर दिया है। इससे शिक्षा का व्यावसायीकरण हो गया है, जहां छात्रों के कल्याण से ऊपर मुनाफे को प्राथमिकता दी जाती है। जैसे-जैसे शिक्षा अधिक विपणन योग्य हो गई है, वैसे-वैसे कोचिंग सेंटर भी बढ़ गए हैं, जिनमें से ज्यादातर अपने शिक्षार्थियों को फायदे की बजाय नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं।

आजकल हम आये दिन परीक्षाओं के लिए कोचिंग करने वाले छात्रों द्वारा आत्महत्या के मामलों को सुनते हैं। हमारी सरकारें कोचिंग माफिया को शिक्षा ऋण के बोझ के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। माता-पिता पर शैक्षिक ऋण का बोझ छात्रों के बीच तनाव के कारणों में से एक है और इसके लिए केंद्र को एक नीति बनानी चाहिए ताकि माता-पिता को शिक्षा के लिए पैसे उधार न लेना पड़े। कोचिंग संस्थान सस्ते नहीं हैं, और इनकी फीस माता-पिता, विशेषकर कम आय वाले परिवारों पर काफी वित्तीय बोझ हो सकती है। फीस के अलावा, अध्ययन सामग्री, परिवहन और आवास के लिए भारी अतिरिक्त शुल्क हो सकता है। माता-पिता को कोचिंग के खर्चों को कवर करने के लिए ऋण लेने के लिए भी मजबूर होना पड़ता है। यह वित्तीय भार तनाव और चिंता उत्पन्न करने वाला हो सकता है और कई परिवारों के लिए यथार्थवादी नहीं हो सकता है। कोचिंग संस्थान केवल पैसा इकट्ठा करने में रुचि रखते हैं। इसलिए कोचिंग सेंटरों को माफिया करार करके सरकार को उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

आजकल प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हर माता-पिता अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा देना चाहते हैं। पहले भी तो कोई कोचिंग कक्षाएं नहीं होती थी। तब क्या छात्र आईएएस, आईपीएस नहीं बन रहे थे? कोचिंग के नाम पर आज के दौर में माफिया उपज गए हैं और सरकार को इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। गहराई से और विश्लेषणात्मक रूप से देखा जाए तो यह राष्ट्रीय संसाधनों का शुद्ध दुरुपयोग बन गया है। जो छात्र शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूरी तरह से कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं, वे लंबी अवधि में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान का निर्माण करने में विफल हो सकते हैं। वे नियंत्रित सीखने के माहौल और कोचिंग सेंटर द्वारा दिए जाने वाले व्यक्तिगत ध्यान पर बहुत अधिक निर्भर हो सकते हैं, जिससे आत्मविश्वास और पहल की कमी हो सकती है।

क्योंकि प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं के लिए कोचिंग के घोषित बुनियादी उद्देश्य सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों के चयन की पूर्ति नहीं करते। कोचिंग सेंटर न होने पर भी सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन किया जाएगा। वास्तव में कोचिंग सेंटरों की अनुपस्थिति में सर्वश्रेष्ठ छात्रों का चयन अधिक वास्तविक होगा। क्योंकि यह स्व-अध्ययन और कच्ची प्रतिभा पर आधारित होगा। कोचिंग सेंटर आंशिक रूप से देश में शिक्षा के गैर समाज पैटर्न का उत्पादन है। दूसरी और इनका बाहरी खर्च अक्सर उन गरीब परिवारों की कमर तोड़ देता है जिन्हें इस डर की दौड़ में भाग लेना पड़ता है। संस्थानों में सीटों की सीमित संख्या और बढ़ती आबादी हर साल प्रतिस्पर्धा को और अधिक कठिन बना देती है। इससे छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो जाते हैं। उनमे से कई दुर्भाग्य से इस भारी तनाव से निपटने में असफल होकर अपने बहुमूल्य जीवन को समाप्त कर देते हैं।

**-डॉ प्रियंका सौरभ**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार 26 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

रोजी अपने ब्वॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई।
दूसरे दिन...
रोजी- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए।
ब्वॉयफ्रेंड - चल पगली, कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा, मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं।

# 50 दिव्यांगों को मिला नि:शुल्क सहायक उपकरण

## राहुल गांधी व भूपेश बघेल ने दिव्यांग हितग्राहियों का जाना हाल-चाल

### आवास न्याय सम्मेलन

**बिलासपुर**, 25 सितंबर 2023/सांसद श्री राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज बिलासपुर के परसदा में आयोजित आवास न्याय सम्मेलन में समाज कल्याण विभाग द्वारा हितग्राहियों को किए जा रहे मोटराइज्ड ट्राईसाइकल वितरण स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने स्टॉल में दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहयता उपकरण वितरण योजना'' के तहत दिव्यांग गायत्री पटेल, सामंत कुमार, पूनम ठाकुर सहित कुल 50 हितग्राहियों को मोटराइज्ड ट्राई सायकल प्रदान की। श्री गांधी और मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहियों से चर्चा भी की। हितग्राहियों से चर्चा के दौरान तखतपुर की रहने वाली दिव्यांग हितग्राही गायत्री पटेल ने बताया कि बचपन से ही दिव्यांग होने की वजह से उन्हें स्कूल तथा कालेज सहित अन्य कार्यों के आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मोटराइज्ड ट्राई सायकल के मिलने से वह स्वयं बिना किसी अन्य सहारे के आवागमन कर सकतीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री बघेल और सांसद श्री गांधी को अपनी आगे की शिक्षा पाने में आ रही कठिनाई के बारे में अवगत कराया। जिस पर मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के पश्चात् बीएड करने के लिए एक लाख रुपए अनुदान सहायता राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार सांसद और मुख्यमंत्री ने दिव्यांग हितग्राही श्री सामंत कुमार सहित अन्य उपस्थित दिव्यांगजनों से हाथ मिलाते हुए उनका हाल-चाल जाना। उल्लेखनीय है कि शासन की समाज कल्याण विभाग अंतर्गत महत्वाकांक्षी सामर्थ्य विकास योजना के तहत दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण के तहत मोटराइज्ड ट्राई साइकल सहित अन्य योजना अंतर्गत ट्राई साइकल, श्रवण यंत्र, स्टिक आदि यंत्र प्रदान की जाती है। जिससे प्रदेश के विभिन्न हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।



मुख्यमंत्री ने दिव्यांग हितग्राही गायत्री पटेल को बीएड की पढ़ाई के लिए एक लाख रुपए सहायता राशि देने को कहा

## संपादकीय

### सड़क यातायात सुरक्षित हो

*छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा सड़क यातायात सम्बन्धी कराये गये एक सर्वे के अनुसार प्रदेश की सड़कों पर चलना या वाहन चलाना बेहद खतरनाक है। बड़ी संख्या में यहां दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें सैकड़ों की मौत होती है तथा बड़ी संख्या में लोगों को शारीरिक व माली नुकसान होता है। प्रदेश भर में अनेक ऐसी जगहें हैं जहां हमेशा हादसे होते हैं। ऐसे स्थान, जिन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है, बढ़ते ही जा रहे हैं। राज्य के 33 शहरों में कराये गये सर्वे ने जो आंकड़े दिये हैं, वे चौंकाने वाले तो नहीं हैं लेकिन सरकार और पुलिस प्रशासन को गम्भीरतापूर्वक सोचना होगा कि इसके कारण क्या हैं। अलग-अलग दुर्घटनाओं की भिन्न-भिन्न वजहें हो सकती हैं परन्तु उन कारणों को दूर कर सड़क यातायात को सुरक्षित बनाये जाने की आवश्यकता स्पष्ट महसूस की जाती है। उम्मीद है कि पुलिस विभाग कोई कार्य योजना तैयार कर उसे लागू करेगा ताकि लोगों की मौतें न हों या वे विकलांग न हो जायें। दुखद तो यह है कि सड़क हादसों में रायपुर शीर्ष पर है जिसे कायदे से सर्वाधिक सुरक्षित बनना चाहिये ताकि राज्य की प्रतिष्ठा बढ़े और अन्य शहरों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत हो। हो सकता है कि राजधानी होने के कारण रायपुर की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का दबाव सबसे ज्यादा है। हालांकि यह भी सही है कि नियम भंग की सबसे अधिक कार्रवाइयां इसी शहर में हुई हैं। बेहद विस्तार से किये गये इस सर्वे में सड़क दुर्घटनाओं का विस्तार से अध्ययन हुआ है। उसके अनुसार पिछले आठ माह में नौ हजार से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं जिनमें 4100 से अधिक मौते हुई हैं। इनमें युवाओं की तादाद सबसे ज्यादा है। ये हादसे सभी तरह के वाहनों से हुए हैं पर दोपहियों एवं कारों से होने वाले सबसे अधिक हैं। रायपुर के बाद जिन शहरों में सबसे अधिक हादसे हुए हैं, वे हैं- बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़, कोरबा, बलौदाबाजार, राजनांदगांव, जगदलपुर, जांजगीर-चाम्पा एवं महासमुंद। नारायणपुर, सुकमा, दंतेवाड़ा, मोहला, मानपुर, बीजापुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी सर्वाधिक सुरक्षित जिले हैं। सर्वे में 118 ऐसे स्थल चिन्हित किये गये हैं जहां बहुत दुर्घटनाएं होती हैं। इनकी संख्या 104 थी। यहां भी रायपुर शीर्ष पर है। पहले यहां केवल 7 ब्लैक स्पॉट थे जो अब 24 हो गये हैं। यातायात पुलिस को चाहिये कि इस सर्वे के आंकड़ों के आधार पर अनुकूल उपाय करे। जिन सड़कों, चौक-चौराहों को सड़क यातायात की दृष्टि से सुरक्षित करना हो, वहां हर सम्भव उपाय किये जाएं। दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली लापरवाही है, नागरिकों को चाहिये कि वे चाहें वाहन चला रहे हों या फिर पैदल हों, स्वयं भी सावधान रहें। वाहन नियंत्रित गति एवं सतर्कतापूर्वक चलाएं। ओवरटेक, तेज गति चालन आदि से बचना चाहिये। नागरिक प्रशिक्षण भी ज़रूरी है।*

## सार-संक्षेप

### खाटू श्याम मंदिर में मासिक एकादशी श्रद्धा भाव से मनाया गया, निशान यात्रा निकाली गई

**बिलासपुर** , 25 सितंबर (देशबन्धु)। घोंघा बाबा मन्दिर परिसर श्री खाटू श्याम मन्दिर मे मासिक एकादशी उत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। परिवर्तनि नामक इस एकादशी मे भगवान् के वामन अवतार की विशेष पूजा की जाती है। आज के दिन श्री लक्ष्मी जी एव विष्णु जी की संयुक्त पूजा से निर्धनता शीघ्र दूर होती है। प्रात: काल मंगला आरती के बाद प्रभु श्री श्याम जी का भव्य नैनाभिराम श्रृंगार हुआ। आज के श्रृंगार मे वैजंती एवं सेवंती माला का की सेवा की गई। दिल्ली से आये पुष्पों से प्रभु को सजाया गया। श्री राम मन्दिर तिलक नगर से निशान यात्रा निकली जिसमें भगतों ने अपनी अरदास लगाई और प्रभु को ध्वज अर्पित किया। संध्या आरती के पश्चात भजन संध्या मे प्रभु का गुणगान किया गया जिसमें भक्तों ने मीठे मीठे भजनों से प्रभु को रिझाया। महा आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ।



### कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर-सूर्या



**बिलासपुर** , 26 सितंबर (देशबन्धु)। अनु, जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सूर्या ने कहा की कांग्रेस सरकार गाय और गौठान की बात करती है, भूपेश बघेल कांग्रेस बड़े-बड़े होर्डिंग लगवाते हैं, मीडिया में जमकर अपना प्रचार प्रसार करते हैं, जिस तरह से सरकार में आने के पहले लोक लुभावन वादे किए थे वैसे ही झूठे प्रचार-प्रसार कर रहे हैं जबकि सच यह है की भूपेश बघेल की सभी योजना धरातल पर फेल है, सिर्फ कागजों पर इनका योजना चल रहा है इनकी महती योजना गौठान की वजह से सैकड़ो गायों की मौत रोज हो रही है सैकड़ो से ज्यादा गाय चोटिल हो रहे हैं, गायों की दुर्दशा देखकर मन वेदना से भर गया कांग्रेसियों की वेदना, चेतना, और संवेदना सब मर गया है, इनको भ्रष्टाचार और घोटालों के अलावा कुछ नहीं दिखता, छत्तीसगढ़ में नया सूरज उगने वाला है, कमल खिलने वाला है, और यह भ्रष्टाचारी कांग्रेस को छत्तीसगढ़ से उखाड़ कर फेंकने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता तैयार है, अऊ नई सहिबो, बदल के रहीबो।

### कसौंधन वैश्य समाज का तीज उत्सव आज

**बिलासपुर** , 25 सितंबर (देशबन्धु)। श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मंडल द्वारा 26 सितंबर, मंगलवार को तीज उत्सव का कार्यक्रम सामाजिक भवन करबला रोड में रखा गया है इस कार्यक्रम का आयोजन महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा गुप्ता सचिव श्रीमती शुभ्रा गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष बबली गुप्ता के द्वारा किया गया है इस दिन नारियल को सजाकर गणेश जी बनाने की प्रतियोगिता भी रखी गई है इस कार्यक्रम के होस्ट हैं श्रीमती कुसुम साव, चंद्रलेखा साव, ज्योति साव, मधु (प्रभात) गुप्ता, रजनी (कीर्तन) गुप्ता, शिल्पा गुप्ता, महिला मंडल के अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है

# शिक्षित और संगठित समाज ही करता हैं तरक्की-महापौर

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

**बिलासपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। नव जागृति देसहा यादव समाज भरनी परिक्षेत्र द्वारा शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम सकरी स्थित सांस्कृतिक भवन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार, डीएसपी, शिक्षक, सेना और शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को शाल व श्रीफल, मोमेंटो देकर 143 लोगों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामशरण यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के युवा शिक्षित और संस्कारित हो रहे है। अब तो हमारे समाज के युवा तहसीलदार, डीएसपी सहित अनेक बड़े पदों पर चयनित हो रहे है। बड़ी खुशी की बात है पढ़े-लिखे युवा समाज में रहेंगे तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। शिक्षा हर व्यक्ति के लिए जरूरी है। जो समाज शिक्षित और जागरूक होगा, वहीं समाज तरक्की करेगा।

विशिष्ट अतिथि तखतपुर विधायक श्रीमति रश्मि सिंह ने कहा कि शिक्षा को महत्वपूर्ण अंग बनाना होगा, तभी समाज आगे बढ़ेगा। शिक्षा के बिना कोई भी समाज आगे नहीं बढ़ पाया है। पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमति हर्षिता पाण्डेय ने कहा कि यादव समाज हर क्षेत्र में धीरे-धीरे तरक्की कर रहा है। हम जिस भी कार्यालय में जाते हैं यादव समाज के एक आदमी जरूर मिलता है। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है। युवा शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दें। इससे ही समाज को तरक्की मिलेगी। किसी भी समाज की उन्नाति के लिए शिक्षा के साथ ही एकजुटता का खासा महत्व होता है। ऐसे में हम सभी को अपने बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की दिशा में हमेशा प्रयास करना चाहिए।




विशिष्ट अतिथि लोरमी विधायक श्री धरमजीत सिंह ने कहा भरनी परिक्षेत्र में युवाओं को मौका दिया जाए। जिस संगठन में पढ़े-लिखे युवा काम करते हैं उस संगठन को, उस समाज को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता। वर्तमान में जो पदाधिकारी है उसमें युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। और मैं उम्मीद करता हूं कि यह टीम बहुत अच्छा काम करेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्टपति ने कहा-जिस समाज में युवाओं को बागडोर सौंपा जाता है, उस समाज को तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता। एक समाज ऐसा आएगा कि यादव समाज से कोई सांसद बनेगा, कोई विधायक बनेगा और अपने समाज का नाम रोशन करेगा।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री विष्णु यादव, संतोष कौशिक, जिला पंचायत सभापति श्रीमति मीनू सुमंत यादव, देसहा यादव समाज के जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, जनपद सदस्य विनोद यादव, भरनी परिक्षेत्र के अध्यक्ष अजय यादव, सचिव जागेश्वर यादव, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, हेमंत यादव, मनोज यादव, सतीश यादव, मनबोध यादव, मनीराम यादव, रामचंद्र यादव, गीता यादव, दुर्गा यादव, ममता यादव, सपना यादव, सुनीता यादव, मंजूल यादव, अश्विनी यादव, राजा यादव, सुरेश यादव, ललित यादव, , श्री अजय यादव, श्री अभिलेष यादव, श्री आकाश यादव, श्री गोविंद यादव, श्री नरोत्तम यादव, श्री रामलाल यादव, श्री राजकुमार यादव, श्री आशीष यादव, श्री दीपक यादव, श्री सुनील यादव, श्री दीनबंधु यादव आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नौ परिक्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित अन्य लोग उपस्थित हुए थे।

### इनका भी हुआ सम्मान

सोनल यादव डीएसपी, अभिषेक यादव नायब तहसीलदार, चंचल यादव नायब तहसीलदार, प्रियल यादव एवं कल्पना यादव एमबीबीएस में चयनित हुए। सभी का समाज द्वारा शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

# छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर** , 25 सितंबर (देशबन्धु)। थाना पचपेड़ी में प्रार्थियां ने 23 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपनी माँ के साथ ग्राम लाहोद जाने के लिए बस में बैठ रही थी उसी समय आरोपी खिलेश्वर सिंह पैकरा प्रार्थियां पर बुरी नजर रखते हाथ पकड़कर इज्जत लेने के नियत से छेड़खानी करने लगा प्रार्थीया के रिपोर्ट पर थाना पचपेड़ी मे अपराध धारा 354, 354 घ भादवि का अपराध पंजीबध्द कर मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी पचपेड़ी के द्वाराआरोपी खिलेश्वर सिंह पैकरा को हिरासत में पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार किया आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय बिलासपुर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पचपेड़ी विवेक कुमार पाण्डेय, उनि पिल्लु राम मांडवी , आरक्षक दिलहरण पैकरा, महिला आरक्षक नीता यादव का विशेष योगदान रहा।

# पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 8 दिसम्बर तक किया गया विस्तार

## बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया में इस गाड़ी का ठहराव की सुविधा

**बिलासपुर** , 25 सितंबर (देशबन्धु)। रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल ट्रेन 03253/03256 पटना-सिकंदराबाद-पटना के मध्य चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन दिनांक 08 दिसम्बर , 2023 तक विस्तार किया गया है ।




यह गाड़ी पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को ट्रेन नंबर 03253 पटना-सिकंदराबाद समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 सितम्बर, 2023 तक चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में दिनांक 06 दिसम्बर, 2023 तक विस्तार किया गया तथा सिकंदराबाद से प्रत्येक शुक्रवार को ट्रेन नंबर 07256 सिकंदराबाद-पटना समर स्पेशल ट्रेन नम्बर के साथ दिनांक 29 सितम्बर, 2023 तक चल रही समर स्पेशल ट्रेन के परिचालन में दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 तक विस्तार किया गया है ।

इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 03 सामान्य, 12 स्लीपर, 04 एसी थ्री, 02 एसी-टू श्रेणी सहित कुल 23 कोच रहेगी । यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है एवं केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी।

# विजयवाड़ा रेल मंडल के बापट्ला रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने का कार्य

## कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के विजयवाडा मंडल के अंतर्गत बापट्ला रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा । इस कार्य को करने के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जाएगा। यह कार्य दिनांक 25 सितम्बर, 2023 से 10 अक्टूबर , 2023 तक किया जाएगा ।

इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से रवाना की जाएगी एवं कुछ गाड़ियो रद्द किया जाएगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है

**रद्द होने वाली गाडियां**- 08 अक्टूबर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 09 अक्टूबर, 2023 को चेन्नई से चलने वाली 12852 चेन्नई-बिलासपुर-एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

**परिवर्तित मार्ग होकर रवाना होने वाली ट्रेनें**- 03 एवं 10 अक्टूबर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 22819 बिलासपुर-तिरुनेलवेली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-काजीपेट जं- सिकंदराबाद जंक्शन-सुलेहल्ली-गुंटकल-रेनिगुंटा जंक्शन होकर रवाना होगी । 08 अक्टूबर, 2023 को तिरुनेलवेली से चलने वाली 22820 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रेनिगुंटा-सुलेहल्ली-गुंटकल-सिकंदराबाद- काजीपेट जं- बल्हारशाह होकर रवाना होगी । 09 अक्टूबर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली 22819 बिलासपुर-एरणाकुलम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-काजीपेट जं- सिकंदराबाद जंक्शन-सुलेहल्ली-गुंटकल-रेनिगुंटा जंक्शन होकर रवाना होगी ।

# स्वच्छ आहार थीम पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता साफ-सफाई व स्वच्छता की जांच की गई

## ट्रेनों के पेंट्रीकार, स्टेशनों पर स्थित कैंटीन व स्टाल तथा कार्यालयों के कैंटीन का किया गया निरीक्षण

**बिलासपुर** , 26 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक 24 व 25 सितम्बर 2023 को स्वच्छ आहार थीम पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ियों के पेंट्रीकार, सभी महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर स्थित कैंटीन एवं स्टाल तथा रेल कार्यालयों में स्थित कैंटीनों पर मिलने वाली खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता तथा साफ-सफाई व स्वच्छता की जांच की गई । इस दौरान कैंटीन एवं स्टालों पर खाद्य पदार्थो की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं वास्तविक मूल्य पर बिक्री आदि भी सुनिश्चित की गई।

इसके साथ ही मंडल से गुजरने वाली पेंट्रीकार आधारित गाड़ियों में पैकेट बंद खाने, रेलनीर की उपलब्धता, इसके बनने तथा उपयोग की तिथि, यात्रियों को परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता, कार्यरत कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, पेंट्रीकार की स्वच्छता, पेंट्रीकार में सभी उपकरणों की उपलब्धता आदि जाँची गई। इसके अलावा रसोई के सभी विवरण, लाइसेन्स, कार्यरत पर्यवेक्षक तथा सभी कर्मचारियों का मेडिकल सर्टिफिकेट, परिचय-पत्र तथा सफाई व्यवस्था का विशेष निरीक्षण किया गया। पेंट्रीकार में ऑन ड्यूटि स्टाफ को स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गए। नीति का शत - प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।



## सार-संक्षेप

### ईद-मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस



कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की याद में ईद-मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबी युवाओं के द्वारा जुलूस निकाला गया। 28 सितंबर को पड़ने वाली ईद-ए-मिलाद के अवसर पर मरकजी सीरत कमेटी, यूथ मुस्लिम कमेटी व अन्य के द्वारा कार व बाइक रैली निकालकर पैगम्बर की शान में नारे लगाए गए। पुराना कोरबा शहर से प्रारंभ यह जुलूस रैली कोलियारी मस्जिद पहुंच कर खत्म हुई।

### एनएसएस में केएन कॉलेज को श्रेष्ठ उच्च शिक्षण संस्था का पुरस्कार


कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से जागरुकता गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए कमला नेहरू महाविद्यालय को प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षण संस्था का पुरस्कार मिला है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सत्र 2022-23 के लिए कॉलेज को एनएसएस इकाई को यह सम्मान प्रदान किया गया। कॉलेज की ओर से प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर, जिला संगठक वायके तिवारी व कार्यक्रम अधिकारी गोविंद उपाध्याय ने 20 हजार रुपए का चेक तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कृषि विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में नवनिर्मित कृषक सभागार में 24 सितंबर को उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की ओर से राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा को श्रेष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. आरएस कुरील, राष्ट्रीय सेवा योजना के उप कार्यक्रम सलाहकार एवं क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अशोक कुमार श्रोती सहित प्रदेश के राष्ट्रीय युक्त आठ विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक, जिला संगठक, कार्यक्रम अधिकारी तथा 1500 से अधिक रासेयो स्वयंसेवकों ने भाग लिया। उपलब्धि पर विश्व विद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा, महाविद्यालय प्रशासन समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. रमेश चंद्र पांडेय, सचिव सुरेंद्र लांबा, सह सचिव उमेश लांबा एवं सभी ने शुभकामनाएं दी हैं।



### शहर में धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव



तुलसी मार्ग पुराना गांजा गली में नवयुवक गणेश उत्सव समिति के द्वारा धूमधाम से गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। यहां लंबोदर की विशाल और आकर्षक प्रतिमा देखते ही बनती है। इस समिति से जुड़े और आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महेश अग्रवाल का विगत दिनों स्वर्गवास हो जाने के उपरांत भी उनके सच्चे प्रयास को बनाए रखने के लिए इस आयोजन को रोके बगैर अनवरत जारी रखा गया है। पंडाल में पहुंचने वालों के द्वारा भगवान गणेश का दर्शन के साथ ही स्व. महेश को श्रद्धांजलि दी जा रही है।



कमला नेहरू महाविद्यालय मुख्य द्वार के समक्ष भगवान गणेश की प्रतिमा स्थानीय लोगों के द्वारा विराजित की गई है। आकर्षक सज्जा के साथ पंडाल में विराजे गणपति भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति से जुड़े लोगों खासकर बच्चों के द्वारा खिचड़ी भोग आदि का वितरण कराया जा रहा है।



प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा सद्भावना भवन में गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा चैतन्य झांकी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, आरती व पूजा-अर्चना के साथ किया गया। भक्तों से भगवान गणेश हाथ मिलाकर व हाथ हिला कर अभिवादन स्वीकार करते नजर आते है। चांद पर विराजित गणेश की चैतन्य झांकी का दर्शन लाभ लेकर लोग पुण्य अर्जित कर रहे है। ब्रम्हकुमारी रूकमणी के नेतृत्व में कमल कर्माकर, डॉ. केसी देवनाथ, प्रियंका वासन तथा संस्था से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# कोयलांचल में सडक़ और कोयला वाहनों के विरूद्ध भडक़ रहा आक्रोश

## जाम के खिलाफ माकपा करेगी विरोध प्रदर्शन





कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। कोयलांचल कुसमुंडा से लेकर गेवरा-दीपका और अन्य प्रभावित क्षेत्र जहां से कोयला परिवहन में लगे भारी वाहनों का परिचालन होता है, उन क्षेत्रों और सडक़ों पर लग रहा जाम बड़ी समस्या बनता जा रहा है। इसके विरूद्ध न सिर्फ इस क्षेत्र से गुजरने वालों बल्कि यहां के रहवासियों व व्यापारियों का भी आक्रोश भडक़ने लगा है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन कुसमुंडा-कोरबा मार्ग और दीपका क्षेत्र में आंदोलन की चेतावनी दे दी गई है।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर आम नागरिकों की आवाजाही को सुलभ बनाने की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांधी जयंती पर सडक़ सत्याग्रह करने की चेतावनी दी गई। माकपा के इस आंदोलन को सीटू ने भी समर्थन दिया है। कोरबा-कुसमुंडा के बीच फोर-लेन सडक़ निर्माण का कार्य चल रहा है। सर्वमंगला चौक से कुसमुंडा तक कोयला परिवहन के लिए एसईसीएल की भारी वाहनें बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती है, जिसके कारण जाम होने के साथ यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। हालत इतनी खराब है कि स्कूली बच्चे कई दिनों से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। कई मरीज जाम में घंटों फंसे रहते हैं और कई बार डिलीवरी पेशेंट की स्थिति चिंताजनक बन चुकी है। कुछ दिन पहले ही कलेक्टर ने एसईसीएल व परिवहन अधिकारियों को यातायात सुव्यवस्थित करने और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिए हैं। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल प्रबंधन और परिवहन अधिकारियों की मिलीभगत के कारण कलेक्टर के निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है। एसईसीएल आम जनता के जीवन को जोखिम में डालकर केवल मुनाफा कमाने में लगा है। आम जनता की सुविधा के लिए एक लेन सुरक्षित किया जाए, जिसमें भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित हो। सीटू और कोयला श्रमिक संघ के नेता वीएम मनोहर ने आंदोलन का समर्थन किया है।

## गौरव पथ की मुक्ति के लिए गांधी जयंती पर आंदोलन



इसी प्रकार दीपका गौरव पथ संघर्ष समिति ने परियोजना महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि खदान से निकलने वाले भारी वाहनों का परिचालन गौरव पथ से हो रहा है जो कि पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति और आदेश का उल्लंघन है। इस मार्ग में भारी वाहनों के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है तथा कीचड़, सडक़ में अव्यवस्था आदि समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। किसी भी गांव के बीच से कोयला परिवहन प्रतिबंधित होने के बाद भी यह किया जा रहा है। गौरव पथ छोडक़र किसी अन्य मार्ग से कोयला परिवहन हेतु निर्देशित किया जाए। नगर पालिका द्वारा आधिकारिक तौर पर आपत्ति दर्ज कराई गई है जिसमें प्रबंधन को वैकल्पिक मार्ग निकालने हेतु निर्देशित भी किया गया है और जिला दण्डाधिकारी के समक्ष पत्र भी प्रस्तुत है इसलिए गौरव पथ से अलग वैकल्पिक मार्ग की रूपरेखा तैयार कर उसका तत्काल निर्माण किया जाए। वर्ष 216 में गौरव पथ के वैकल्पिक मार्ग का निर्माण सीएसआर मद से कराया गया था किंतु निर्माण उपरांत भी दीपका व गेवरा प्रबंधन ने गौरव पथ से भारी वाहनों का परिचालन बंद नहीं किया है इसलिए तत्काल वैकल्पिक मार्ग बाइपास रोड से चलवाए जाएं। कलेक्टर द्वारा वर्ष 28 में मात्र अंबिकापुर-कटघोरा की तरफ जाने वाली गाडिय़ों को ही इस सडक़ पर चलने हेतु गौरव पथ को मार्ग बताते हुए एक अन्य मार्ग व्हाया डुमरकछार का उल्लेख अपने आदेश में किया गया था। बाद में इसका प्रकाशन राजपत्र में हुआ। मांग की गई है कि कटघोरा-अंबिकापुर जाने वाली गाडिय़ों को उसी मार्ग का इस्तेमाल करने हेतु निर्देशित किया जाए। संघर्ष समिति के उमा गोपाल, बंशीदास महंत ने 2 अक्टूबर को दीपका चौक में आंदोलन की चेतावनी दी है।

## मास्टर ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई.व्ही.एम. के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे की उपस्थिति में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण जिला पंचायत कार्यालय एवं कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया



गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एम. एम. जोशी, बी.एस. राव, शिव दयाल पटेल, गौरव शर्मा के द्वारा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को मतदान प्रक्रिया के तहत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल कर्मियों के कार्य एवं दायित्व तथा सामग्री प्राप्ति/मतदान दिवस को किये जाने वाले उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा ई.व्ही.एम एवं व्हीव्हीपैट के संचालन एवं सीलिंग प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांचों विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर, तहसीलदार, नायब तहसील सहित विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

## अखबार विक्रेता क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी का शुभारंभ अच्छी पहल- विलास सपाटे



कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। महाराष्ट्र अखबार वितरक संगठन द्वारा गोंदिया में एपीजे अब्दुल कलाम ज्ञान दूत अखबार विक्रेता क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड का शुभारंभ मुख्य अतिथि विलास राव सपाटे ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील पाटणकर ने की। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र जायसवाल, विनोद सिन्हा कोरबा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र अखबार विक्रेता संगठन सचिव विनोद पन्नासे व प्रदेश उपाध्यक्ष व संचालक क्रेडिट सोसाइटी दिनेश उइके उपस्थित थे।

विलास सपाटे ने कहा कि क्रेडिट सोसाइटी की स्थापना से गोंदिया क्षेत्र के समस्त अखबार विक्रेताओं सहित, व्यापारियों, जरूरतमंदों तथा अन्य लोगों को उद्योग व्यवसाय स्थापित करने में सोसाइटी अपनी महती भूमिका का निर्वहन करेगी जिससे क्षेत्र के सभी लोग लाभान्वित होंगे। सुनील पाटणकर ने कहा कि सोसाइटी का शुभारंभ प्रशंसनीय कदम है लेकिन संस्था प्रमुखों से लोन लेने वाले पैसे का सदुपयोग कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। संस्था प्रमुखों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी कि दिए गए लोन की वापसी सुनिश्चित हो सके अन्यथा क्रेडिट सोसाइटी चलना मुश्किल होगा। कर्ज ऐसे जरूरतमंदों को दिया जाए जिसका सही इस्तेमाल कर सके। वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि अखबार विक्रेताओं के द्वारा इस सोसाइटी को अच्छा प्रदर्शन करने में सफल होंगे। विनोद सिन्हा ने कहा कि गोंदिया शहर में अखबार विक्रेताओं द्वारा अब्दुल कलाम क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड की स्थापना करना एक प्रगतिशील उद्योगों की श्रेणी से कम नहीं है। कार्यक्रम में कोरबा जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू भी शामिल हुए।

## पॉवर हाऊस रोड में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज



**विनायक उत्सव समिति द्वारा गणेश पूजा आयोजन का 21वां वर्ष**

कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। पॉवर हाऊस रोड में विनायक उत्सव समिति के द्वारा श्री गणेश की मूर्ति स्थापित कर विगत 21 वर्षों से धूमधाम से उत्सव मनाया जा रहा है। यहां वेंकटेश्वर गणेश की विशाल प्रतिमा भक्तों को दर्शन दे रही है तो वहीं दक्षिण भारत की शैली में निर्मित रिद्धि-सिद्धि की प्रतिमा आकर्षित करती है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से लेकर रात तक दर्शन करने पहुंच रहे हैं। उत्सव समिति के द्वारा हर वर्ष कराए जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार 26 सितंबर को सुंदरकांड पाठ का संगीतमय आयोजन कराया जा रहा है जिसमें खरौद वाले महाराज के द्वारा अपनी पार्टी के साथ प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक पॉवर हाऊस रोड सुंदरकांड से गुंजित होगा। समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल एवं सचिव राजेश गुप्ता ने बताया कि सुबह-शाम श्री गणेश की आरती के पश्चात भोग प्रसाद का वितरण कराया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में झकेन्द्र देवांगन, विजय सोनी, सुबोध पाण्डेय, विनय अग्रवाल, संतोष राठौर, हर्ष शर्मा, सुनील पाण्डेय, सतीश गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, विनय सेठ, मिलन साहू सहित श्रीमती सरिता देवांगन, मधु सोनी, मंजू सोनी, सरिता राखी पाण्डेय, ज्योति अग्रवाल, तृप्ति सिंह, सोनल शर्मा, अल्का पाण्डेय, रीता गुप्ता, सरिता अग्रवाल, प्रीति गुप्ता, रश्मि अग्रवाल, शमा देवांगन, ममता अग्रवाल, मनीषा देवांगन, कनिका सेठ, श्वेता अग्रवाल, निधि अग्रवाल, श्रीमती मीरा अग्रवाल, श्रीमती आरती अग्रवाल आदि का सहयोग निरंतर मिल रहा है। समिति ने सुंदरकांड पाठ के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने नगरजनों से अपील किया है।

# बुड़बुड़ खदान के भू-विस्थापित आज करेंगे हड़ताल



कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की बुड़बुड़ सराइपाली खदान के भूविस्थापित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से 26 सितंबर को खदान बंद हड़ताल करने की नोटिस प्रबंधन को दिए हैं। क्षेत्रीय खान प्रबंधक कार्यालय में नोटिस के संबंध में बैठक आयोजित की गई। प्रबंधन के द्वारा ढुल-मुल रवैया एवं निराकरण करने में सक्षम नहीं होने की बात कहने पर वार्ता विफल हो गई एवं 26 सितंबर को हड़ताल पर जाने के लिए ग्रामीण बाध्य हो गए।

प्रभावित ग्राम बुड़बुड़, तालापार, राहाडीह, केराझरिया, करतली, दमिया, ढूकुपथरा, सरायपाली, पुटा डोंगानाला के ग्रामीणों ने पूर्व में ही 26 सितंबर को खदान बंद हड़ताल करने की नोटिस दी थी। प्रबंधन के द्वारा आज बैठक आयोजित की गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि बुड़बुड़, राहाडीह का अर्जन एल ए एक्ट के तहत 2005 में शुरू किया गया था, अवार्ड के अनुसार भूविस्थापितों को मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 यथा संशोधित 1995 के तहत रोजगार देना था। जिसके लिए वर्ष 2011 में जिलाधीश रजत कुमार, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधि एवं 400 ग्रामीणों के मध्य बैठक हुई जिसमें मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति 1991 यथा संशोधित 1995 के तहत रोजगार देने हेतु सहमति बनी, लेकिन प्रबंधन के अधिकारी इस तय निर्णय पर अमल न करते हुए बगैर ग्रामीणों के सहमति एवं जानकारी के कोल इंडिया पॉलिसी 2012 के तहत रोजगार की सूची जारी कर रोजगार देना प्रारंभ कर दिए। भू-विस्थापितों को रोजगार की पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान कर, रोजगार नामांकन पत्र लेकर रोजगार प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था। उन्हें बाद में अपात्र बताते हुए रोजगार से वंचित कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम करतली का अंबिका परियोजना हेतु अर्जन किया गया है। ग्रामीण कोल इंडिया पॉलिसी 2012 के स्थान पर छत्तीसगढ़ राज्य की पुनर्वास नीति के तहत रोजगार का लाभ चाहते हैं। खदान में क्षेत्रीय बेरोजगार युवकों को आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्य पर रख कर यादातर लोगों के साथ शोषण किया जा रहा है। महीने में 26 कार्य देने की बजाय ड्राइवर को केवल 9-10 दिन कार्य पर रखा जा जा रहा है , एवं एचपीसी रेट प्रदान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को सुरक्षा एवं मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही है जिसके कारण आंदोलन की स्थिति निर्मित हुई है।

## अधिवक्ता संघ पाली के राजेश अध्यक्ष निर्वाचित



कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। अधिवक्ता संघ पाली का चुनाव गहमा-गहमीपूर्ण माहौल में तहसील स्थित अधिवक्ता संघ के भवन में संपन्न हुआ। मुकाबले में प्रतिद्वंदी प्रत्याशियों को मात देते हुए राजेश कुमार राज अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष बजरंग वैष्णव, सचिव उपवन सिंह खैरवार, कोषाध्यक्ष संतोष दास मानिकपुरी निर्वाचित हुए। सांस्कृतिक सचिव के लिए रामेश्वर पड़वार विजयी हुए। विजयी प्रत्याशियों में परिणाम की घोषणा होते ही हर्ष की लहर दौड़ पड़ी और रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाईयां दी। अन्य अधिवक्ता सदस्यों ने भी इन्हें शुभकामनाएं दी है। अधिवक्ता संघ पाली के पूर्व अध्यक्ष व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह के पैनल के सभी पदों पर विजय हासिल हुई है। अध्यक्ष सहित नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बिना किसी भेदभाव के समस्त अधिवक्ताओं के हित में आपसी समन्वय से काम करने तथा अधिवक्ताओं का सम्मान बनाए रखने एवं बार-बेंच के मध्य बेहतर संबंध स्थापित रखने की बात कही।

# हथियार लहरा कर भयभीत करने वाले 3 आरोपियों को जेल भेजा




कोरबा, 25 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण के द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को आगामी विधानसभा चुनाव को मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया है। अवैध रूप से शराब,जुआ, सट्टा, कबाड़, आदतन बदमाशों पर निगरानी रखते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में आज नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में दौरान पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिलने पर 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दर्री रोड के पास आरोपी चंदन गोंड़ पिता श्यामलाल 34 वर्ष निवासी रामसागर पारा, डील्ली उर्फ शिवा बंजारे पिता स्वर्गीय जेठू राम बंजारे 23 वर्ष निवासी रामसागर पारा तथा रामदास महंत उर्फ बडकू पिता फुलेश्वर दास महंत 22 वर्ष निवासी शराब भट्टी के पास राताखार के द्वारा दलिया गोदाम रामसागर पारा के पास धारदार लोहे का चापडनुमा हथियार रखकर लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को डराया धमकाया जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपियों को पकडक़र हथियार जब्त कर विधि अनुरूप अलग-अलग प्रकरणों में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। इन तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल करा दिया गया है।

### 10 कार्टून देशी-विदेशी शराब भी जब्त

हथियारों की कार्यवाही के दौरान एक अन्य सूचना पर रामसागर पारा के ही निवासी दुर्गेश कंवर पिता स्व. दीपक कंवर उम्र 23 वर्ष के घर पर दबिश दी गई। सूचना थी कि वह अपने घर में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। छापा मारने पर 5 नग खाकी कार्टून में जम्मू व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल 240नग तथा 5 कार्टून में देशी प्लेन शराब कुल 240नग कुल 86.400 लीटर कीमती 48 हजार रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2)59(क) के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में एएसआई अजय सिंह ठाकुर, अश्वनी वर्मा, टंकेश्वर यादव, सिमसोन मिंज, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील राजपूत, भरत यादव, दिनेश श्याम,दिलेर मनहर, कवल चंद्रा,नवरतन सिदार की भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री सरगुजा को देंगे 203.44 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**अम्बिकापुर** 25 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 सितंबर 2023 को वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए सरगुजा को 53.75 करोड़ के लोकार्पण कार्यों एवं 149.69 करोड़ के शिलान्यास कार्यों की सौगात देंगे। जिले के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री श्री बघेल के मुख्य आतिथ्य एवं उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत होंगे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर में 20 बिस्तरीय अतिरिक्त वार्ड, नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण कार्य एवं शहरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कार्य लागत 1.62 करोड़, दरिमा में तहसील कार्यालय भवन का निर्माण लागत 71 लाख, डीएमएफ अंतर्गत अलग अलग विकासखंडों में विभिन्न निर्माण कार्य लागत 1.91 करोड़, समग्र शिक्षा अंतर्गत 9 प्राथमिक शाला स्कूलों के अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 50 लाख, राम वन गमन पर्यटन परिपथ कार्य रामगढ़, डब्ल्यूबीएम मार्ग निर्माण कार्य, अर्दन डेम निर्माण कार्य, नरवा विकास कार्य एवं निर्माण कार्य लागत 17.27 करोड़, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत तटबंध, पुलिया निर्माण एवं घाट कटिंग निर्माण, सीसी रोड निर्माण सहित विभिन्न निर्माण कार्य लागत 5.45 करोड़ शामिल है। इसी तरह लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आदिवासी बालक व कन्या छात्रावास भवन, मिनी स्टेडियम, कमिश्नर कार्यालय, सैनिक विश्राम गृह, सक्रिट हाउस में जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 17.16 करोड़, जल-जीवन मिशन के एकल ग्राम में नल जल प्रदाय 7 कार्य लागत 7.28 करोड़, अलग अलग विकासखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण कार्यों लागत 1.82 करोड़ सहित कुल 53.75 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा।



मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राज्य मद अंतर्गत 25 सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास जिसकी कुल लागत 32.96 करोड़ होगी। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 21.91 करोड़, देवगढ़ व्यपवर्तन योजना लागत 49.30 करोड़, गंगोली उदवहन योजना अंतर्गत कार्य लागत 2.08 करोड़, समग्र शिक्षा के तहत सात स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत 82 लाख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 43 कार्य लागत 3.50 करोड़, कैम्पा मद अंतर्गत 18 कार्य लागत 6.16 करोड़, नगर पालिक निगम अंतर्गत 6 कार्य लागत 8.96 करोड़, शासकीय महाविद्यालय धौरपुर का निर्माण कार्य लागत 4 करोड़, जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना लागत 9.57 करोड़, क्रेडा द्वारा सोलर हाईमास्ट स्थापना कार्य लागत 7.43 सहित अन्य विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया जायेगा। कार्यक्रम में सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहदम, खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, अपेक्स बैंक के संचालक श्री अजय बंसल, जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य श्री राकेश गुप्ता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष श्री रामदेव राम, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री अमृत टोप्पो, राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती नीता विश्वकर्मा, राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल बिहारी यादव, छत्तीसगढ़ तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सिंहदेव, राज्य कृषक कल्याण परिषद के सदस्य श्री संजय गुप्ता, राज्य बीज प्रमाणीकरण के सदस्य श्री अरविंद गुप्ता, राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरूदीन एराकी, राज्य कर्मकार मंडल के सदस्य श्री अनिल सिंह, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य श्री सुरेश अग्रवाल एवं श्री अभिषेक सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे।

# डेंगू नियंत्रण के लिये हर संभव प्रयास जारी

■ **निगरानी के लिये 30 से अधिक अधिकारियों की बनाई गई टीम-तारन सिन्हा**



**रायगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ शहर में फैल रहे लगातार डेंगू बीमारी को लेकर प्रशासनिक टीम पूरी तरह सतर्क हो गई है और जनता को डेंगू से बचाने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने इस संबंध में आपात बैठक लेकर न केवल तीस जिला अधिकारियों की एक टीम बनाई है बल्कि घर-घर में सर्वे करने के भी दिशा निर्देश देते हुए स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द करते हुए हर स्तर पर काम करने के लिये दिशा निर्देश दिये हैं।

इस संबंध में जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने बताया कि निगम के कुछ वार्डो में लगातार बढ़ रही डेंगू मरीजों की संख्या के मामले में सजगता बरती जा रही है और जनता को जागरूक करने के साथ-साथ उसके नियंत्रण के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि वे खुद व्यक्तिगत रूप से इस बढ़ती बीमारी को रोकने के लिये 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं ताकि कोई लापरवाही के कारण जनता को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि दो समवर्ती गतिविधियाँ हो रही हैं। जिसमें नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें घर-घर जागरूकता सर्वेक्षण कर रहा है। घर-घर सर्वे अभियान से न केवल डेंगू मरीजों की संख्या का पता चलेगा बल्कि घरों में जमा होनें वाले पानी तथा गंदगी को लेकर भी दी गई टिप्स से डेंगू मच्छर के लारवे पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। एक जानकारी के अनुसार प्रशासन को लगातार यह जानकारी मिल रही थी कि सरकारी अस्पतालों में कुछ कमियों की वजह से मरीजों का इलाज नही हो पा रहा था लेकिन जिला अस्पताल के साथ-साथ निजी चिकित्सालय में न केवल इसकी तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गए हैं बल्कि शासकीय अस्पताल में अलग से वार्ड भी बनाये गए हैं। साथ ही साथ मोबाईल मेडिकल युनिट एवं स्लम इलाकों में जाकर मौके पर ही जांच की भी सुविधा जनता को दी जा रही है।

जिला कलेक्टर तारन सिन्हा ने बताया कि दो दिनों से स्थिति काफी हद तक काफी नियंत्रण में है और प्रशासन किसी भी स्थिति से निपटने के लिये सजग एवं तैयार है, उन्होंने बताया कि इस गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए रविवार के दिन भी टीमें घर-घर जाकर जागरूकता अभियान व सर्वे कर रही है।

## डेंगू की रोकथाम के लिए आगे आया महाराज दल

शहर में लगातार डेंगू अपना पैर पसार रहा है। जिससे बचने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए कई तरह की गाइडलाइंस जारी की जा रही है। डेंगू बीमारी होने के बाद मरीज के शरीर से लगातार प्लेटलेट्स कम होता है, जिसको जिसके बाद मरीज को डॉक्टरों द्वारा प्लेटलेट्स चढ़वाने के लिए कहा जाता है, जिसके लिए ब्लड की आवश्यकता होती है। इसी को देखते हुए महाराज दल ने आगे आकर रक्तदान करना शुरू किया है। इस महामारी से निजाद दिलवाने महाराज दल के संस्थापक मंजुल दीक्षित जी के निर्देशानुसार बापूनगर युवा कल्याण समिती के सौजन्य से आज मंजुल दीक्षित जी की सुपुत्री डॉ. सृष्टि मंजुल दीक्षित ने रक्तदान कर आज मानवता का परिचय दिया। डॉ. सृष्टि ने कहा कि जिस तीव्र गति से डेंगू पैर फसार रहा है उसको मद्देनजर रखते हुए रक्तदान बेहद जरूरी है जिससे मरीजों को एक नया जीवन मिल सके क्योंकि जिले भर के डेंगू के मरीज हमारे शहर में एडमिट हैं और बेहतर इलाज की अपेक्षा रखते हैं। ऐसे में बाहर से आये मरीजों को प्लेटनेट्स मिलने में काफी समस्या आएगी और जानमान का खतरा बना रहेगा। इन सभी बिंदुओं को संज्ञान में रखकर ये पहल की जा रही है। साथ ही आज मंजुल दीक्षित, छाया पंडा, आरती साहू, अमर सिंह राजपुत, गुलशन साव, विक्रम निषाद, विवेक, विक्रम सहित महाराज दल के सदस्यों ने रक्तदान किया।

## हर नागरिक अब डेंगू खत्म करने के लिए प्रयासरत

शहर के विभिन्न स्थानों में कचरा, गंदगी और नालियों में साफ-सफाई के तहत डेंगू बीमारी का होना हुआ जिस पर अनेक बचाव और सफाई के लिए सस्ते और शतप्रतिशत कारगर उपायों का उपलब्ध होना आवश्यक ही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव अनिल अग्रवाल चीकू के नेतृत्व में आज लगभग 4 लीटर जला मोबिल रायगढ़ नगर पालिका निगम के कमिश्नर सुनील रघुवंशी को निगम परिसर में सुपुर्द किया गया जिसका मूल उद्देश्य गंदे पानी, बज्बाजाति नालियों, कचरो के स्थान आदि पर इसका छिड़काव नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के द्वारा समय पर कर दिया जाए जो डेंगू को पनपने ही न दें जिससे इस बीमारी की चपेट में आमजन नहीं आए और प्रयास के स्वरूप मे ष्स्वास्थ्य रायगढ़ष्को अमली जामा पहनाया जा सके। कांग्रेस नेता अनिल अग्रवाल के साथ इस अवसर पर रवि यादव, आरिफ रजा, विनय शुक्ला, वाशिद अली, ऋषभ मिश्रा, अभिषेक चैहान, दुष्यंत साहू, सुरेद्र पटेल, आदर्श श्रीवास, अभिषेक सोनी आदि थे। श्री अग्रवाल ने बताया कि करोना काल मे भी रायगढ़ वासियों ने मुक्त हाथों से आपसी सहयोग किया था, ऐसे मे ट्रांसपोर्टर भाइयों से आग्रह करने पर उक्त जला मोबिल उन्हें ट्रांसपोर्टरों ने उपलब्ध कराया और जरूरत होने पर भविष्य में भी जला मोबइल निशुल्क रूप से शहर वासियों के लिए उपलब्ध किया जाएगा।

## भाजपा कार्यालय में लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**रायगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा के जिला कार्यालय में मन की बात सुनने के लिए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुनील रामदास ने संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित नव मतदाताओं को आमंत्रित किया। उनके आमंत्रण पर सैकड़ों की संख्या में नव मतदाता व भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण ने मोदी जी द्वारा संचालित होने वाला सुप्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात को सुनी।

मोदी जी ने मन की बात में बापू के विचारों की प्रासंगिकता का उल्लेख करते हुए कहा कि जी - 20 सम्मेलन के दौरान वैश्विक नेताओं द्वारा राजघाट पहुंचकर, उनको श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। यह उनके विचारों की समाज में प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। वहीं उन्होंने उत्तर प्रदेश के सम्भल में 70 गांवों के लोगों द्वारा अपनी भागीदारी से नदी को पुनर्जीवित करने वाले उल्लेखनीय कार्य का उल्लेख किया और उसके माध्यम से सामूहिक प्रयासों से होने वाले बदलाव पर जोर दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पर्यटन, वन्यप्राणियों के संरक्षण, सांस्कृतिक धरोहरों पर किए जाने वाले प्रयास व स्वरोजगार पर किए जाने वाले प्रयास आदि विभिन्न सामाजिक विषयों का उल्लेख करते हुए, इनकी समाज में आवश्यकता को रेखांकित किया।

## कार की ठोकर से बाईक सवार ग्रामीण की मौत

■ **परिजनों ने भाजयुमो प्रदेश के अध्यक्ष के साथ मिलकर किया चक्काजाम, 5 लाख रूपये मुआवजे की मांग**



**रायगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र में शनिवार की रात अज्ञात कार की ठोकर से बाईक सवार अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से जा टकराया जिससे ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से गुस्साये परिजनों ने भाजयुमो के साथ मिलकर अस्पताल के सामने शव को सड़क में रखकर चक्काजाम शुरू कर दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के सुबरा के आश्रित ग्राम खुसरमुडा निवासी रामकुमार भगत 50 साल शनिवार की शाम तकरीबन 7 बजे पत्थलगांव की तरफ से वापस अपने गांव लौट रहा था इसी दौरान मायाराम पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात कार की ठोकर से रामकुमार भगत की बाईक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक भारी वाहन में जा टकराई। लहुलूहान हालत में रामकुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ ही घंटों बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के साथ मिलकर रविवार की दोपहर लैलूंगा अस्पताल के सामने आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग एवं परिजनों को पांच लाख रूपये मुआवजा दिये जाने की मांग करते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया है।

रविवार की सुबह हो रहे इस चक्काजाम की वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई है। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाईश देने के प्रयास में जुटी हुई है परंतु वे अपनी मांगों पर अडे हुए हैं।

## बंगुरसिया मार्ग में फिर सड़क में आए जंगली हाथी

**रायगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। शहर से लगे रायगढ़ रेंज वन मंडल क्षेत्र के बंगुरसिया सर्किल में इन दिनों हाथियो के दल की आवाजाही लगातार बन रही है। इस बीच रविवार को शाम लगभग 4 बजे के आसपास उस वक्त हड़कंप मच गया जब हाथियों का दल सड़क पार करते हुए नजर आए। मुख्य मार्ग में इस स्थिति को देखते हुए वाहनो के पहिए कुछ देर के लिए थम गए। लोग स्वयं एवं वन्य जीव के सुरक्षा के मद्देनजर दूर से उक्त वस्तु स्थिति का नाजारा भय के साथ लेते रहे। ग्रामीणों के मुताबिक उक्त क्षेत्र में लंबे समय से हाथियों का आवजाही बना हुआ हैं।

## हत्या का प्रयास व छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। घरघोड़ा पुलिस ने हत्या के प्रयास और छेड़खानी मामले में फरार चल रहे आरोपी मदन चैहान (22 साल) निवासी ग्राम रायकेरा थाना घरघोड़ा को कल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी युवक अपने बड़े भाई मधुसूदन चैहान के साथ पुरानी रंजीश पर कोनपारा के युवक को अपने मारूति कार से कुचलकर हत्या की कोशिश की गई थी। जानकारी के मुताबिक आहत युवक की पत्नीध्प्रार्थीया घटना को लेकर 09 सितंबर को थाना घरघोड़ा में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि घटना के कुछ दिनों पहले मधुसूदन चैहान उसके भाई मदन चैहान उनके साथियों के विरुद्ध थाने में छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसे लेकर आरोपीगण रंजीश रखे हुए थे। 09 सितंबर को प्रतिदिन की तरह दोनों पति-पत्नी अपनी दुकान में बैठे थे। उसी समय मधुसूदन चैहान और मदन चैहान एक मारूति कार में आए और कार से उतर कर दोनों दुकान के सामने आकर थाने में रिपोर्ट को लेकर गाली गलौज कर धमकी दिए और फिर चले गए। दोपहर जब पति अपने स्कूटी से घर खाना खाने आ रहा था। तब दोनों भाई मधुसूदन चैहान और मदन पहले से घात लगाये रायकेरा मेन रोड पांझर पुलिया के पास पीछे से अपने मारूती कार में स्कुटी पर सवार पति की हत्या करने की पूर्ण नियत से ठोकर मारें जिससे स्कुटी के साथ गिरे प्रार्थीया के पति के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आयी है।

# परिवर्तन यात्रा से बीजेपी की सत्ता की आस नहीं होगी पूरी - गुलाब

## विधायक कमरो ने किया 9 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमि पूजन




**मनेन्द्रगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। भूपेश सरकार ने क्षेत्र को अनुमान से अधिक बुनियादी जरूरतों से जुड़ी विकास कार्यों की सौगात दी है। अब प्रदेश में दोबारा कांग्रेस को जन आशीर्वाद देने की जिम्मेदारी जनता की है। आज बीजेपी महंगाई और बेरोजगारी से लोगों का ध्यान भटकाने परिवर्तन यात्रा निकाल रही है, लेकिन उनकी सत्ता की आस कभी पूरी नहीं हो पाएगी। उक्त बातें सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो ने सोमवार को शासन की योजनाओं के तहत भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के 1 दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में 9 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों डामरीकरण, सांस्कृतिक शेड, सामुदायिक भवन, पुलिया और सीसी निर्माण कार्यों के भूमि पूजन के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। विधायक ने ग्राम पंचायत डोमनापारा के ठिहाई पारा में विधायक मद से डेढ़ लाख की लागत से सांस्कृतिक शेड निर्माण, डोमनापारा में ही मनरेगा मद से 11 लाख 68 हजार की लागत से नर्सरी नाला में आरसीसी पुलिया निर्माण, ग्राम पंचायत खैरबना के ग्राम बरकेला में मुख्यमंत्री समग्र योजना से पुलिया निर्माण 8 लाख, गुलाबखंड पारा में 300 मीटर सीसी रोड 7.80 लाख, ग्राम पंचायत कोथारी स्थित झोरगी नाला में पुलिया निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत सिरियाखोह के हरिजनपारा में सीसी रोड 5.20 लाख, चिरईपानी में देवशरण घर से बांगा घर की ओर सीसी रोड 5.20 लाख, मुख्तियारपारा में मेन रोड चेरवा पारा में सीसी रोड 5.20 लाख, मुख्तियारपारा में ही विधायक मद से ग्राम सलका भाटाबारी में सांस्कृतिक शेड निर्माण 1.50 लाख, ग्राम पंचायत हर्रा में मनरेगा मद से आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य चुक्तिपानी 20 लाख, बरबसपुर में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत भवानी घाट की ओर एवं खेड्डुरी पारा में सीसी रोड अलग-अलग 5.20 लाख, उजियारपुर में सामुदायिक भवन 6.50 लाख, लक्ष्मण घर के पास 200 मीटर सीसी रोड 5.20 लाख, उजियारपुर राधारमननगर तक डामरीकरण 774 लाख, सोनवर्षा में वार्ड क्र. 8 बगीचा पारा में पुलिया निर्माण 5 लाख, लोहारी के मझरीपारा में सीसी रोड 7.80 लाख, साहू समाज हेतु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख, मोरगा के हरिजनपारा मोहल्ला में सीसी रोड 5.20 लाख एवं ग्राम पंचायत सरभोका में मुख्यमंत्री समग्र योजना के तहत पुलिया निर्माण हेतु 6 लाख कुल 9 करोड़ 1 लाख 18 हजार रूपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। विकास कार्यों के भूमि पूजन के साथ विधायक कमरो ने सघन जनसंपर्क कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनधियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में अब तक हुए बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों और उससे मिल रहे लाभ की विस्तार से जानकारी ली साथ ही विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल लगाकर ग्रामीण जनों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी मांग पर कई विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सदस्य कृष्णा सिंह, नानकुंवर सिंह, आरती सिंह उइके एवं बृजमोहन साहू तथा सरपंच भवन सिंह, सुनीता सिंह, सोहन श्याम, फूलमती उइके, मानमती, अजय सिंह, श्याम सिंह खैरवार, सावन कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, जगरनाथ पंडो, कदम कुंवर एवं उपेंद्र मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सार-संक्षेप

## दिवंगत शिक्षिका के परिवार को शिक्षकों ने दी सहायता राशि



**सूरजपुर** 25 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के हजारों शिक्षको ने संयुक्त सहयोग से अपने दिवंगत शिक्षक साथी के परिवार का साथ व उन्हें संवेदना प्रगट करने के लिए एकजुट हो संयुक्त संवेदना समिति के माध्यम से विगत 3 वर्षों से एक अनोखी शुरुवात की है।जहां जिले के शिक्षक दिवंगत शिक्षक परिवार को एक लाख रुपये प्रदान कर, अनुकम्पा सहित लम्बित देयक के भुगतान में सहायता करते है।समिति के संचालक सचिन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विकास खण्ड भैयाथान के प्राथमिक शाला खुटरापारा में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती रीता साहू के दिवंगत पश्चात उनके दशगात्र पर विकास खण्ड के शिक्षकों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुवे उनके पुत्र प्रज्ज्वल साहू को एक लाख का चेक प्रदान कर अपनी संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि संयुक्त संवेदना समिति के द्वारा जिले के अब तक दस दिवंगत शिक्षक के आश्रितो को कुल दस लाख रुपये प्रदान किया जा चुका है तथा उनके नामिनी अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कर चुके है। संवेदना प्रगट करने में राकेश शुक्ला, राधे साहू, मनोज कुशवाहा, सुरेंद्र दुबे, कुलदीप सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, संधारी देवांगन, बिंदेश्वर कुशवाहा, डॉ. मोहन साहू, अजीत गुप्ता, दिलीप साहू, शैलेश साहू, ईश्वर सिंह, बिजेंद्र साहू, के के साहू, कमलेश्वर कुशवाहा, सोमार साय, राजा राम, प्रदीप साहू, अनिल साहू, संजय साहू, अरुण साहू, सिया राम यादव, अशोक साहू, रोशन साहू, भैया लाल सिंह, राम कुमार, राजकुमार शिवनाथ सिंह, उमेश सिद्दार, नीलेश चंद्रवंशी, श्रीमती पुनीता साहू, श्रीमती मंजू लता साहू, श्रीमती अनिता साहू, रामहित साहू, बसंत लाल यादव, नीरज साहू, विशारद जायसवाल शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## जिले के दो ग्राम पंचायत सलका व पुहपुटरा राज्य स्तर पर हुए सम्मानित

**अम्बिकापुर** 25 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 अंतर्गत राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सोमवार को बिलासपुर जिले में आयोजित राज्य स्तरीय भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा राज्य के 15 जिलों के 17 ग्राम पंचायतों को यह सम्मान प्राप्त हुआ। इनमें सरगुजा जिले के दो ग्राम पंचायत जिनमें जनपद पंचायत लखनपुर के ग्राम पंचायत सलका व पुहपुटरा को भी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 में उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य स्तर पर यह गौरव प्राप्त हुआ। मिशन संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई साहू द्वारा इन पंचायतों को सम्मानित किया गया।


कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व में जिले में स्वच्छता के प्रति सजगता के साथ कार्य किया जा रहा है और ग्रामीणों में प्रचार-प्रसार के माध्यम से स्वच्छ पंचायत बनाए जाने की अलख जगायी जा रही है, जिसका सीधा परिणाम आज देखने मिला है। सम्मान प्राप्त करने वाले ग्राम पंचायतों में भी ओडीएफ स्थाईतत्व अर्थात व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण सह उपयोग तथा ओडीएफ प्लस अर्थात ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों, स्वच्छाग्राही समूह, सक्रिय युवा सह बच्चों द्वारा सतत रूप से जन जागरूकता व प्रचार-प्रसार गतिविधि एवं कार्यक्रम किया जाता है। आज स्वच्छता अभियान कार्यक्रम इन दोनों ग्राम पंचायतों का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

## इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए आत्मानंद कोचिंग का हुआ शुभारंभ

**अम्बिकापुर** 25 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणानुसार इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में युवा छात्र छात्राओं की मदद के लिए ऑनलाइन स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ विकासखण्ड अम्बिकापुर सहित सभी सातों विकासखण्डों में 25 सितंबर से किया गया। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केदारपुर में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे की उपस्थिति एवं प्राचार्य श्रीमती रूमि घोष की अध्यक्षता में योजना की शुरुआत की गई। इस दौरान श्री रविशंकर पाण्डेय, सहायक परियोजना अधिकारी, श्री एल.पी.गुप्ता, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर, श्री आर.एल.मिश्र, प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.संजय गुहे ने बताया कि स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना शासकीय शैक्षणिक शालाओं के कक्षा बारहवीं में अध्ययनरत गणित एवं जीवविज्ञान संकाय के उन छात्र एवं छात्राओं के लिए उपलब्ध रहेगी, जो इंजीनियरिंग आईआईटी एवं जेईई तथा मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु नीट की तैयारी करना चाहते हैं। स्वामी आत्मानंद ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा चयनित संस्थाओं द्वारा की जायेगी।

## सेंट्रल बैंक के सामने आवागमन हो रहा बाधित




**मनेन्द्रगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य बाजार में चौराहे से 50 मीटर की दूरी पर सेन्ट्रल बैंक के सामने वाहनों को पार्क किए जाने से आवागमन बाधित होता रहता है। जिससे यहां के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन दिनों किसानों व बैंक में लेनदेन करने वाले उपभोक्ताओं का आना जाना लगा हुआ है। वहीं बाजार में सड़क पर सब्जी की दुकानें भी संचालित हो रही हैं। ऐसे में बैंक में आने वाले व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल मेन रोड पर अव्यवस्थित तरीके से दुकानों के सामने खड़ी का देते हैं। इस कारण बैंक के सामने हमेशा जाम के हालात बने रहते हैं। बैंक द्वारा पार्किंग की कोई व्यवस्था भी नहीं की जा रही है. वहीं बैंक के सामने ही बैंक द्वारा एक बड़ा जनरेटर भी रखा गया है जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है. जनापेक्षा है कि उक्त जनरेटर को तत्काल वहाँ से हटवाया जाए। बैंक के ग्राहक सड़क पर ही अपनी गाड़ी खड़ी कर देते हैं जिससे यहां के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।जिला कलेक्टर से मांग की है कि आवागमन बाधित न हो व दुकानों के आगे खड़े होने वाले वाहनों के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

# ट्रेलर चालक को चाकू दिखाकर डीजल लूट करने वाले चार गिरफ्तार



**जांजगीर**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। रात्रि में ट्रेलर वाहन को रोककर चाकू दिखाकर डीजल लूट करने वाले तथा चोरी का डीजल खरीदने सहित 04 आरोपी को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी पीमित कोर्राम पिता राजेन्द्र सिंह उम्र 32 वर्ष पता बोडेमुडा थाना खडगवा जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी बोडेमुडा थाना खडगवा जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी का जो ड्रायवरी का काम करता करता है जो रवि तिवरता जिला कोरबा वाले का ट्रेलर क्रमांक सी.जी. 10 बी.पी. 1301 को 21 सितम्बर 23 को दीपका कोयला खदान से कोयला लोड कराकर कन्हाईबंद नैला जांजगीर जाने के लिए निकला था जो हिंद कोलवासरी बिरगहनी थाना बलौदा के पास रात्रि करीबन 12-01 बजे पहुंचा था कि वाहन ट्रेलर को राजकुमार खांडे निवासी बिरगहनी एवं उसके अन्य साथी के द्वारा प्रार्थी को डरा धमका कर चाकू दिखाकर ट्रेलर को रोकवाकर ट्रेलर के डीजल टेंक से 400 लीटर डीजल लूट कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 392, 294, 506, 34, भादवि का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पतासाजी के दौरान मुखबीर सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले साहिल पाटले निवासी बुचीहरदी बलौदा, राजकुमार खाण्डे निवासी बिरगहनी, लखन जांगडे निवासी कोरबी एवं आरोपी हीतेश लहरे निवासी कोसा थाना मुलमुला को घेरा बंदी कर पकडे हिरासत में लेकर पुछताछ कर मेमोरण्डम कथन गवाहन के समक्ष लिया गया जो दिनांक घटना समय को अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त ट्रेलर वाहन के डीजल टंकी के पाईप को काटकर कुल 11 जरिकेन डिब्बा 35 लीटर क्षमता वाली में भरकर कुल 385 लीटर डीजल को लूटकर ले जाना एंव लखन जांगडे निवासी लपेटपारा कोरबी थाना बलौदा के पास 23,000 हजार रूपये में बिक्री करना तथा बिक्री की रकम 2500-2500 रूपये 8 हिस्से में बाटना तथा ब्रेजा गाडी का अलग से 3,000 हजार रूपये मे हितेश लहरे को देना तथा घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार एक नग धारदार बडा लोहे का चाकू, नगदी रकम 3500 रूपए लूट किये हुये कुल 11 जरिकेन डिब्बा 35 लीटर क्षमता वाली में भरकर कुल 385 लीटर डीजल किमती 38,000 रूपए को खरीददार लखन जांगडे से विधिवत पृथक-पृथक मुताबिक मेमोरण्डम कथन चारो आरोपियों से जप्ती की कार्यवाही किया गया है। तथा विवेचना दौरान प्रकरण में धारा 120 बी, 395 भादवि एवम 25, 27 आर्म्स एक्ट का जोडी गयी है। आरोपी साहिल पाटले उम्र 23 वर्ष ग्राम बुचीहरदी वार्ड क्र. 11 थाना बलौदा, हीतेश लहरे उम्र 20 वर्ष ग्राम कोसा थाना मुलमुला, राजकुमार खाण्डे उम्र 32 वर्ष ग्राम बिरगहनी, लखन जांगडे उम्र 46 वर्ष साकिन लपेटापारा कोरबी थाना बलौदा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बलौदा उप निरी. मनोहर, सिन्हा, सउनि केशव प्रसाद साहू, प्र. आर. गजाध केदार साहू, म.प्र. आर. जीवन्ती कुजूर, आर. संतोष रात्रे, श्याम भूषण राठौर, जितेन्द्र कुर्रे, अमन राजपूत, युव सिंह का योगदान रहा।

# सार-संक्षेप

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर मौसम की मार, कुर्सी सिर पर लेकर भागे नेता व कार्यकर्ता



**सक्ती** 25 सितंबर (देशबन्धु)। बाराद्वार में 24 सितंबर रविवार को भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया गया था। आयोजन में खलल उस वक्त पड़ा जब परिवर्तन यात्रा के स्वागत में बैठी जनता विधानसभा क्षेत्र के नेता कार्यकर्ता वहां पहुंचे हुए थे। मौसम विभाग की चेतावनी थी छत्तीसगढ़ में बरसात की भाजपा का इतना महत्वपूर्ण कार्यक्रम परिवर्तन यात्रा फिर भी कार्यक्रम के प्रभारी ने नहीं बनवाया वाटरप्रूफ पांडाल। नतीजा परिवर्तन यात्रा के इंतजार में बैठी जनता यात्रा के पहुंचे से पहले ही तितर-बितर हो गई।बारिश के चलते मंच पर बड़े नेता भी अपने आप को बारिश से बचाते नजर आए तो वही कार्यकर्ताओं को कुर्सी सिर पर लेकर इधर-उधर भागना पड़ा चंद मिनटों में ही बारिश के चलते पूरा पांडाल खाली हो गया। वहां उपस्थित भाजपा के जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला बारिश से बचने के लिए अपनी गाड़ी का सहारा लेते नजर आए। पूर्व विधायक व आयोजन के प्रभारी डा. खिलावन साहू मंच छोड़कर विश्राम गृह की और भागते नजर आए। मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद इस आयोजन के पण्डाल को वाटरप्रूफ नहीं बनवाया गया था। नतीजा छत्तीसगढ़ के बाराद्वार में भाजपा की परिवर्तन यात्रा मूसलाधार पानी के साथ बह गई। मंच पे बैठनेवाले नेताओं के हौंसले मूसलाधार बारिश के आगे पस्त हो कर रह गये। किसी ने गाड़ी की किसी विश्राम गृह की शरण ली।वही परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने वाली जनता जनार्दन जिन्हें ना गाड़ी ना ही विश्राम गृह उन्होंने बारिश से बचने के लिए वहां रखी कुर्सियों को छाता बना सिर पर धरा।ये पब्लिक है साहेब अपने बचाव और सुरक्षा का बखूबी इंतजाम जानती है।

## विधायक उत्तरी ने सामुदायिक भवन व सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन



**सारंगढ** 25 सितंबर (देशबन्धु)। कोसीर मुख्यालय के मां जेवरा दाई के पावन धरा ग्राम अंडोला में 10 लाख के सामुदायिक भवन एवं 5 लाख के सीसी रोड निर्माण का विधिवत भूमि पूजन कर उत्तरी जांगड़े विधायक सारंगढ़ ने ग्राम वासियों को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर अरुण मालाकार जिला कांग्रेस अध्यक्ष विष्णु नारायण चन्द्रा महामंत्री, गनपत जांगड़े विधायक प्रतिनिधि, छेदुराम साहू पूर्व जनपद सदस्य, संतोषी पालूराम भारती, सरपंच,आगाश चंद्रा पूर्व सरपंच,हरिचरण चन्द्रा चमार सिंह राजपूत, डॉक्टर भुनेश्वर बरेठ, गोपाल आदित्य, अरविंद सारथी, बाबूलाल बाबूलाल बरेठ,प्रभु दयाल बरेठ, भाग बाई अजय, कामेश्वर राजपूत, सुशील चन्द्रा, हीरो चन्द्रा, राजकुमार बरेठ, श्रीमती हेमलता अजय श्रीमतीअनुराधा राजपूत, रामू चन्द्रा ,मंगल सिदार पूर्व सरपंच, चेतराम कुर्रे व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## साइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत स्कूल प्रांगण में रखे 7 नग सायकल चोरी करने वाले दो आरोपी को जैजैपुर पुंलिस की त्वरित कार्यवाही से चंद घण्टो में गिरफ्तार कर लिया गया। मामले पर पुलिस ने बताया कि प्रार्थी जितेन्द्र कुमार राज पिता तुलाराम राज उम्र 39 साल साकिन तिलकेजा थाना उरगा जिला कोरबा हाल मुकाम आमगांव थाना जैजैपुर जिला सक्ती द्वारा आज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शासन के योजना अंतर्गत नि:शुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत वितरण हेतु मिल 16 सायकल में वितरण बाद बचे 8 नग सायकल में से 07 नग सायकल को स्कूल शास उच्च माध्य. विद्यालय आमगाव के स्कूल प्रांगण के बरामदा से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना पर अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर तैनात किया गया, मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम आमगाव निवासी गोपाल गोड़ एवं प्रवीण खुराना नये नये सायकल रखे हुए है एवं बिक्री हेतु ग्राहक तलाश रहे है। संदेही गोपाल गोड एवं प्रवीण खुराना के घर जाकर दबिश दिया एवं पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किये जाने पर चोरी किये सायकल को घर एवं तालाब में छुपाकर रखना एवं जाकर बरामद करा देना बताये।

## फगुरम चौक से कवली से टुण्ड्री सड़क मार्ग की हालत जर्जर



**डभरा**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। सक्ति से फगुरम ग्राम सराईपाली चेचंग एवं कंवली होते हुए टुण्ड्री से रायगढ़ जाने के लिए एकमात्र सड़क मार्ग है परंतु कई सालों से सड़क का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण एवं सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होकर सड़क डबरी तालाब में तब्दील हो चुका है जहां बारिश का पानी गड्ढे में लबालब भरा हुआ है सड़क मार्ग का आता पता नहीं है दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन हर रोज दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं सड़क की हालत बहुत खराब होने के कारण एंबुलेंस वाहन भी रायगढ़ नहीं पहुंच पा रही है मरीजो को आने-जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है सड़क मार्ग की हालत जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को रायगढ़ अस्पताल इलाज के लिए जाने के लिए दूसरे मार्ग की रास्ते से आना-जाना करना पड़ रहा है सड़क मार्ग में ग्राम ओडेकेरा सराईपाली कवली के टुण्ड्री पास सड़क में इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं की ग्रामीणों को चलना मुश्किल हो गया है दो पहिया वाहन पैदल चलना जान जोखिम में डालकर आना-जाना कर रहे है जबकि डीबी पावर प्लांट की भारी वाहन बड़े-बड़े गड्ढे होने के बाद भी फर्राटे भर रहे हैं पावर कंपनी के लिए इकलौता रास्ता होने के बाद भी इस सड़क मार्ग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है हर रोज सैकड़ों भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क मार्ग गड्डे हो रहे हैं वही करोड़ों रुपयों में ठेका होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार की लापरवाही की खामियाजा ग्रामीण राहगीर भुगत रहे हैं चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में चमचमाती सड़को की सपना अधूरा रह गया है ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल रही है

# बाबा कीनाराम की लोलार्क षष्ठी व अघोरेश्वर भगवान रामजी की जयन्ती मनायी गयी

**जांजगीर**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। अघोराचार्य महाराजश्री बाबा कीनारामजी का लोलार्क षष्ठी पर्व पर उनके विग्रह पर पूजन-आरती सम्पन्न किया गया। तत्पश्चात् सफलयोनि सदग्रन्थ का पाठ आश्रम के व्यवस्थापक गोपाल राम द्वारा किया गया। इसके उपरान्त लघु गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात् सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को परमपूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु का आशीर्वचन सुनाया गया। अन्त में भारतेन्दु सिंह ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। 22 सितम्बर को ही परम पूज्य अवधूत भगवान रामजी के जयंती में 35 पूजा स्थलों, मंदिरों, गिरिजा घरों एवं मस्जिद, मजारों में झाड़ू वितरित किये गये। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकलतरा के लगभग 70 मरीजों एवं 40 स्कूली बच्चों के बीच फल, जूस, चना, बिस्किट आदि का वितरण किया गया। रात्रि में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अघोरेश्वर जयन्ती पर्व पर आश्रम में भण्डारा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे आश्रम के श्रद्धालुजनों का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम ट्रस्ट द्वारा इसके लिये समस्त भक्तों का आभार व्यक्त किया गया।



**मुगल शासन में दुख सुनने वाला कोई नहीं था - कापालिक बाबा :** परम् पूज्य कापालिक धर्म रक्षित राम बाबाजी ने बताया की हमारे दुखों से मुक्ति का मार्ग संतों के सत्संग और आचरण से हमें प्राप्त होता रहा है। तत्कालीन मध्यकालीन समय में, मुगलों के शासन में जनता के दुख को कोई सुनने वाला नहीं था। क्योंकि सम्राट के अंतर्गत ही व्यवस्थापिका कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्ति थी। राजा ही सब कुछ था। ऐसे समय में जनता जब दुखी हो जाती थी,तो सिर्फ उसके सामने संतों के चरण ही रहते थे। बाबा कीनारामजी ने अपने प्रभाव और चमत्कारों से जनता का विश्वास जीता और अपनी शरण में आए हुए सभी की समस्याओं का समाधान का रास्ता दिया। भगवान कीनारामजी एक ऐसे संत हुए हैं जो रामानुज संप्रदाय के बाबा शिवराम बाबा से दीक्षित होने के बाद कालूराम बाबा के अघोर परंपरा तक के जीवन से दीक्षित होते हैं। ऐसे संत जो भगवान विष्णु और भगवान शिव के दोनों रूपों को एकत्रित करते हैं। ऐसा अवसर विश्व के लिए यह पहला रहा होगा, आज के वर्तमान युग में तत्कालीन से समय समय से चली आ रही है परंपरा आज भी है कि जब हम कहीं से निराश होते हैं, दुखी होते हैं,तो ईश्वर और संत की शरण में चले जाते हैं।

# जनदर्शन में मिले 220 आवेदन कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्या



**जांजगीर**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आज जनदर्शन में कलेक्टर को अपनी समस्याएं बतायी। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी लोगों की समस्याओं, मांग व शिकायतों को बारी-बारी से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। आज जनदर्शन में कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जनदर्शन में आज बलौदा विकासखंड के ग्राम कमरीद निवासी गजाधर द्वारा मोटराइज्ड ट्रायसायकल दिलाने, तहसील सारागांव के ग्राम अफरीद के प्रीतम दास सूर्यवंशी द्वारा ऋण पुस्तिका दिलाने, ग्राम कचंदा के श्रीमती रचना बाई द्वारा राशन कार्ड बनवाने,ग्राम उसलापुर के विशाल प्रसाद रात्रे द्वारा रिकार्ड दुरुस्तीकरण करवाने, ग्राम कचंदा निवासी श्रीमती भाग्यवती कश्यप द्वारा विधवा पेंशन दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम अमलीपाली के शत्रुहन सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए उचित निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार आज जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा पट्टा दिलाने, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, आर्थिक सहायता, रोजगार प्रदाय करने, राशनकार्ड सहित कुल 220 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया गया अनावरण

**अकलतरा**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर के महाराणा प्रताप चौक में नवनिर्मित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण आज राजपूत क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के हल्दीघाटी से लाई गई मिट्टी का वितरण भी राजपूत क्षत्रिय समाज के लोगों को किया गया। कार्यक्रम में रवि सिसोदिया ,विजय प्रताप सिंह, अरुण राणा,सौरभ सिंह,मंजू सिंह,राघवेंद्र कुमार सिंह, रमेंद्र सिंह चौहान, हलदर सिंह राणा, पूर्णेन्द्र सिंह राणा,योगेंद्र सिंह बैस, राघवेंद्र प्रताप सिंह, तपोधन सिंह चौहान, अनिल सिसोदिया,रविंद्र सिंह बैस, रंजना सिंह चौहान, रविंद्र सिंह बैस, शैलेंद्र सिंह बैस, प्रतिपाल सिंह,संजय सिंह सिसोदिया,अशोक सिंह बैस,प्रमोद सिंह चौहान, अनुज सिंह, बृजेंद्र सिंह बैस,संजीव सिंह चंदेल, सुमित प्रताप सिंह, प्रणत पाल सिंह, नवल सिंह, ऋषि सिंह दीक्षित सहित राजपूत क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

# रीडर ने कर दी तहसीलदार की पिटाई, आरोपी फरार

## जिला मुख्यालय जांजगीर के तहसील कार्यालय का मामला



**जांजगीर**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय जांजगीर के तहसील कार्यालय में घुस कर तहसील के ही रीडर ने तहसीलदार की पिटाई कर दी। मामला आज दोपहर का है। तहसीलदार की शिकायत पर पुलिस ने रीडर के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी रीडर फरार है।

जांजगीर तहसील में तहसीलदार बजरंग कुमार साहू पदस्थ है। रीडर के पद पर आशीष कुमार मालू पिता विनीत मालू पदस्थ है। आज दोपहर 2 बजे के करीबन रीडर आशीष कुमार माल तहसीलदार के चेंबर में घुस गया। भरे पानी की बोतल से पहले उनके सर पर वार किया। फिर झूमा झटकी करते हुए तहसीलदार की पिटाई कर दी। तहसीलदार के द्वारा शोर मचाने पर अन्य स्टाफ ने आकर बीच बचाव किया। इसके बाद आशीष कुमार म वहां से फरार हो गया। तहसीलदार बजरंग साहू ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। फिर सिटी कोतवाली थाने पहुंचकर बाबू के खिलाफ अपराध दर्ज करवाया। सिटी कोतवाली पुलिस ने आशीष कुमार मालू के खिलाफ धारा 294, 506, 332,353 के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आशीष कुमार मालू के पिता स्वर्गीय विनीत मालू राजस्व विभाग में पदस्थ थे। मौत के बाद आशीष कुमार मालू की अनुकंपा नियुक्ति सहायक ग्रेड 3 के पद पर हुई थी। बताया जा रहा है कि तहसीलदार बजरंग साहू के द्वारा रीडर को काम करने के लिए कहा जाता था, जिसमें वो आनाकानी करता था। वह कई बार बिना बताए दफ्तर से नदारत भी हो जाता था और अनुपस्थित रहता था। काम के लिए बार-बार टोका टांकी करने से नाराज रीडर ने आज तहसीलदार के चेंबर में घुसकर उनकी पिटाई कर दी।

# राहुल गांधी का साल ओढ़ाकर कर स्वागत किया राजेश्री महन्त ने



**जांजगीर**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के रायपुर आगमन पर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने श्री गांधी का साल ओढ़ाकर स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार राहुल गांधी से मिलने के लिए राजेश्री महन्त राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ न्यू रायपुर स्थित हाटल मेंफेयर में उपस्थित हुए थे, जैसे ही श्री गांधी राज्य के मुखिया भूपेश बघेल के साथ उपस्थित हुए, राज्य के सभी वरिष्ठ नेताओं ने बारी-बारी से उनसे सौजन्य भेंट मुलाकात की, इसी क्रम में राजेश्री महन्त ने भी उन्हें कोसा शाल ओढ़ाकर छत्तीसगढ़ आगमन पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री गांधी के स्वागत करने वालों में विशेष रूप से कवासी लखमा, मोहन मरकाम, श्रीमती अनिला भेड़िया, अरुण बोरा, कुलदीप जुनेजा, राजेंद्र तिवारी, श्रीमती किरणमयी नायक, रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित अनेक नाम उल्लेखनीय है। प्रेस को यह जानकारी मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव ने प्रदान की।

# भाजपा का परिवर्तन यात्रा पहुंचा चंद्रपुर विधानसभा, संयोगिता सिंह जुदेव ने कांग्रेस सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप




**डभरा** 25 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जशपुर जिले से प्रारंभ की गई परिवर्तन यात्रा शनिवार को चंद्रपुर विधानसभा पहुंचीं जहां हजारों की संख्या में उपस्थित जनमानस को भाजपा नेताओं ने संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

हम आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है इसी कड़ी में जशपुर जिले से प्रारंभ किया गया परिवर्तन यात्रा शनिवार को खरसिया से होते हुए चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोड़ासागर में प्रवेश किया जहां परिवर्तन यात्रा में शामिल भाजपा नेताओं का भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जुदेव के नेतृत्व में स्वागत किया गया इसके पश्चात भाजयुमो के मोटरसाइकिल रैली के साथ परिवर्तन यात्रा चंद्रपुर विधानसभा के नगर पंचायत डभरा पहुंची जहां हजारों के संख्या में उपस्थित विशाल आमसभा को भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। इस आमसभा को सबसे पहले संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जुदेव ने स्थानीय कांग्रेस के विधायक पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि पुरा क्षेत्र भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया है और विकास कार्य शुन्य है चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है हर दफ्तर में भ्रष्टाचार व्याप्त है इस परिवर्तन यात्रा के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली थे जो कि आसम से आए थे उन्होंने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी की सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को भरपूर राशि प्रदान कर रही है लेकिन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार उस राशि को राज्य के विकास कार्य में न लगाकर अपनी झोली भर रही है उन्होंने कहा हर विधानसभा में परिवर्तन यात्रा को विशाल समर्थन मिल रहा है जिससे स्पष्ट हो गया है कि अगली बार भाजपा को पूर्ण बहुमत हासिल होने वाली है उन्होंने जनसमूह को आह्वान किया और कहा कि नवंबर में होने वाले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जिताकर विधानसभा भेजें। परिवर्तन यात्रा को नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सांसद गुहाराम अजगल्ले, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण कांत चंद्रा ने भी संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। परिवर्तन यात्रा में रामपूर विधायक ननकी राम कंवर, यात्रा प्रभारी पूर्व विधायक मोतीलाल साहु, पूर्व प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास,अनुराग सिंह देव, चंद्रपुर विधानसभा प्रभारी सुशांत शुक्ला, पूर्व विधायक केराबाई मनहर, गुरुपाल सिंह भल्ला एवं डॉ राजेंद्र चौधरी मनीष चौधरी उपाध्यक्ष भाजपा मंडल कोटमी, मनीष महंत अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल कोटमी, राजेश्वर डनसेना, इंजीनियर भानु बंजारे ,रवि गुप्ता, लीलांबर सिंह जगत, मनोज पटेल भाजपा मंडल के पदाधिकारी युवा मोर्चा ,महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मियों ने किया विधायक निवास घेराव




**सारंगढ़** 25 सितंबर (देशबन्धु)। सोमवार को छत्तीसगढ़ आनश्लिक स्कुल सफाई कर्मचारियों ने विधायक निवास का घेराव कर ज्ञापन सौप। ज्ञात हो कि विधान सभा चुनाव के पूर्व स सीएम भूपेश बघेल के द्वारा वेतन सम्बंधित दयनीय स्थिति को संज्ञान में लेकर व भविष्य में मानदेय वृद्धि कराने एवं मांगों को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया गया था। गौरतलब है कि अंशकालिन स्कूल सफाई कर्मचारी पिछले सन 2011 से आज तक अल्पमानदेय पर विभिन्न स्कूलों में कार्यरत है उन्हें कार्य करते 11 साल हो गया। मानदेय का समय पर कोई ध्यान नही दिया गया। सभी अंशकालीन स्कूल सफाई कार्नियो को आर्थिक मानसिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बताते है कि सुबह 7ः30 बजे स्कूल खोलते है पाली अनुसार कार्य करते है तथा दोपहर, शाम को भी स्कूल जाना पडता है स्कूल को बंद करने के लिए तो कोई और दूसरा काम करने नहीं जा सकते इसलिए स्कूलों में सफाई कर्मियों को दिनभर का काम दिया जाए। बताते चले तो अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को वर्तमान में दो घटें के हिसाब से प्रति माह 2425रू के दर से मानदेय का भुगतान हो रहा है जिससे उनका अल्पमानदेय में घर परिवार चलाना बहुत ही मुशकिल हो रहा है ।अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मियों के मुख्य माँग अंशकालिन से पूर्णकालिन कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान किया जाना चाहिए जिसमे मांग पूरा कराने एवं मुख्यमंत्री से चर्चा कर मुलाकात कराने हेतु विधायक से सहयोग की मांग किया गया।

## तहसीलदार ने जारी किया अवैध निर्माण रोकने का आदेश

**सारंगढ** 25 सितंबर (देशबन्धु)। तहसीलदार नेत्रप्रभा सिदार ने प्रतापगंज के प्रेमबाई सिदार व पुरूषोत्तम सिदार को पदम अग्रवाल के मालिकाना हक की भूमि पर अवैध पक्का निर्माण करने व इसे हटाने के निर्देश जारी किए हैं और आगामी नौ अक्टूबर को तहसीलदार न्यायालय में अगर उक्त भूमि के सम्बंधित कोई दस्तावेज हो तो उसके साथ स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने तथा नियत तिथि को सुबह 10ः30 बजे उपस्थित नहीं होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की चेतावनी भी तहसीलदार द्वारा उक्त सम्बंधितों को दिया गया है।

## वेनेजुएला जल्द बन सकता है ब्रिक्स का सदस्य

**संयुक्त राष्ट्र।** वेनेजुएला बहुत जल्द ब्रिक्स ब्लॉक का सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसे रूस सहित सभी सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त है। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सप्ताह के अवसर पर स्पूतनिक को दी। श्री गिल ने कहा, हमने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और हम इसके भागीदार बनकर बहुत खुश हैं। हमने 22 अन्य देशों के साथ सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

# देश विदेश

# विश्व मंच पर अकेले पड़ गए ट्रूडो

■ वास्तविकता से करना पड़ रहा है सामना



**लंदन,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। लोगों की नजरों में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो काफी हद तक अकेले पड़ गए हैं, अपनी आबादी से 35 गुना आबादी वाले देश से पंगा लेने के बाद। वहां की मीडिया में ये बात कही गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो की विस्फोटक घोषणा के कुछ दिनों बाद, फ़ाइव आइज़ ख़ुफ़िया गठबंधन में उनके सहयोगियों ने स्पष्ट रूप से सार्वजनिक बयान दिए, जो पूर्ण समर्थन से काफी कम थे।

ब्रिटेन के विदेश सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा था कि उनका देश कनाडा जो कह रहा है उसे बहुत गंभीरता से लेता है। लगभग समान भाषा का प्रयोग करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि वह आरोपों से काफी चिंतित है। लेकिन शायद सबसे अधिक चौंकाने वाली चुप्पी कनाडा के दक्षिणी पड़ोसी, अमेरिका से आई। दोनों देश घनिष्ठ सहयोगी हैं, लेकिन अमेरिका ने कनाडा की ओर से नाराजगी व्यक्त नहीं की। जब अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र में सार्वजनिक रूप से भारत का मुद्दा उठाया, तो यह निंदा करने के लिए नहीं, बल्कि एक नया आर्थिक मार्ग स्थापित करने में मदद करने के लिए भारत की प्रशंसा के लिए था। बाइडेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बाद में इस बात से इनकार किया कि अमेरिका और उसके पड़ोसी के बीच कोई %दरार% है। उन्होंने कहा कि कनाडा से परामर्श किया जा रहा है। लेकिन बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अन्य सार्वजनिक बयान कुछ ऐसे ही थे, जैसे गहरी चिंता। ये इस बात की ओर इशारा करते हैं कि पश्चिमी दुनिया के लिए भारत का कितना महत्व है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि कनाडा के लिए समस्या यह है कि उसके हित वर्तमान में भारत के व्यापक रणनीतिक महत्व की तुलना में बहुत कम हैं।



# लीबिया में बाढ़ के कारण 64 फिलिस्तीनियों की मौत

**रामल्लाह,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्वी लीबिया में विनाशकारी बाढ़ के कारण कम से कम 64 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य अभी भी लापता हैं। फिलिस्तीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के राजनीतिक सलाहकार अहमद अल-दीक ने कहा कि हम लीबिया में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फिलिस्तीनी समुदाय की स्थितियों पर नज़र रख रहे हैं, ताकि इससे होने वाले बड़े नुकसान का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा, हम उनके (पीड़ितों के) परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उम्मीद है कि लापता लोग जीवित पाए जाएंगे। उल्लेखीय है कि विनाशकारी भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल ने 10 सितंबर को पूर्वी लीबिया में तबाही मचाई थी, जिससे भीषण बाढ़ आई। इसके कारण हजारों लोगों की जान चली गई और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को व्यापक क्षति हुई।

## इजरायली आंदोलन ने नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की निंदा की

**तेल अवीव।** इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन ने कनाडा के संसद में एक यूक्रेनी नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की कड़ी निंदा की और आशा व्यक्त की कि देश के अधिकारी तदनुसार प्रतिक्रिया देंगे। यह जानकारी सोमवार को इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन के अध्यक्ष दिमित्री ट्रैपिरोव ने स्पूतनिक को दी। गौरतलब है कि शुक्रवार को, वयोवृद्ध 98 वर्षीय यूक्रेनी नाजी यारोस्लाव हंका, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी एसएस के 14 वें वेफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के रैंक में लड़े थे, को पूरे कनाडा की संसद ने खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया। हुंका को यह पहचान तब मिली जब हाउस ऑफ कॉमन्स के कनाडा की संसद में स्पीकर एंथनी रोटा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संबोधन से पहले परिचयात्मक टिप्पणी दे रहे थे। श्री ट्रापिरोव ने कहा कि फासीवाद विरोधी आंदोलन कनाडा में इजरायल के राजदूत को एक पत्र भेजेगा जिसमें इस प्रकार के कार्यों की अस्वीकार्यता के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, सबसे पहले हम इसकी निंदा करते हैं। पश्चिम भूल गया है कि फासीवाद और नाजीवाद क्या हैं। हमें उम्मीद है कि जैसा हमने किया है हमारे अधिकारी भी इसकी निंदा करेंगे, क्योंकि यहूदी लोग इन अपराधों को नहीं भूले हैं।

## सुडोकू 6328


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 7 | | | | 8 | 3 |
| | 6 | 9 | 2 | | | | 7 | |
| | | | | 1 | 3 | | 2 | |
| | | | | | 1 | 2 | | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | 2 | 9 | | | | | |
| | 5 | | 8 | 4 | | | | |
| | 4 | | | | 6 | 7 | 9 | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6328



**बायें से दायें:-**
१. अकेले रहने या विचरने वाला, एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेनदेन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

## वर्ग पहेली-6327



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 26 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 12**

### राशिफल

मेष - परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी, तीर्थ यात्रा होगी।

मिथुन - गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

कर्क - संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभवी मौज-शौक की वस्तुएं वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्यजीवन का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। नौकरी में संभलकर रहें। साथियों का सहयोग कम मिलेगा।

कन्या - आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है।

तुला - आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा।

धनु - परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- संबंधियों से भेंट- उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा। कार्य सरलता से पूरे होंगे। नौकरी- धंधे में लाभ होगा।

कुंभ - पैसे की लेन-देन आपको नुकसान में डाल सकते हैं। एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पैसे का निवेश गलत जगह न हो, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होगा।

मीन - समाज में अग्रिम स्थान प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। नौकरी- व्यवसाय में वृद्धि का योग है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 के पार

**ढाका,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश में इस साल अब तक डेंगू बुखार के 187,725 मामले सामने आए हैं जिनमें से 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए। देश में स्थानीय समयानुसार रविवार को सुबह 8:00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 16 और मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है। जून-सितंबर की मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।



# ब्रिटेन के अस्पताल में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत की जांच करेगा कोरोनर कार्यालय

**लंदन,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के एक अस्पताल से 30 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत का मामला सामने आ रहा है। यह घटना पिछले महीने की है। इस मामले में कोरोनर कार्यालय की जांच शुरू हो रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मृतक के पिता का कहना है कि अगर परिवार को दूसरी मेडिकल राय का अधिकार दिया जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था।

गार्जियन अखबार ने सोमवार को बताया कि 58 वर्षीय जय पटेल ने कहा कि जब उनका बेटा बलराम बीमार पड़ गया, तो उसे अनुपयुक्त उपचार दिया गया और वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने से इनकार कर दिया गया, जिसे ब्रिटेन में मार्था के नियम के रूप में जाना जाता है।नियम मरीजों और उनके परिवारों को उसी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों से दूसरी राय लेने का कानूनी अधिकार देता है, यदि उन्हें लगता है कि उनकी चिंताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और यदि मरीज की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है।जय ने कहा कि बलराम के फेफड़ों की हालत सही नहीं थी और 9 अगस्त को लंदन के सेंट थॉमस अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई, उन्होंने कहा कि कोरोनर कार्यालय उपचार में देखभाल और देरी के संबंध में एक जांच शुरू कर रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, अस्पताल के अधिकारियों ने बलराम की मौत का कारण पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों में तरल पदार्थ का निर्माण) का उल्लेख तब किया, जब जय ने कोरोनर के कार्यालय में हस्तक्षेप किया। यूके सरकार की वेबसाइट के अनुसार, कोरोनर का कार्यालय उन सभी मौतों की जांच करता है जहां मौत के कारण अज्ञात है। यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा को दोषी ठहराते हुए, जय ने कहा कि बलराम कई विकलांगताओं से पीड़ित था और विकास में देरी हो रही थी।




# अपहरण के 4 महीने बाद घर लौटा पाक पत्रकार



**इस्लामाबाद,** 25 सितंबर (एजेंसियां)। प्रमुख पाकिस्तानी पत्रकार और एंकर इमरान रियाज खान चार महीने पहले अगवा होने के बाद सोमवार को अपने परिवार के पास लौट आए। वो देश के सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ अपने मुखर रुख और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खुले समर्थन के लिए जाने जाते हैं।

उनकी सुरक्षित वापसी की रिपोर्ट की पुष्टि सियालकोट पुलिस ने की। इसमें कहा गया- पत्रकार/एंकर इमरान रियाज़ खान को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है... वह अब अपने परिवार के साथ हैं। इमरान रियाज़ खान के वकील ने भी उनके परिवार के पास सुरक्षित वापसी की खबर की पुष्टि की। वकील अशफाक ने कहा, खुदा के आशीर्वाद, कृपा और दया से, मैं अपने राजकुमार को वापस ले आया हूं। उन्होंने कहा, कमज़ोर न्यायपालिका और संविधान की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ कानूनी लाचारी सहित कई कठिनाइयों का सामना करने के कारण इसमें काफी समय लगा। इमरान रियाज़ खान की वापसी से उनके परिवार और पाकिस्तान के पत्रकार समुदाय ने राहत की सांस ली, जो महीनों से उनके जबरन और अवैध अपहरण का मुद्दा उठा रहे थे K11 मई को उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में रिहा होने के बाद, इमरान रियाज़ खान का 15 मई को अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया था। तब से, उसका ठिकाना अज्ञात रहा। उन्हें किसी भी अदालत के सामने पेश नहीं किया गया, न ही किसी प्राधिकारी द्वारा कोई आरोप तय किया गया। लाहौर हाई कोर्ट (एलएचसी) में एक मामला दर्ज किया गया था जिसमें इमरान रियाज़ खान के ठिकाने का विवरण मांगा गया, जिसमें अदालत से मुख्यधारा के पत्रकार की बरामदगी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था।

# तुर्किए में 72 संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

**अंकारा,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। तुर्किये के सुरक्षा बलों ने सात प्रांतों में मादक पदार्थ विरोधी अभियानों में कम से कम 72 संदिग्ध तस्करों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान एग्री, मुगला, दियारबाकिर, तेकिरदाग, साकार्या, आयडिन और बिंगोल प्रांतों में चलाए गए। इस दौरान सकरिया में 9.5 किलोग्राम भांग और 0.5 किलोग्राम वजन वाले विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए गए। वहीं बिंगोल में 13 किलोग्राम भांग और आयडिन में लगभग 2.2 किलोग्राम भांग और 1.6 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया। इसके अलावा तेकिरदाग में लगभग 15,680 नशीली गोलियां, दियारबाकिर में 80 किलोग्राम पाउडर वाली भांग, 834,000 भांग के पौधे आदि और मुगला और एग्री में क्रमशः 2 किलोग्राम और 25 किलोग्राम तरल मेथामफेटामाइन जब्त किए गए। उन्होंने कहा, हम मादक पदार्थों के तस्करों को कोई राहत नहीं देंगे। हम उन्हें पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उन्हें अपने भविष्य, युवाओं और समाज में जहर घोलने की इजाजत नहीं देंगे।

## आज का इतिहास

1580- ब्रिटिश नाविक फ्रांसिस ड्रेक समुद्री रास्ते से पूरे विश्व का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश पहुंचे।
1629- स्वीडन और पोलैंड ने अल्टमार्क की शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
1786- ब्रिटेन और फ्रांस ने व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1820- भारतीय समाज सुधारक, शिक्षाविद् और स्वतंत्रता सेनानी ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म हुआ।
1919 - रोटरी क्लब ऑफ इंडिया की कलकत्ता में पहली बैठक हुई।
1923- जाने-माने अभिनेता देव आनंद का जन्म हुआ।
1932- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का जन्म हुआ।
1944- सोवियत बलों ने एस्टोनिया पर कब्जा किया।
1953- अमेरिका और स्पेन ने रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
1954- जापान में तूफान से पांच नौकाएं डूबने से लगभग 1,600 लोगों की मौत।
1976- चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
1980- सोयुज 38 पृथ्वी पर लौटा।
1985- ट्यूनीशिया ने लीबिया के साथ राजनयिक संबंध खत्म किये।
1996- अंतरिक्ष यान एसटीएस 79 (अटलांटिस 17), पृथ्वी पर वापस लौटा।
1998 - सचिन तेंदुलकर ने एक दिवसीय क्रिकेट में 18वां शतक बनाकर विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।
2007- वियतनाम के दक्षिणी शहर कैनथो में एक निर्माणाधीन पुल के ध्?वस्त हो जाने से 62 श्रमिकों की मौत हो गई।
2010- स्कॉटलैंड के सहायता कर्मी लिंडा नॉरग्रोव और तीन अफगान सहयोगियों को अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में तालिबान के सदस्यों ने अगवा कर लिया।

**कूटनीति** चीन की यात्रा पर है नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड

# नेपाल और चीन में 12 समझौतों पर हस्ताक्षर

**काठमांडू,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल और चीन में एक एमओयू सहित 12 विभिन्न समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। यह करार नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की आधिकारिक चीन यात्रा के दौरान किए गए। दहल अपने चीनी समकक्ष ली कियांग के निमंत्रण पर चीन के दौरे पर हैं। उन्होंने 19वें एशियन गेम्स से इतर शनिवार को हांगझोऊ में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत की। नेपाली पक्ष के मुताबिक, ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में दहल और ली के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक एमओयू समेत इन 12 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। सोमवार को जिन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, उनमें चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग और नेपाल के राष्ट्रीय योजना आयोग के बीच सहयोग, नेपाल के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन और वितरण पर 2017 नेपाल-चीन समझौता ज्ञापन के नोटों का आदान-प्रदान और एक अन्य समझौता शामिल है। डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ाने पर सहयोग के लिए चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग और नेपाल के वित्त मंत्रालय से संबंधित है।

■ नोटों का आदान-प्रदान भी समझौतों में है शामिल

इसी तरह, हरित और निम्न कार्बन विकास के लिए चीनी आयोग और नेपाल के वानिकी और पर्यावरण मंत्रालय के बीच सहयोग, कृषि, पशुधन और मत्स्य पालन के विकास के लिए सहयोग पर समझौता और चीन नेपाल की समीक्षा और संशोधन के लिए एक संयुक्त तकनीकी कार्य समूह का गठन हस्ताक्षरित समझौतों में 1981 में हस्ताक्षरित व्यापार और भुगतान समझौता भी शामिल था। इस अवसर पर चीन के सामान्य प्रशासन, सीमा शुल्क मंत्रालय और नेपाल के कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय ने नेपाल से चीन में औषधीय उत्पादन के लिए पौधों के निर्यात के संबंध में एक प्रोटोकॉल पर सहमति व्यक्त की है और इनके बीच एक समझौता हुआ है। चीनी प्रेस और प्रकाशन विभाग और संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद और प्रकाशन करेंगे। इसी तरह, दोनों के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग करने और आपदा सामग्री, मानव संसाधन और हिल्सा सिमिकोट सड़क परियोजना के निर्माण पर सहमति व्यक्त की। जो नेपाल की उत्तरी सीमा को चीन के तिब्बत से जोड़ेगा। दहल ने चीन के व्यापारिक समुदाय को नेपाल के आर्थिक विकास के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और दोनों देशों के निजी क्षेत्रों के बीच मजबूत सहयोग बनाने पर जोर दिया, जो विकास के इंजन के रूप में कार्य करता है।



## सुडोकू 6328 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

## दुनिया को जानें


# कंबोडिया में 7 साल में जीका का पहला मामला सामने आया

**नोम पेन्ह,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। कंबोडिया में 2016 के बाद जीका वायरस संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मध्य कम्पोंग थॉम प्रांत में एक सात साल की लड़की में संक्रमण की पुष्टि हुई है। उसे पिछले सप्?ताह सोमवार को डेंगू जैसे लक्षणों के साथ बरे सैंटुक रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंत्रायल के रविवार को जारी बयान में कहा गया है कि गुरुवार को जांच परिणाम से पुष्टि हुई कि वह जीका वायरस से संक्रमित हैं। जीका एक फ्लेविवायरस है जो मुख्य रूप से एडीज प्रजाति के मच्छरों से फैलता है। इसके अलावा यह यौन संपर्क, रक्त संक्रमण और गर्भवती मां से बच्चे में भी फैलता है। इसमें गर्भ में शिशु की मृत्?यु भी हो सकती है। जीका के लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, दाने निकलना, लाल आँखें और जोड़ों का दर्द शामिल हैं। अधिकांश मरीज़ दो से सात दिन में ठीक हो जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं से सतर्क रहने और खुद को एडीज मच्छरों से बचाने और संक्रमण के लक्षण दिखने पर डॉक्टरों को दिखाने का आह्वान किया।

# खेल जगत

## 'किसी भी नंबर पर खेलने को तैयार हूं': श्रेयस अय्यर

**इंदौर**, 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्यक्रम के भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने विश्व कप से पहले अपनी वनडे साख के बारे में एक शानदार बयान दिया, जिसमें उन्होंने 105 रन के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शीर्ष स्कोर बनाया। यह साल का उनका पहला और इस प्रारूप में तीसरा शतक है। अय्यर, जो पीठ की सर्जरी के कारण काफी समय से एक्शन से दूर थे और जब उन्होंने एशिया कप में वापसी की तो एक बार उन्हें उनकी इंजरी ने परेशान किया जिसके कारण वो वहां भी कई मुकाबले से चूक गए। हालांकि, वर्ल्ड कप टीम में शामिल श्रेयस अय्यर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। अपनी पारी के बारे में बात करते हुए, अय्यर ने कहा कि वह खुद से कहते रहे कि फिटनेस के मोर्चे पर पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं और केएल राहुल और ईशान किशन जैसे अन्य दावेदारों को देखते हुए उन्हें अपने खिलाफ प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ना होगा। श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं खुद से कहता रहता हूं कि प्रतिस्पर्धा मुझे खुद से है।



# टाइटस साधू की गेंद के कहर से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई खेलों में जीता स्वर्ण

## भारत ने श्रीलंका को रोमांचक फाइनल में दी 19 रन से शिकस्त

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। 18 बरस की नौजवान तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) के गेंद से कहर तथा सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की दूसरी विकेट की 73 रन की भागीदारी की बदौलत भारत की महिला क्रिकेट ने टीम ने श्रीलंका को झांगजू (चीन) में एशियाई खेलों के कम स्कोर वाले रोमांचक फाइनल में सोमवार को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। साधू का गेंदबाजी विश्लेषण रहा 4-2-6-3। इसी के साथ टाइटस साधू ने साबित किया कि वह वाकई बड़े मंच पर बड़ा प्रदर्शन करने का दम रखती हैं। बंगाल की नौजवान गेंदबाज टाइटस साधू (2/6) ने गेंद से कमाल कर इस साल जनवरी में पोशे स्टॉर्म (दक्षिण अफ्रीका ) में भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पहले आईसीसी टी-20 महिला अंडर-19 क्रिकेट फाइनल में सात विकेट से जीत दिला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, भारत की तेज गेंदबाज टाइटस साधू ने हांगजू में जिजीयांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी की धीमी पिच पर भी अपने पहले ओवर की पहली ही गेंद पर श्रीलंका की विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज अनुष्का संजीवनी के कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों मिड विकेट पर कैच कराने के बाद चौथी गेंद पर विष्मी गुणरत्ने को बोल्ड किया और फिर अपने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर खतरनाक दिखती कप्तान सलामी बल्लेबाज कप्तान चमरी अट्टापट्टू (12 रन, 12 गेंद, एक छक्का, एक छक्का) को एक्स्ट्रा कवर पर




दीप्ति शर्मा के हाथों कैच कर उसका चार ओवर में उसका स्कोर तीन विकेट पर 14 रन कर उसकी पारी को शुरू में ही ऐसा बिखेरा वह संभल ही नहीं पाई। दो मैचों के प्रतिबंध के बाद वापसी करने वाली हरमनप्रीत कौर का यह फाइनल भारत की कप्तान के रूप में सौवां टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच था। हरमनप्रीत कौर ने अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता राष्ट्रमंडल खेलों और टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार की कसक जरूर कुछ कम कर दिया।

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे भारत की पारी का संभल कर आगाज किया। शैफाली (9 रन, 15गेंद, 1 चौका) बाएं हाथ की स्पिनर की सुगंधिका कुमारी की गेंद को उड़ाने के फेर में हवा में मात खा गई और विकेटकीपर संजीवनी ने उन्हें स्टंप कर दिया और भारत ने पहला विकेट 16 रन पर खोया। स्मृति मंधाना (46 रन, 45 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और जेमिमा रॉड्रिग्ज (42 रन, 40 गेंद, 5 चौके) जरूरत से ज्यादा सतर्कता से खेली। स्मृति मंधाना ने पारी के 15 वें ओवर में श्रीलंका की बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा की गेंद को उड़ाने की कोशिश की लेकिन उनके बल्ले का बाहरी लेकर उछली गेंद को शॉर्ट फाइन लेग प्रबोधिनी ने उनका कैच कर उनकी बढ़िया पारी और दूसरे विकेट की 73 रन की भागीदारी को क्या तोड़ा की भारत के विकेट की झड़ी ही लग गई। तेज गेंदबाज टाइटस साधू (3/6) और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (2/20) ने जवाबी हमला बोलने के अंदाज मे उतरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली हसिनी परेरा (25 रन, 22 गेंद एक छक्का, चार चौके) को स्लॉग स्वीप करने पर मजबूर कर उन्हें पूजा वस्त्रकार के हाथों पारी के दसवें ओवर में कैच करा आउट उनकी और नीलाक्षी डिसिल्वा (23 रन,34 गेंद, एक छक्का, एक चौका) की 36 रन की भागीदारी को तोड़ कर श्रीलंका स्कोर चार विकेट पर 50 रन करने के बाद उसकी पारी पर ब्रेक लगा उसे निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 97 रन पर रोक कर भारत को फाइनल जिताने के साथ स्वर्ण पदक भी जिता दिया। परेरा ने आउट होने से पहले राजेश्वरी गायकवाड़ के एक ओवर में एक चौके व एक छक्के सहित तथा पूजा वस्त्रकार के एक ओवर में लगातार तीन चौके जड़ने के साथ 12-12 रन बनाए थे। नीलाक्षी डिसिल्वा पारी के 17 वें ओवर में बेवजह तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार की गेंद को स्कूप करने के फेर में बोल्ड हो गई और श्रीलंका ने पांचवां विकेट 78 रन पर खोया। नीलाक्षी ने आउट होने से पूर्व पांचवें विकेट के लिए ओशादी रणसिंघे (19 रन, 26 गेंद, 2 चौके) के साथ 28 रन जोड़े थे। ओशादी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा की गेंद को उड़ाने के फेर में टाइटस साधू को पारी के 18 वे ओवर कैच थमा आउट हुई और श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 86 रन हो गया। लेग स्पिनर देविका वैद्य ने अंतिम पूर्व ओवर में कविशा दिलहारी (5) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच कराया। राजेश्वरी गायकवाड़ ने अंतिम व 20 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर सुगंधिका कुमारी को विकेटकीपर ऋचा के हाथों कैच करा उसका स्कोर आठ विकेट पर 97 रन कर और अगली पर कोई रन नहीं और भारत ने मैच जीत लिया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू एशियाई खेलों में दबदबा बनाए रखने के मकसद से उतरेगी



**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम हांगजू (चीन) एशियाई खेलों मे उज्बेकिस्तान को रविवार को 16-0 से धोने के बाद अब एक मंगलवार को पूल ए में अपने दूसरे मैच में एक और कमजोर टीम सिंगापुर से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपना दबदबा जारी रखने की होगी। सिंगापुर की टीम अपना पहला मैच पाकिस्तान से 0-11 से हारने के बाद मंगलवार को एफआईएच रैंकिंग में भारत के खिलाफ खेलने उतरेगी। भारत की टीम इससे पहले जब 2012 में जब दिल्ली मे सिंगापुर में भिड़ी तब उसे 15-1 से करारी शिकस्त दी थी।भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मालूम है कि मंगलवार के बाद उसके लिए हर अगला मैच और चुनौतीपूर्ण होगा। भारतीय हॉकी टीम के लिए संदेश साफ है एशियाई खेलों में शिद्दत से खेल भारतरीय हॉकी की विरासत को आगे बढ़ाना। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सिंगापुर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हमारे एशियाई खेलों में अपना अभियान दमदार ढंग से शुरु किया लेकिन हम यह जानते हैं कि हर मैच की एक अलग चुनौती होती है। हम हांगजू एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने के मकसद से आए हैं।' भारत की पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह की राय से इत्तफाक जताते हुए कहा, 'हालांकि हमने पहले मैच में प्रभावी जीत दर्ज की लेकिन हमारा फोकस हमेशा अगले मैच पर रहता है। हम अपना बढिया प्रदर्शन जारी रखते हुए अपनी रणनीति को और दुरुस्त करने के मकसद से उतरेंगे। हर मैच सीखने और टीम के रूप में आगे बढने का मौका है।'

**भारत का मंगलवार को मुकाबला सिंगापुर से**

# मैच फिक्सिंग के आरोप में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके को मिली जमानत



■ कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी
■ मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। मैच फिक्सिंग मामले में श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को सोमवार को कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत ने जमानत दे दी है। इससे पहेल उन्हें मैच फिक्सिंग से जुड़े आरोप में खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने 6 सितंबर को गिरफ्तार किया था। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, वह 12 दिसंबर, 2023 को फिर से अदालत में पेश होंगे। पिछले महीने अटॉर्नी जनरल (एजी) द्वारा एसआईयू को पूर्व ऑफ स्पिनर के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के निर्देश के बाद कोलंबो मजिस्ट्रेट ने 38 वर्षीय खिलाड़ी पर तीन महीने के लिए विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। सेनानायके पर आरोप है कि उन्होंने 2020 में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के पहले संस्करण में मैच फिक्स करने के लिए दुबई से टेलीफोन के जरिए दो क्रिकेटरों से संपर्क किया था। 2019 में खेल से संबंधित अपराधों की रोकथाम के तहत श्रीलंका में खेलों में भ्रष्टाचार को दंडनीय आपराधिक अपराध बनाए जाने के बाद यह सबसे पहला मामला है।

# रोइंग में भारत के नाम दो सिल्वर और तीन कांस्य

## भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता

**हांगझोऊ,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने सोमवार को एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता में दो और कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया। सोमवार को जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार और आशीष के भारतीय कॉक्सलेस फोर ने 6:10.81 समय के साथ उज्बेकिस्तान और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय दूसरे स्थान पर मजबूती से आगे बढ़े रहे थे लेकिन अंतिम कुछ क्षणों में चीन ने बाजी मार ली और रजत पदक हासिल कर लिया। फूयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में सोमवार को दूसरा कांस्य पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स में आया, जिसमें सतनाम सिंह, परमिंदर सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह की भारतीय नाव 6:06.61 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। चीन ने 6:02.65 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उज्बेकिस्तान ने :04.64 के समय के साथ रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने हांगझोऊ में 19वें एशियाई खेलों की रोइंग प्रतियोगिता पांच पदकों के साथ समाप्त की। उसने रविवार को अंतिम दिन तीन पदक जीते थे - दो रजत और एक कांस्य।




■ भारत ने दो रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 5 पदकों के साथ नौकायन में अपना अभियान खत्म किया

## पिता के नक्शेकदम पर चलकर भारत के लिए कांस्य जीतकर खुश हैं रोवर परमिंदर सिंह

भारतीय नाविक परमिंदर सिंह पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में छठे स्थान पर रहने के बाद निराश होकर लौटे

**हांगझोऊ।** भारतीय नाविक परमिंदर सिंह पुरुष डबल स्कल्स फाइनल में छठे स्थान पर रहने के बाद निराश होकर लौटे हैं। परमिंदर और उनके साथी सतनाम सिंह को दूसरे स्थान पर रखा गया था। हालांकि, बाद में वे छठे और आखिरी स्थान पर आ गए। उन्हें लगा कि एशियाई खेलों में पदक जीतने और अपने पिता इंद्रपाल सिंह का अनुकरण करने के अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्हें चार साल और इंतजार करना पड़ सकता है, जिन्होंने 2002 में बुसान एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन भारतीय नौसेना में 23 वर्षीय ऑफिसर ने हिम्मत नहीं हारी और सोमवार को पुरुषों की क्वाड्रपल स्कल्स में कांस्य पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया। परमिंदर ने अपने पिता के नक्शे-कदम पर चलते हुए एशियाई खेलों में पदक जीता, इसके 21 साल बाद इंद्रपाल सिंह ने बुसान 2002 में पुरुष कॉक्सलेस फोर में कांस्य पदक जीता था।

# भारत ने हांग्झोऊ में 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता

## भारत ने 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता

**हांग्झोऊ,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने यहां 19वें एशियाई खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, दिव्यांश सिंह पंवार और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ गौरव हासिल किया। भारतीय तिकड़ी ने 1893.7 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जिसमें रुद्रांश पाटिल, जिन्होंने पिछले साल 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता था, ने 632.5 अंक हासिल किए, पंवार ने 629.6 अंक का योगदान दिया और तोमर ने स्कोर में



631.6 अंक जोड़कर टीम प्रतियोगिता में कुल 1893.7 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कोरिया गणराज्य ने 1890.1 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता और मेजबान चीन ने 1888.2 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इस साल अगस्त में बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में चीनियों द्वारा बनाए गए 1983.3 के विश्व रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 1893.7 के कुल स्कोर पर शानदार शॉट लगाया। 10 शॉट के पहले राउंड की समाप्ति पर भारत 313.7 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर था जबकि चीन 315.0 के साथ बढ़त बना ली थी। कोरिया ने 311.3 के स्कोर के साथ शुरुआत की, जापान और बांग्लादेश क्रमश: 313.1 और 313.3 के साथ उनसे आगे रहे। भारत ने दूसरे राउंड में 315.9 का स्कोर किया और फिर अगले तीन राउंड में 313.7, 315.9, 318.7 और 315.8 के स्कोर के साथ मजबूती से आगे बढ़ा और स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहा।

# व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण नहीं जीत पाने से निराश हूं: ऐश्वर्य

**हांगझोऊ,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में सोमवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतना भारत के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर के लिए काफी नहीं रहा। 10 मीटर एयर राइफल टीम प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ दिव्यांश पंवार और रुद्राक्ष पाटिल सहित भारतीय टीम की जीत पक्की करने के बाद, तोमर ने व्यक्तिगत स्पर्धा में टीम के साथी रुद्राक्ष पाटिल को हराकर कांस्य पदक जीता। हालांकि, मध्य प्रदेश का 22 वर्षीय खिलाड़ी व्यक्तिगत प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाने से निराश है। तोमर ने फाइनल के बाद कहा, 'मैं थोड़ा निराश हूं क्योंकि मैं व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया, लेकिन मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने विश्व रिकॉर्ड के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता। शुरुआती दिन



दो पदक जीतना हमेशा मनोबल बढ़ाने वाला होता है। मैं अब 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में और अधिक आत्मविश्वास के साथ उतरूंगा। मुझे उस स्पर्धा में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।' 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में अपने साथियों के बारे में तोमर ने कहा कि दिव्यांश पंवार और रुद्राक्ष पाटिल दोनों परफेक्ट एथलीट हैं। अपने पिता को देखकर कम उम्र में ही शूटिंग शुरू करने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने कहा, 'अभी मेरा एक और मुकाबला है। इसलिए, जश्न के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन घर वापस जाने के बाद मैं अपने परिवार के साथ एक बड़ा जश्न मनाऊंगा' एशियाई खेलों के बाद, तोमर अपना ध्यान पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर लगाएंगे जिसमें उनके साथी रुद्राक्ष पाटिल पहले ही देश के लिए कोटा स्थान हासिल कर चुके हैं।

# तीसरे वनडे में भी नहीं खेलेंगे अक्षर पटेल, गिल-शार्दुल भी टीम से बाहर

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप में बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव से उबर रहे अक्षर पटेल 27 सितंबर को राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले सीरीज के तीसरे और अंतिम वनडे से बाहर हो गए हैं। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अक्षर पटेल तीसरे वनडे के लिए टीम में शामिल होने के लिए फिट नहीं हुए हैं और वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं। अक्षर का अभी तक भारतीय टीम में शामिल नहीं होने का मतलब है कि इससे रविचंद्रन अश्विन के विश्व कप टीम में शामिल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं, लेकिन रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि ऐसे संकेत हैं कि अक्षर विश्व कप



अभ्यास मैचों तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे। वहीं, रिपोर्ट्स के अनुसार शुभमन गिल और शार्दुल ठाकुर को राजकोट वनडे से आराम दिया गया है। इसमें कहा गया है, 'दोनों खिलाड़ियों में से कोई भी इंदौर से राजकोट की यात्रा नहीं करेगा।' भारत, जिसके पास पहले से ही तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त है। वो राजकोट में तीसरे वनडे के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या की वापसी से पूरी स्ट्रेंथ के साथ क्लीन स्वीप करना चाहेगी। चेन्नई में 8 अक्टूबर को विश्व कप के अपने पहले मैच से पहले यह दोनों टीमों के लिए अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

## गेंदबाजों की दरियादिली ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का विषय

**इंदौर।** पांच अक्टूबर को शुरू होने से क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज़ों का लचर प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिये चिंता का सबब बना हुआ है। हाल में संपन्न दक्षिण अफ्रीका सीरीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैचों में आस्ट्रेलिया गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा है। रविवार को इंदौर में भारतीय बल्लेबाज़ों ने उनकी जमकर पिटाई की और ऑस्ट्रेलिया को लगातार पांचवीं बार वनडे में हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 399 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। इससे पहले साउथ अफरीका ने लगातार वनडे मैचों में 416, 338 और 315 के स्कोर बनाए थे। इन चार मैचों में से तीन में खेले शॉन ऐबट ने भारत के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में 10 ओवर में 91 रन ख़र्च किए थे। ऐबट ने कहा, 'हमने एग्ज़िक्यूशन में लगातार गलतियां की हैं। यह कहना आसान है कि हम ऐसी हार से सीखेंगे और ख़ुद को बेहतर बनाएंगे, लेकिन हमें एक्ज़िक्युट बेहतर करना ही होगा।

# विश्व कप 2023 के ओपनिंग मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरीरष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की, कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप के पहले मैच के लिए ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। साल 2019 में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए वर्ल्ड कप फाइनल मैच का रिप्ले देखने का मौका फैंस को मिलने वाला है, क्योंकि वर्ल्ड कप- 2023 में इंग्लैंड-न्यूजीलैंड ग्रुप स्टेज क्लैश के लिए मंच तैयार है। इस मैच के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को घोषणा की कि कुमार धर्मसेना और नितिन मेनन ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। उनके साथ टीवी अंपायर पॉल विल्सन, चौथे अंपायर शाहिद सैकत और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ शामिल होंगे। 39 साल के मेनन, जो मेज़बान देश भारत से हैं वो टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के अंपायर होंगे। साथ ही शाहिद, अहसान रज़ा, एड्रियन होल्डस्टॉक, व्हार्फ और क्रिस ब्राउन के साथ पुरुष वनडे विश्व कप में डेब्यू कर रहे हैं। धर्मसेना ने 2015 में पुरुषों के 50 ओवर के क्रिकेट विश्व कप फाइनल में खेलने और अंपायरिंग करने वाले पहले व्यक्ति के रूप में इतिहास रचा, जबकि मेनन अपने पहले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप मैच में अंपायरिंग करेंगे।



## सार संक्षेप

### रोहन बोपन्ना, युकी भांबरी पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर

**हांगझोऊ।** एशियन गेम्स से पहले लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप-II प्लेऑफ में भारत को जीत दिलाने के कुछ दिनों बाद रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी एशियाई खेलों के पुरुष युगल प्रतियोगिता के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। टेनिस में भारत को बड़ा झटका लगा है। पहली वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी को उज्बेकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। बोपन्ना-भांबरी ने मैच को 6-2, 3-6, 6-1 से गंवा दिया। दिविज शरण के साथ 218 एशियाई खेलों में जकार्ता में पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बोपन्ना शानदार फॉर्म में हैं और इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन पुरुष युगल के फाइनल में पहुंचे थे। इसलिए, शीर्ष भारतीय जोड़ी के शुरुआती दौर में पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन दूसरे सेट के बाद से उन्हें संघर्ष करना पड़ा।

43 वर्षीय बोपन्ना युगल रैंकिंग में विश्व में सातवें स्थान पर हैं और युकी 65वें स्थान पर हैं। जबकि, फोमिन युगल में 349वें स्थान पर हैं और उनके साथी सुल्तानोव 494वें स्थान पर हैं। कागजों पर आंकड़े देखकर भारतीयों से उम्मीद की गई थी कि वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देंगे, लेकिन उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने शानदार लड़ाई लड़ी और भारत के खिलाफ एक बड़ी जीत दर्ज की।

फेड्रिको डीमार्को ने सीरी ए में इंटर मिलान के बेहतरीन रिकॉर्ड को कायम रखा

### इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की

**रोम।** इंटर मिलान ने रविवार को सेरी ए में अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की, जिसमें फेडरिको डिमार्को की शानदार स्ट्राइक ने टीम की जीत पक्की की। नए सीरी ए सीज़न की शुरुआत के बाद से इंटर शीर्ष फॉर्म में है और अपने पहले चार मैचों में चार जीत दर्ज की है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एम्पोली को लगातार हार का सामना करना पड़ा। वह अपने पिछले खेलों में स्कोर करने में विफल रही, जिसमें रोमा द्वारा 7- से हार भी शामिल थी। पहले हाफ में मेहमान टीम हावी रही लेकिन एम्पोली के डिफेंस को भेद नहीं पाई। 51वें मिनट में इंटर के लिए एक मौका बना और डिमार्को ने इसका पूरा फायाद उठाया और गोल दागा। इस जीत के साथ इंटर 15 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान से तीन अंक आगे है। अन्य मैचों में रोमा अपनी जीत की लय बरकरार नहीं रख सकी और टोरिनो ने उन्हें 1-1 से ड्रा पर रोक दिया। रोमेलु लुकाकु के शुरुआती गोल की बराबरी डुवान ज़पाटा ने की।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 4.64 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.23 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.60 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.44 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 0.92 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 1.42 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.17 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.10 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.70 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.67 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**चीनी-गुड़**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1800-2300 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1900-1950 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |


## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# वर्टेक्स हाइड्रोजन ब्रांड का नाम बदलकर ईईटी हाइड्रोजन करेगा

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। वर्टेक्स हाइड्रोजन ने घोषणा किया है कि वह अपने ब्रांड को ईईटी हाइड्रोजन में बदल रही है। उसका इरादा एस्सार ऑयल यूके (ईओयूके) की सहायक कंपनी से ईओयूके की एक सहयोगी कंपनी बनने और एस्सार एनर्जी ट्रांजिशन (ईईटी) पोर्टफोलियो का एक स्टैंडअलोन स्तंभ बनने का है। यह परिवर्तन प्रारंभिक चरण के विचार से यूके में अग्रणी हाइड्रोजन उत्पादन परियोजना तक कंपनी के विकास में एक स्वाभाविक प्रगति है। ईईटी हाइड्रोजन 2030 तक लगभग 4 जीडब्ल्यू कम कार्बन हाइड्रोजन प्रदान करने की महत्वाकांक्षा के साथ विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा, जो यूके सरकार के राष्ट्रीय लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत है। यह हाइड्रोजन व्यवसायों को जीवाश्म ईंधन से कम कार्बन ऊर्जा पर स्विच करने, महत्वपूर्ण उद्योगों और नौकरियों को सुरक्षित करने और बढ़ाने के अलावा अरबों पाउंड के निवेश को अनलॉक करने में सक्षम बनाएगा। एस्सार ने जनवरी 2022 में प्रोग्रेसिव एनर्जी लिमिटेड (पीईएल) के साथ एक




परिचालन सहायक कंपनी के रूप में वर्टेक्स हाइड्रोजन लिमिटेड (वीएचएल) की स्थापना की, जिसकी 90 प्रतिशत हिस्सेदारी ईओयूके के पास थी। वीएचएल विशेष रूप से ईओयूके की स्टैनलो साइट पर एचपीपी-1 और एचपीपी-2 कम कार्बन हाइड्रोजन उत्पादन संयंत्र विकसित करने पर केंद्रित था। ये संयंत्र पूरे उत्तर-पश्चिम में हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था और हाईनेट औद्योगिक डी-कार्बोनाइजेशन क्लस्टर के मध्य भाग के लिए उत्प्रेरक हैं। एचपीपी-1 और एचपीपी-2 का कुल आकार 1,350 मेगावाट तक है, एचपीपी-1 को यूके सरकार ने दो प्रारंभिक बड़े पैमाने पर कम कार्बन हाइड्रोजन परियोजनाओं में से एक के रूप में प्रगति के लिए चुना है। वीएचएल का प्रत्यक्ष स्वामित्व और एचपीपी-1 और एचपीपी-2 पर ध्यान केंद्रित है, लेकिन ईईटी हाइड्रोजन की ब्रांडिंग के तहत, जो अन्य हाइड्रोजन से संबंधित व्यवसायों को भी विकसित करेगा। ईईटी हाइड्रोजन के सीईओ जो सीफर्ट ने कहा, 'हमने पिछले साल अपना हाइड्रोजन व्यवसाय शुरू करने के बाद से बड़ी प्रगति की है। स्वाभाविक रूप से अगला कदम ईईटी हाइड्रोजन के लिए एक स्टैंडअलोन व्यवसाय बनाना है। हम विशाल अवसरों को भुनाना चाहते हैं। यह हमारे हाइड्रोजन प्लेटफॉर्म के भविष्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करता है क्योंकि हम महत्वाकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ते हैं।'

# गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एनएमडीसी ने जीता 'बेस्ट ऑर्गनाइजेशन अवॉर्ड'




**हैदराबाद,** 25 सितम्बर (देशबन्धु)। हैदराबाद में आयोजित 37वें वार्षिक चैप्टर कन्वेन्शन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स 2023 में राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी को 'बेस्ट ऑर्गनाईजेशन अवॉर्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। हैदराबाद और भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में अप्रतिम योगदान देने के लिए एनएमडीसी कोतेलंगाना राज्य की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई सुंदरराजन ने यह अवॉर्ड प्रदान किया। श्री एम. जयपाल रेड्डी, अधिशासी निदेशक (संसाधन योजना और पर्यावरण) और श्री व्ही. श्रीनिवास, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने एनएमडीसी की ओर से यह अवॉर्ड डॉ. जी. सतीश रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष, डीआरडीओ और पूर्व वैज्ञानिक सलाहकार की उपस्थिति में प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में क्वालिटी फोरम ऑफ इंडिया, हैदराबाद चैप्टर द्वारा कॉर्पोरेट भारत में गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन को दिशा देने में एनएमडीसी की भूमिका की सराहना की गई । इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी ने कहा, क्वालिटी सर्कल ने एनएमडीसी में उत्पादकता, दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हमें खुशी है कि हम एक उच्च कोटि का उदाहरण स्थापित करने में सफल हुए हैं कि किस तरह सहयोगात्मक मंच के माध्यम से औद्योगिक संस्कृति को मजबूत किया जा सकता है और हम इस आंदोलन को अपनी कंपनी और देश में बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में



अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 29 रिंगिट बढ़कर 3676 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की गिरावट के साथ 59.25 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# फोनपे ने लांच किया इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। फोनपे ने आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा करते हुये कहा कि इंडस ऐपस्टोर सभी एंड्रॉइड ऐप डेवलपर्स को स्व-सेवा डेवलपर प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने ऐप को पंजीकृत करने और अपलोड करने के लिए आमंत्रित करता है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन ऐप को जल्द ही लॉन्च होने वाले 'मेड-इन-इंडिया' इंडस ऐपस्टोर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो 12 भाषाओं में स्थानीय अनुभव प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से भारतीय ग्राहकों के लिए अनुकूलित है। पहले साल में, इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म पर ऐप लिस्टिंग मुफ्त होगी। इसके बाद नाममात्र वार्षिक शुल्क लागू होगा। इंडस ऐपस्टोर इन-ऐप पेमेंट के लिए डेवलपर से कोई प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लेगा। डेवलपर किसी भी





पेमेंट गेटवे को अपने ऐप में एकीकृत कर सकते हैं। इंडस ऐपस्टोर के सीपीओ एवं सह संस्थापक आकाश डोंगरे ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, भारत 2026 तक एक अरब से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार है, जो हमारे लिए एक आधुनिक, स्थानीयकृत एंड्रॉइड ऐप स्टोर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। इतना बड़ा उपभोक्ता बाज़ार होने के बावजूद, ऐप डेवलपर्स को अपने ऐप वितरित करने के लिए हमेशा केवल एक ऐप स्टोर गूगल ऐप स्टोर के साथ काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इंडस ऐपस्टोर को उम्मीद है कि वह ऐप डेवलपरों को गूगल प्लेस्टोर का एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेगा - जो अधिक स्थानीयकृत है और बेहतर ऐप खोज और उपभोक्ता जुड़ाव प्रदान करता है। हम आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, और सभी डेवलपर्स को मेड इन इंडिया ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित करते हैं।' इंडस ऐपस्टोर डेवलपरों को भारतीय एंड्रॉइड बाजार में प्रवेश करने के लिए एक वैकल्पिक वितरण चैनल प्रदान करेगा। यह उन्हें बहुभाषी ऐप खोज के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले उपयोगकर्ता अधिग्रहण में भी सहायता करेगा। स्टार्टअप और नए ऐप लॉन्च के लिए इंडस ऐपस्टोर के पास एक समर्पित गंतव्य 'लॉन्च पैड' होगा जो इन नए ऐप को बेहतर दृश्यता के साथ-साथ सर्वोत्तम खोज परिणाम भी देगा।

# सेंसेक्स और निफ्टी सपाट

**मुंबई,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक तक की तेजी के बावजूद इंफोसिस, एसबीआई, रिलायंस और टाटा मोटर्स समेत 15 अन्य कंपनियों में करीब डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट से आज सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ सपाट रहे। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 14.54 अंक बढ़कर 66023.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19674.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.46 प्रतिशत उछलकर 32,094.28 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 37,101.25 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3946 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1872 में लिवाली जबकि 1904 में बिकवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 24 कंपनियों में तेजी जबकि 25 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.23, सीडी 0.09, एफएमसीजी 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.46, हेल्थकेयर 0.13, बैंकिंग 0.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.43, धातु 0.11 और रियल्टी समूह के शेयर 1.56 प्रतिशत चढ़ गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 0.64, हांगकांग का हैंगसेंग 1.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान के निक्केई में 0.85 प्रतिशत की तेजी रही। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 74 अंक चढ़कर 66,082.99 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,764.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,225.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद फिर बिकवाली का दबाव बढ़ने से अंत में यह पिछले दिवस के 66,009.15 अंक के मुकाबले 0.02 प्रतिशत बढ़कर 66,023.69 अंक पर सपाट बंद हुआ।

निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,678.20 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,601.55 अंक के निचले जबकि 19,734.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.25 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 19,674.55 अंक पर सपाट रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फाइनेंस 4.64, बजाज फिनसर्व 2.23, कोटक बैंक 1.60, एशियन पेंट 1.44, अल्ट्रासिमको 0.92, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.72, एनटीपीसी 0.69, आईसीआईसीआई बैंक 0.65, टाटा स्टील 0.51, मारुति 0.45, नेस्ले इंडिया 0.42, टाइटन 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.16 और एक्सिस बैंक 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंफोसिस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, विप्रो 1.10, टीसीएस 0.70, एसबीआई 0.67, सन फार्मा 0.67, इंडसइंड बैंक 0.65, एचसीएल टेक 0.62, रिलायंस 0.59, एलटी 0.54, टाटा मोटर्स 0.40, टेक महिंद्रा 0.38, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.24, आईटीसी 0.14, भारती एयरटेल 0.13 और पावरग्रिड ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# 81 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाइन त्योहारी खरीद की तैयारी में

**नई दिल्ली,** 25 सितम्बर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में खरीददारी की तैयारी कर रहे लोगों में से अधिकांश से ऑनलाइन खरीददारी करने की इच्छा व्यक्त की है। नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए



एक अध्ययन के मुताबिक पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 81 प्रतिशत ग्राहकों ने इसे लेकर इस बार मजबूत इरादा और इच्छा व्यक्त की है। 78 प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक बड़े संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतर ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री प्रबंधक मनीष तिवारी ने कहा, 'त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं। एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित हैं, और इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 'अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल' 2023' पूरे भारत में उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध खरीदारी अनुभव, अविश्वसनीय कीमतें, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और उत्पादों का संग्रह और सुविधाएं पेश करेगा।

# इलेक्ट्रिक गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है नवाबों का शहर!

**लखनऊ,** 25 सितंबर(आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (एमो) हुआ है। कंपनी की ओर से दावा किया गया है कि इसे 18 माह में धरातल पर उतार देंगे। अगर ऐसा हुआ तो जानकर बताते हैं कि नवाबों का शहर इलेक्ट्रिक गाड़ी का मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है। जानकर बताते हैं कि अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटर सिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई

**उत्तर प्रदेश में हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का एक करार हुआ**




लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर ही लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

एमओयू के तहत अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी पर केंद्रित एक एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित करेगा, जो राज्य में अशोक लेलैंड का पहला संयंत्र होगा। साझेदारी के तहत, अशोक लेलैंड मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें वर्तमान में उपलब्ध ईंधन के साथ-साथ उभरते वैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित अन्य वाहनों को भी असेंबल करने की सुविधा होगी। अशोक लीलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह नवीन इकाई आगामी 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम आने वाले वर्षों में कंपनी डीजल बसों और वाणिज्यिक वाहनों के अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदलने की योजना पर काम कर रहे हैं। एसआरएम टाटा मोटर्स के सेल्स हेड अमित श्रीवास्तव कहते हैं कि कोई भी उद्योग निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। हिंदुजा की इकाई लगने से कई लाभ लोगों को मिलेंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसे ही वाहनों पर है। आटो क्षेत्र के विशेषज्ञ बताते हैं कि किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लेलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपए का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिन (एमो) हुआ। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के बाद से सर्वाधिक तेजी से उभरे सेक्टर्स में ऑटो इंडस्ट्री ही है। आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है।

**सार संक्षेप**

## मिनोशा ने लांच लेज़र प्रिंटरों की स्मार्ट रेंज

**नई दिल्ली।** रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटरों की नयी रेंज पेश की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत्वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैंः मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलने, उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। ये प्रिंटर में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। उसने कहा कि ये प्रिंटर उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस्तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं। नवीनता, बहुपयोगिता और सुरक्षा पर निरंतर फोकस के साथ मिनोशा इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत में व्यवसायों की गतिशील ज़रूरतों से आगे बढ़कर डिजाइन किये गए ऑफिस प्रिंटिंग समाधानों का एक नया युग आरम्भ कर रही है। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रेष्ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनरों का मजबूत नेटवर्क शामिल है। भारत में इस लेज़र प्रिंटर रेंज की कीमत 3` रुपए से शुरू हो रही है। मिहोशा इंडिया के प्रबंध निदेशक अतुल ठक्कर ने कहा कि मिनोशा इंडिया की स्थायी विरासत गुणवत्ता, भरोसे और पहुँच की बुनियाद पर खड़ी है। करीब तीन दशकों में इन सिद्धांतों ने हमारी पहचान को परिभाषित किया और उत्कृष्टता के प्रति हमारी निरंतर वचनबद्धता का मार्गदर्शन किया है। जैसा कि बाज़ार का जटिल गतिशील परिदृश्य लगातार विकास कर रहा है, हम इस समझ के साथ कि ये मूलभूत मूल्य ही हमारी प्रगति का पैमाना हैं, इन्हें बरकरार रखने के लिए दृढ़-संकल्प हैं।

## जेके टायर उत्तर प्रदेश में विस्तार के लिए तैयार

**लखनऊ।** देश के प्रमुख टायर निर्माता जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया है। राज्य में कंपनी की योजनाओं के बारे में बात करते हुए जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के प्रेसीडेंट अनुज कथूरिया ने कहा, 'उत्तर प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहां हर सेगमेन्ट में उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के साथ विकास की अपार संभावनाएं हैं। हम क्षेत्र में बाज़ार की बदलती ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक प्रोडक्ट्स लाकर राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हम क्षेत्र के आर्थिक, बुनियादी विकास के मद्देनज़र प्रगति को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं ताकि समुदाय और हमारे कारोबार दोनों को लाभ हो।' उन्होने कहा कि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विकास एवं उच्च-निवेश की परियोजनाओं के चलते टायर उद्योग के लिए ढेरों संभवनाएं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न सेगमेन्ट्स के वाहनों की संख्या सबसे अधिक है, राज्य कमर्शियल वाहनों एवं पैसेंजर कारों की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है।

# राहुल ने मुख्यमंत्री के साथ आवास सम्मेलन में लगाए गए विभिन्न स्टालों का किया अवलोकन







**बिलासपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। सांसद राहुल गांधी आज बिलासपुर जिले के ग्राम परसदा(सकरी) में आवास न्याय सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कार्यक्रम परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों से पूछा कि राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से कैसा महसूस हो रहा है।

खुश हो की नहीं? इस पर नांदघाट जिला बेमेतरा के हितग्राही श्री दिलहरण वर्मा ने बताया कि भूपेश सरकार की सामाजिक आर्थिक सर्वे सूची के माध्यम से उन्हें आवास की स्वीकृति मिली है। जिससे अब उनका आवास बनने का सपना साकार होगा। कबीरधाम जिले की राधा मरावी ने बताया कि उन्हें छोटा कमरा होने से गुजर बसर में काफी परेशानी होती थी। लेकिन अब छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास की स्वीकृति मिली है। जिससे वे काफी खुश हूं।

स्टाल के अवलोकन के दौरान श्री गांधी तथा मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों से मुलाकात की और पूछा कि आप लोगो को शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के रूप में चयन होने पर कैसा लग रहा है? इस दौरान नव नियुक्त शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्हें श्री गांधी और मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति प्रमाण पत्र मिलेगा। यह उनके लिए किसी सुखद अनुभव से कम नहीं है। नव नियुक्त शिक्षिका शिवांगी वर्मा ने बताया कि उनका चयन भंडारगांव उदयपुर के लिए हुआ है। जिससे वे बहुत ही ज्यादा खुश है।

- **स्टालों में हितग्राहियों से चर्चा कर विभिन्न हितग्राहीमूलक योजना का लाभ मिलने के संबंध में ली जानकारी**

स्टाल में श्री गांधी ने वन अधिकार पत्र, राजीव गांधी आश्रय योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से भी मुलाकात की और हितग्राहियों को विभिन्न हितग्राही मूलक योजना का लाभ मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्टाल अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास योजना के हितग्राहियों ने बताया कि आज उन्हें शासन द्वारा योजना के तहत आवास निर्माण के लिए 01-01 लाख का चेक मिला है।

इससे आवास निर्माण में मदद मिलेगी। इसी तरह सकरी बिलासपुर की सविता ने बताया कि लंबे समय से नगरीय क्षेत्र में निवासरत पट्टा का वन अधिकार पत्र नहीं होने के कारण घर बनाने में डर बना रहता था। लेकिन अब वह पट्टा का अधिकार पत्र मिलने से बिना किसी डर के अपना पक्का घर बना सकती है। उन्होंने कहा कि अधिकार पत्र मिलने पर बहुत अच्छा लग रहा है। राजीव गांधी आश्रय योजना की हितग्राही सुकृता पटेल ने कहा कि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत उन्हें नियमानुसार मालिकाना हक प्राप्त होगा, जिससे वह काफी खुश है। श्री गांधी ने मुख्यमंत्री के साथ नरवा विकास कार्यक्रम, हनी प्रोसेसिंग यूनिट और हर्बल उत्पाद से संबंधित लगाए गए स्टाल का भी अवलोकन किया और आवश्यक जानकारी ली।

## गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट समूह की महिलाओं ने गिफ्ट किया राहुल को

छत्तीसगढ़ सरकार की महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) योजना अंतर्गत नारी शक्ति समिति गनियारी की प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए गारमेंट फैक्ट्री का शुभारंभ सांसद राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। महिलाएं इन हाई स्पीड इलेक्ट्रॉनिक सिलाई मशीन से समय की बचत और उत्पाद में वृद्धि करके अपनी कमाई में वृद्धि कर सकेंगी। नारी शक्ति समूह की महिलाओं ने सांसद श्री राहुल गांधी को गारमेंट फैक्ट्री में बना कोट और मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को गारमेंट फैक्ट्री में बना कुर्ता पैजामा भी भेंट किया।


- **हाई स्पीड इले ट्रॉनिक सिलाई मशीन गारमेंट फै ट्री का राहुल व भूपेश ने किया शुभारंभ**

सांसद राहुल गांधी और मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क बिलासपुर द्वारा बनाए गए उत्पादों का निरीक्षण किया। श्री गांधी ने समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित गोबर पेंट के डिब्बे को खोलकर देखा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उन्हें बताया कि प्रदेश में महिलाओं और स्व सहायता समूह को गोबर पेंट निर्माण के माध्यम से अच्छी कमाई हो रही है। इस गोबर पेंट का उपयोग करके स्कूल और शासकीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य भी कराया जा रहा है। श्री गांधी ने समूह द्वारा अब तक निर्मित गोबर पेंट के अब तक उत्पाद निर्माण और किया जा रहे कार्यों की जानकारी भी ली। सदस्यों ने बताया कि रीपा योजना के माध्यम से उन्हें काफी लाभ हो रहा है और रीपा में वाईफाई की सुविधा भी दी गई है जो बहुत ज्यादा लाभप्रद है।

# प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को परेशान करके उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है कांग्रेस

### राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस सरकार पर लगाया आरोप

**बिलासपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा की राहुल गांधी के कार्यक्रम के द्वारा की जितनी भी प्राइवेट बसें हैं उन बसों को सरकार के द्वारा सीज कर दी गई है छुट्टी के लिए उनको नोटिस दिया गया है और बच्चों की परीक्षा चल रही है लेकिन जिस प्रकार से कांग्रेस के द्वारा सत्ता का दुरुपयोग किया जा रहा और सत्ता कि शक्ति का दुरुपयोग करके के सभी बसों को सीज करना यह सीधा-सीधा कांग्रेस के द्वारा बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है इसके पहले भी प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के द्वारा हम सभी ने देखा है कि जितने भी प्राइवेट स्कूलों के बसे थी उसको उस कार्यक्रम में उपयोग किया जा रहा था।



कांग्रेस को बच्चों की परीक्षा की परवाह बिलकुल नहीं है लेकिन उनके नेता के कार्यक्रम कैसे सफल हो इसकी चिंता उनको है और जिस प्रकार से कांग्रेस की सरकार बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

उन बच्चों के परिवार एवं प्रदेश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी वैसे भी छत्तीसगढ़ के जो सरकारी स्कूल हैं जिनका पूरे भारत देश में नीचे से नंबर आ रहा है और उनकी क्या स्थिति है यह पूरे प्रदेश की जनता जान रही है और केवल वाहवाही लूटने के लिए आत्मानंद स्कूल खोले हैं वह पुरी तरह से खराब हो चुकी है लेकिन जो प्राइवेट स्कूल संचालित कर रहे हैं।

आए दिन उनको परेशान कर रहे हैं और परेशान करके उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं यह बिल्कुल उचित नहीं है और इस पर उनको खुद को ध्यान देना चाहिए और उनके पास उनका वापस करना चाहिए।

# राहुल गांधी ने की एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच में सफर, यात्रियों से की चर्चा

**बिलासपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। राहुल गांधी परसदा में कार्यक्रम खत्म करने के बाद सीधे बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गए। यहां उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 7 से इंटरसिटी एक्सप्रेस में सवार होकर रायपुर के लिए रवाना हो गए। लेकिन रेलवे स्टेशन में उनकी मौजूदगी और ट्रेन का सफर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। क्योंकि ट्रेन के अंदर बैठे यात्रियों को इसकी भनक तक नहीं थी की राहुल गांधी उनके बीच स्लीपर कोच में बैठकर रायपुर तक सफर करेंगे।



दरअसल परसदा से उनका काफिला बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और गाड़ी से उतरकर राहुल गांधी स्टेशन के गेट नंबर 1 होते हुए सीधे प्लेटफार्म में पहुंचे तो पूरे स्टेशन में हलचल शुरू हो गई। प्लेटफार्म नंबर एक से वे 7 में पहुंचे। इस बीच उनके साथ प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिहदेव, नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया समेंत कई मंत्री और विधायक भी साथ थे। जैसे ही राहुल गांधी ट्रेन के पास पहुंचे यात्रियों ने उनका अभिवादन शुरू कर किया। राहुल गांधी भी यात्रियों से प्लेटफार्म में चर्चा करते हुए ट्रेन स्लीपर कोच में चढ़ गए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत सभी नेता राहुल के साथ कोच में चढ़ गए। कोच में बैठे यात्री अपने बीच राहुल को पाकर गदगद हो उठे। इसके बाद वो कोच नंबर 1 से लेकर 7 तक गए और यात्रियों से बात करते रहे। ट्रेनों की लेट लतीफी, मिलने वाली सुविधाओं, ट्रेनों के निरस्त होने से होने वाली परेशानियों को लेकर चर्चा का।

यात्रियों के बीच में जाकर वह आपातकालीन खिड़की की ओर बैठ गए और यात्रियों से ट्रेनों की लेटलतीफी वह अन्य समस्याओं की जानकारी। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सामने वाली सीट पर बैठे। इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन से छुटी। ट्रेन के रवाना होते ही राहुल गांधी प्लेटफार्म पर बैठे सभी यात्रियों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान जिला प्रशासन रेलवे प्रशासन समेत तमाम अधिकारी स्टेशन परिषर और ट्रेन में मौजूद नजर आए।

# मुख्य न्यायाधीश ने सपरिवार की भगवान गणेश की पूजा-अर्चना

- **वन्यायाधीश कालोनी तथा कर्मचारी आवासीय परिसर में विराजे गणपति पूजन में हुए शामिल**

**बिलासपुर,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय आवासीय परिसर, बोदरी, बिलासपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। न्यायाधीश कॉलोनी, एफ एवं जी टाईप आवासीय परिसर तथा एच व आई टाईप आवासीय परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है।

23 सितम्बर को मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा सपरिवार न्यायाधीश कॉलोनी में गणेश पूजा उपरांत एफ एवं जी टाईप आवासीय परिसर तथा एच व आई टाईप आवासीय परिसर में अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ गणेश पूजा में शामिल हुये। पूजा में मुख्य न्यायाधीश की उपस्थिति से उच्च न्यायालय के अधिकारी/कर्मचारियों में बहुत उत्साह दिखाई दिया। मुख्य न्यायाधीश का सपरिवार तिलक लगाकर पूजा कार्यकम में स्वागत किया गया। वे काफी समय तक अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ पंडाल में उपस्थित रहे। पूजा कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश सपरिवार तथा कर्मचारीगण आरती में हर्ष व उत्साह के साथ सम्मिलित हुये। मुख्य न्यायाधीश ने कार्यक्रम उपरांत प्रसन्नता जाहिर की। 28 सितम्बर को आवासीय परिसर में होने वाले वाली पूजा व भंडारे में भी उन्होंने शामिल होने की बात कही, जिस पर अधिकारी/कर्मचारीगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष उक्त आवासीय परिसरों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करते हुए गणेशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश के साथ रजिस्ट्रार जनरल अरविन्द कुमार वर्मा तथा एडिशनल रजिस्ट्रार सह पीपीएस एम.वी.एल.एन सुब्रहमण्यम भी उपस्थित रहे।



## मल्दा में हुई मवेशियों की मौत के बाद प्रशासन की टीम पहुँची गांव

**कसडोल/बलौदाबाजार**, 25 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड के ग्राम मल्दा में शनिवार को हुई मवेशियों की मौत के बाद प्रशासन की टीम सुबह ग्राम मल्दा पहुँची। इस दौरान तहसीलदार, जनपद की टीम सहित पशु विभाग की टीम मौके पर पहुँच कर पंचनामा बनाया। जिसमें ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों को मवेशियों की मौत होने की जानकारी दी। जिसके बाद अब गैर जिम्मेदार सचिव, सरपंच और गौठान अध्यक्ष के खिलाफकार्रवाई की जायेगी। इधर मवेशियों की मौत होने के तुरंत बाद ही जनपद के सीईओ हिमांशु वर्मा ने जांच समिति गठन कर ग्राम मल्दा के सचिव धनसाय कैवर्त को कारण बताओ नोटिस जारी कर पशुओं की मौत के संदर्भ में जानकारी नही देने सहित महानदी में पशुओं को बहाने के संदर्भ में नोटिस जारी कर स्वयं उपस्थित होकर जवाब देने को कहा गया है। साथ ही जवाब संतुष्ट जनक नही होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कहा गया है।

## बसंतपुर व तालकेश्वरपुर में एकसाथ खुली पीएनबी की शाखाएं

**बिलासपुर**, 25 सितंबर (देशबन्धु)। देश के सबसे बडे राष्ट्रीयकृत पंजाब नैशनल बैंक ने छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर उ.प्र. बॉर्डर के समीप के ग्रामीणो को त्वरित सेवा हेतु आज ग्रामपंचायत बसंतपुर व तालकेश्वरपुर शाखाओं का विधिवत उद्घाटन बिलासपुर मंडल प्रमुख मिलिंद खानखोजे द्वारा सरपंच व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। लोकार्पण के शुभ अवसर पर मुख्य प्रबंधक विवेक शर्मा, कस्टमर एक्यूजेशन सेल के वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल, शरद यादव, सुरक्षा प्रबंधक अभिषेक तिवारी, अशोक साहू, अमरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रिंस कुमार शाखा प्रमुख नितिन रॉबर्ट बारा, जी प्रभाकरन, विंध्याचल गुप्ता, विवेक एक्का, विवेक सिंह, अनमोल सहित विभिन्न स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

सरपंच ने पंजाब नैशनल के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए बताया कि राष्ट्रीयकृत बैंकों की वजह से ही भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से खड़ी हैं। उन्होंने पीएनबी के सर्वांगीण विकास में कदम से कदम मिलने की अपेक्षा व सहयोग का आश्वासन दिया। बिलासपुर मंडल के प्रमुख श्री मिलिंद खानखोजे ने बताया कि बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपतराय द्वारा 12 अप्रेल 1894 को भारतीय पूंजी से, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए स्थापित प्रथम स्वदेशी बैंक आज विशाल वृक्ष के रूप में विकसित हो गया हैं। इस अवसर पर मुख्य प्रबंधक विवेक शर्मा ने पीएनबी से नियमित सैलरी वाले प्रत्येक ग्राहक पीएनबी वन एप्प से मात्र चार क्लिक में घर बैठे दस लाख तक व्यक्तिगत ऋण ले सकते हैं। उन्होंने आम जनता से उपरोक्त लाभ लेने हेतु पीएनबी की नजदीकी शाखा में सम्पर्क करने का आग्रह किया हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए ललित अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान डिजिटल बैंकिंग के दौर मे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में शाखाएं खुलने से सम्पूर्ण क्षेत्र का विकास होगा। पहले ही दिन लगभग 21 लोगों ने बचत खाते खुलवाए। पंजाब नैशनल बैंक द्वारा केवल आधार कार्ड व पैन कार्ड के आधार पर ग्रामीणों के आवास पर तत्काल बचत खाते खोले जा रहे हैं। सम्मानित ग्राहकों को पीएनबी वन के द्वारा घर बैठे 24*7 बैंकिंग सुविधा, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, बीमा प्रोडक्ट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। *पीएनबी राहत* के तहत बजाज एलाइंस के सहयोग से मात्र रु 155/125 के प्रीमियम में 6/4 लाख के दुर्घटना बीमा के साथ 9 बीमारियों की वार्षिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री के आव्हान पर बलरामपुर जिले की जनता ने पीएनबी में पांच लाख से अधिक खाते खोलकर कीर्तिमान बनाया था। उन्ही ग्राहकों को बेहतर सेवा देने हेतु आज उक्त दोनों शाखाएं खोली गई हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं में घायलों का हो त्वरित उपचार: मुख्य सचिव

**रायपुर,** 25 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के त्वरित उपचार की व्यवस्था एवं सहायता सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने यह निर्देश आज यहां मंत्रालय में सड़क सुरक्षा परिदृश्य की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था सहित इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मुख्य सचिव ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग और राजमार्गों के आस-पास स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने यातायात शिक्षा एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए भी सभी जरूरी कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

- **मुय सचिव जैन ने सड़क सुरक्षा परिदृश्य की बैठक में दिए निर्देश**

मुख्य सचिव ने राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित मेडिकल कॉलेजों तथा जिला चिकित्सालयों में ट्रामा सेंटर की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा है कि जिलों के सभी अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए प्रारंभिक उपचार की व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को अस्पतालों में मौजूद चिकित्सा उपकरणों एवं एम्बूलेंस में मौजूद चिकित्सा उपकरणों का लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजमार्गों के आस-पास स्थित सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एम्बूलेंस अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इसकी समुचित व्यवस्था एवं निगरानी करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए है। इसी तरह से यातायात शिक्षा के तहत स्कूलों में यातायात शिक्षा के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रशिक्षण के संबंध में अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा भारत स्काउट गाईड के कैडेट्स एवं छात्रों के माध्यम से जागरूकता संबंधी कार्यों के साथ सुगम यातायात हेतु उनकी सेवाएं भी ली जा रही है। बैठक में सचिव परिवहन एस.प्रकाश, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन तथा सचिव चिकित्सा शिक्षा पी.दयानंद सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### NECC

| 26.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 525 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 540 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188